# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : सोमवार, 15 जून, 2026 | वर्ष -01 | अंक-119 | पृष्ठ-14 | मूल्य : 01 रु. | ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


## संक्षिप्त खबरें

### ट्रेन की चपेट में आने से चार यात्रियों की मौत

**मुरैना ।** मध्य प्रदेश के मुरैना जिले में रविवार शाम को हेतमपुर स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आने से चार यात्रियों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि आग लगने की अफवाह के बाद उदयपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस से नीचे उतरे चार यात्री दूसरी ट्रेन की चपेट में आ गए। मरने वालों में तीन महिलाएं और एक बच्चा शामिल है। बताया गया कि गाड़ी संख्या 19665 उदयपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस मुरैना से रविवार शाम करीब शाम 4 बजे धौलपुर की ओर रवाना हुई थी।

### सुपौल : दिनदहाड़े युवक की गोली मारकर हत्या

**सुपौल।** जिले के वीरपुर थाना क्षेत्र में रविवार को दिनदहाड़े एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वारदात उस समय हुई जब युवक स्थानीय दुकान पर बैठकर भूजा-पकौड़ी का नाश्ता कर रहा था। बाइक से पहुंचे हमलावरों ने उस पर ताबड़तोड़ फायरिंग की और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है।मृतक की पहचान बनेलीपट्टी पंचायत निवासी गोपाल मंडल के 32 वर्षीय पुत्र मिथिलेश कुमार मंडल के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही एसडीपीओ सुरेंद्र कुमार और वीरपुर थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंचे तथा जांच शुरू कर दी।

### महाराष्ट्र में तेज रफ्तार टेम्पो के कुएं में गिरने से 14 लोगों की मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र के सोलापुर के मालशिरस तहसील में तंदुवाड़ी गांव के पास रविवार को एक तेज रफ्तार टेम्पो के कुएं में गिर जाने से 14 लोगों की मौत हो गई है। घटना की जानकारी मिलते ही मालशिरस पुलिस मौके पर पहुंची और कुंए से शवों को निकाल कर अस्पताल भेजा गया। लेकिन डॉक्टरों ने सभी को मृत घोषित कर दिया है। हादसे में मरने वाले सभी भक्त पंढरपुर के रंजनी गांव के रहने वाले थे। इस भयानक हादसे के बाद पूरे पंढरपुर में मातम पसर गया है।

### रोहतास में एटीएम की लूट 32 लाख कैश लेकर फरार

**रोहतास।** रोहतास में बेखौफ बदमाशों ने फिल्मी अंदाज में एटीएम लूट की सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया है. इस घटना ने इलाके की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के मुताबिक जिले के कोचस थाना क्षेत्र के बस डिपो के पास स्थित एक्सिस बैंक के एटीएम में चोरों ने भीषण चोरी कर ली. बदमाशों ने महज 8 मिनट में इस बड़ी वारदात को अंजाम दिया और फिर कैश लेकर रफूचक्कर हो गए. अपराधी गैस कटर से एटीएम का कैश बॉक्स काटकर उसमें रखे 32 लाख से अधिक कैश निकाल कर फरार हो गए।

# छात्रों ने पाटलिपुत्र स्टेशन पर जमकर किया पथराव व तोड़फोड़, कई ट्रेनें रोकीं

## व्यवस्थाएं सही नहीं होने के कारण उग्र हुए छात्र, आईजी के गर्दन पर मारा पत्थर, पुलिस ने फायरिंग की, 6 गिरफ्तार

### बिहार मद्य निषेध सिपाही भर्ती परीक्षा

**पटना (एनएसबी)।** रविवार को बिहार मद्य निषेध सिपाही भर्ती परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा शुरू होने से पहले शनिवार की देर रात पाटलिपुत्र रेलवे स्टेशन पर छात्रों ने अव्यवस्था का आरोप लगाते हुए जमकर उत्पात मचाया। व्यवस्थाओं से नाराज छात्र ट्रेन के इंजन पर चढ़ गए। छात्रों ने ट्रैक पर उतरकर ट्रेनें रोक दीं।

यात्री ट्रेनों पर पथराव भी किया गया। वहीं स्टेशन पर दुकानों, परीक्षा स्पेशल ट्रेन में तोड़फोड़ की। इसके चलते कांच के टुकड़े स्टेशन पर बिखर गए। मौके पर पहुंची पुलिस पर भी पत्थर फेकें गए। इसमें सेंट्रल रेंज के आईजी जितेंद्र राणा की गर्दन पर चोट आई है। मामला इतना बढ़ गया कि अभ्यर्थियों को हटाने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे, फायरिंग करनी पड़ी। इस मामले में 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आईजी जितेन्द्र राणा ने कहा कि पाटलिपुत्र स्टेशन पर हंगामा-पथराव करने वालों की पहचान की जा रही है।





### पटना जं. पर भी लौटने वाले छात्रों की भीड़ बढ़ी

पाटलिपुत्र स्टेशन पर हुए बवाल के बाद पटना जंक्शन पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। आरपीएफ और जीआरपी के वरिष्ठ अधिकारी खुद स्टेशन परिसर की निगरानी करते रहे। इसके अलावा बिहार पुलिस की भी तैनाती की गई थी। सिपाही भर्ती की पहली पाली की परीक्षा खत्म होने के बाद पटना जंक्शन पर छात्रों की भीड़ बढ़ गई। पटना जंक्शन से अलग-अलग जिलों के लिए स्पेशल ट्रेन की व्यवस्था की गई है। उधर, पाटलिपुत्र स्टेशन पर बवाल के बाद से पटना पुलिस कैंप करती रही। शाम को परीक्षा खत्म होने के बाद अभ्यर्थी घर लौटने के लिए स्टेशन पहुंचे।

### ट्रेनिंग में अचानक ट्रैक पर गिरी 11 महिला प्रशिक्षु सिपाही

**सासाराम।** रोहतास में आज उस समय अफरातफरी मच गई, जब 16 किलोमीटर की दौड़ के दौरान एक-एक करे महिला प्रशिक्षु सिपाही गिर कर बेहोश होने लगी. आनन फानन में सभी को इलाज के लिए डेहरी ऑन सोन स्थित अनुमंडलीय अस्पताल में एडमिट कराया गया.बेहोश महिला प्रशिक्षुओं को कुछ देर इलाज के बाद उन्हें सदर अस्पताल सासाराम रेफर कर दिया गया. वहीं, कुछ का अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज चल रहा है. बताया जाता है कि डेहरी के इरअढ-2 के पुलिस ट्रेनिंग कैंप में 16 किलोमीटर दौड़ के ट्रेनिंग के दौरान 11 प्रशिक्षु महिला सिपाही बेहोश हुई थीं.इनमें 4 महिला प्रशिक्षु सिपाहियों को गंभीर स्थिति में सासाराम रेफर किया गया है।

ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई होगी।

मौके पर पहुंचे पटना डीएम डॉ. त्यागराजन ने बताया कि आधी रात के करीब हमें खबर मिली कि कुछ लोग हंगामा कर रहे हैं। हमने उनसे गुजारिश की कि वे हंगामा न करें और परीक्षार्थियों का सहयोग करें। कुछ असामाजिक तत्वों ने बार-बार इमरजेंसी चेन खींची और तरह-तरह की मांगें रखीं, जैसे कि स्पेशल ट्रेनों की मांग, जबकि पहले से ही दो स्पेशल ट्रेनें चलाई गई थीं। त्यागराजन ने यह भी बताया कि प्रदर्शनकारियों ने उन

### हालत सामान्य और नियंत्रण में : सीपीआरओ

पाटलिपुत्र रेलवे स्टेशन पर हुई पत्थरबाजी की घटना पर हाजीपुर के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) सरस्वती चंद्र ने बताया कि शनिवार रात बिहार आबकारी कांस्टेबल परीक्षा देने आए बड़ी संख्या में उम्मीदवार पाटलिपुत्र स्टेशन पर मौजूद थे। उन्होंने एक ट्रेन (ट्रेन नंबर 2488) को रोक दिया और कई छात्र उसमें सवार हो गए। हालांकि, उनमें से कुछ छात्रों ने हंगामा करने की कोशिश की। सिविल पुलिस के अनुसार, ऐसे लगभग 150 लोग थे। रेलवे ने छात्रों के लिए सुबह 2:30 बजे कटिहार के लिए एक विशेष ट्रेन की व्यवस्था की थी, यह ट्रेन आखिरकार सुबह 5:47 बजे रवाना हुई। स्थिति अब पूरी तरह से सामान्य और नियंत्रण में है।

# 20 नवंबर तक 2.5 लाख लाभार्थियों के घर पर लगाएं सौर ऊर्जा संयंत्र : सीएम

## ऊर्जा प्रक्षेत्र की कई परियोजनाओं का कार्यारंभ, उद्घाटन एवं लोकार्पण

**पटना (एनएसबी)।** रविवार का दिन बिहार के ऊर्जा प्रक्षेत्र के लिए ऐतिहासिक रहा। नई सरकार के 60 दिन पूरे होने पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने विद्युत भवन में आयोजित समारोह में कई परियोजनाओं का कार्यारंभ, उद्घाटन एवं लोकार्पण किया। इन परियोजनाओं में हरित ऊर्जा, विद्युत वितरण, संचरण तथा उत्पादन से जुड़ी महत्वपूर्ण योजनाएं शामिल है। इस अवसर पर विद्युत वितरण कंपनियों में एनर्जी अकाउंटिंग प्रक्रिया की भी शुभारंभ की गई। इसके तहत स्मार्ट प्रीपेड मीटरिंग परियोजना के आधार पर फीडर, ट्रांसफार्मर एवं उपभोक्ता स्तर तक ऊर्जा अकाउंटिंग आती है। इससे विद्युत आपूर्ति, खपत एवं ऊर्जा हानियों की निगरानी अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी होगी। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ऊर्जा मंत्री शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल ने किया।

सीएम सम्राट चौधरी ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत 1,512 करोड़ रू. की लागत से राज्य के 2.5 लाख कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं के घरों की छत पर सौर ऊर्जा संयंत्र के अधिष्ठापन का कार्यारंभ किया। यह योजना स्वच्छ एवं नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के साथ-साथ आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में सशक्त बनाएगी। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री ने ऊर्जा प्रक्षेत्र की 1,278 करोड़ लागत वाली 140 परियोजनाओं का भी कार्यारंभ, उद्घाटन एवं लोकार्पण किया। इन परियोजनाओं से राज्य की विद्युत अवसंरचना को मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आज गरीबों के लिए पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत ऐतिहासिक कार्य किया जा रहा है। ऊर्जा विभाग की उपलब्धि के कारण बिहार में सवा दो करोड़ बिजली उपभोक्ता हो चुके है। मुख्यमंत्री ने इस साल ऊर्जा विभाग को 20 नवंबर तक 2.5 लाख लाभार्थियों के घर पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने का कार्य पूरा करने का लक्ष्य के साथ ही अगले वर्ष 20 नवंबर 2027 तक 25 लाख घरों के छत पर मुफ़्त सौर संयंत्र लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया। उन्होंने बिहार के ऊर्जा विभाग और ग्रामीण कार्य विभाग की सराहना करते हुए कहा कि इन दोनों क्षेत्रों में अद्भुत और बेहतरीन परिवर्तन किया है, जो पूरे देश में प्रथम स्थान पर है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने राज्य के विभिन्न जिलों के पीएम सूर्य घर योजना के लाभार्थियों के साथ संवाद किया। मुख्यमंत्री ने पम्प स्टोरेज पावर प्रोजेक्ट की चर्चा करते हुए कहा कि इस परियोजना का बिजली उत्पादन में उपयोग हो ताकि रात में सस्ती बिजली का उत्पादन हो सके। वहीं उपमुख्यमंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने कहा कि बिहार ने ऊर्जा के क्षेत्र में उल्लेखनीय परिवर्तन किया है। हम बिजली को मांग को पूरा करने में सफल हो चुके है। अब नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के लिए राज्य सरकार संकल्पित है । वहीं ऊर्जा मंत्री शैलेश कुमार ने कहा कि आज 2.5 लाख कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं के घरों की छत पर पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत पूर्णतः निःशुल्क सोलर पैनल लगाने का कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। हमारी योजना वर्तमान की नहीं है बल्कि ऊर्जा विभाग 30 वर्ष के आगामी लक्ष्य को निर्धारित की हुई है। कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों का स्वागत ऊर्जा सचिव अजय यादव ने किया।



### मुख्यमंत्री ने खरीफ महाभियान-2026 का किया शुभारंभ

**किसान जागरूकता वाहनों को दिखायी हरी झंडी**

**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने 01 अणे मार्ग से किसान जागरूकता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर शारदीय (खरीफ) महाभियान-2026 का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने शारदीय (खरीफ) महाभियान से संबंधित 2 कृषि ज्ञान वाहन सहित सभी जिलों के लिए किसान जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस किसान जागरूकता वाहन द्वारा किसानों को खरीफ मौसम से संबंधित सभी योजनाओं की जानकारी देते हुए उन्हें जागरूक किया जाएगा। किसानों को खरीफ फसलों की तकनीकी जानकारी दी जायेगी। खरीफ मौसम में कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं तथा खरीफ में अनुदानित दर पर उपादान वितरण की जानकारी दी जायेगी।

# नालंदा: ट्रक-ऑटो की टक्कर में बच्ची समेत तीन की मौत

**बिहारशरीफ (एनएसबी)।** नालंदा में भीषण सड़क हादसो हो गया. ट्रक और ऑटो की भीषण टक्कर में एक बच्ची सहित 3 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई. जबकि एक दर्जन लोग जख़्मी हो गए. घायलों में 3 की हालत नाजुक है. सभी जख्मी लोगों को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर विम्स पावापुरी रेफर किया गया है. घटना छबिलापुर थाना क्षेत्र साइडपर के.के पॉलिटेक्निक कॉलेज के पास की है.मृतकों की पहचान गया जी जिले के चाकंद थाना क्षेत्र गन्नू बिगहा गांव निवासी राज किशोर रविदास की 6 वर्षीय पुत्री शिवानी कुमारी और बसंत रविदास की 60 वर्षीय पत्नी रानी देवी, जबकि एक नालंदा जिले के खुदागंज थाना क्षेत्र कोचरा गांव निवासी विजय रविदास का 25 वर्षीय पुत्र गुड्डू कुमार शामिल है.घायलों में गया जी जिले के चाकंद गांव निवासी 32 वर्षीय पूजा कुमारी, 03 वर्षीय अंकुश कुमार, 55 वर्षीय राज किशोर रविदास और नालंदा जिले के खुदागंज थाना क्षेत्र कोचरा गांव की 14 वर्षीय गौरी कुमारी, 10 वर्षीय चंद्रमुखी कुमारी, 07 वर्षीय चांदो कुमारी, 55 वर्षीय झंमुन्नी देवी, काजल कुमारी, रॉकी कुमार, बैजनाथ रविदास जख्मी हैं।



# ज्ञान बिंदु के डायरेक्टर रौशन आनंद की भाई की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

**नेपाल के विराटनगर स्थित होटल में मिला शव, 5 हिरासत में**

**पटना (एसएनबी)।** खान सर कोचिंग विवाद मामले में जेल में बंद ज्ञानबिंदु कोचिंग के डायरेक्टर रौशन आनंद के भाई प्रिंस यादव का शव नेपाल के विराटनगर के एक होटल में मिला है। प्रिंस की आंख पर चोट के निशान हैं। बताया जा रहा है कि शव में जहर का अंश भी पाया गया है। नेपाल पुलिस ने इस मामले में 5 लोगों को हिरासत में लिया है। बता दें 2 जून को खान सर कोचिंग में हुए हमले के बाद खान सर उर्फ फैजल खान की ओर से कराई गई एफआईआर में प्रिंस भी नामजद आरोपी था। एफआईआर होने के बाद अपने 6-7 दोस्तों के साथ प्रिंस नेपाल में रह रहा था। देर रात उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मामले की जानकारी मिलते ही रौशन आनंद के परिजन नेपाल के लिए रवाना हो गए हैं। प्रिंस पर 2021 में भी खान सर की कोचिंग पर हमले का आरोप था। प्रिंस यादव के चाचा मनोज सिंह ने बताया कि रविवार की सुबह सोशल मीडिया के जरिए घर वालों को प्रिंस यादव की मौत की जानकारी मिली।

# TMC के बागी सांसद नेशनलिस्ट सिटिजंस पार्टी में होंगे शामिल

## बंगाल BJP प्रभारी और लोकसभा स्पीकर से मिले, काकोली बोलीं- NDA को हमारा समर्थन

**नई दिल्ली (एजेंसी) ।** अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस में चल रहे घमासान के बीच रविवार को पार्टी के सभी बागी सांसदों ने रविवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से उनके आवास पर मुलाकात की और एक पत्र सौंपकर सदन में अलग स्थान देने की मांग की। इसके साथ सभी बागी सांसदों ने नेशनलिस्ट सिटिजंस पाटी में विलय का फैसला किया है।

लोकसभा अध्यक्ष से मुलाकात के बाद बागी तृणमूल कांग्रेस सांसद काकोली घोष दस्तीदार ने मीडिया को बताया कि अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस से निर्वाचित 20 सांसदों ने अध्यक्ष को एक पत्र सौंपकर लोकसभा में अलग बैठने की अनुमति मांगी है। काकोली घोष दस्तीदार ने कहा कि ये 20 सांसद पार्टी की कुल संसदीय ताकत के दो-तिहाई से अधिक हैं। उन्होंने कहा कि सभी सांसदों ने मिलकर नेशनलिस्ट सिटिजंस पार्टी में विलय का फैसला किया है। उन्होंने कहा, "हम देशहित में काम करेंगे और आगे प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन एनडीए के साथ मिलकर सहयोग करेंगे।"बागी सांसदों ने यह कदम दलबदल विरोधी कानून से बचने के लिए उठाया है। इस फैसले से अपनी सांसदी बचाने की रणनीति तैयार की गई है। उल्लेखनीय है कि नेशनलिस्ट सिटीजन्स पार्टी मुख्य रूप से त्रिपुरा आधारित एक क्षेत्रीय राजनीतिक दल है। पूर्वोत्तर के राज्यों, विशेषकर त्रिपुरा, असम और पश्चिम बंगाल के कुछ इलाकों में इस पार्टी का राजनीतिक आधार माना जाता है। यह कोई बहुत बड़ी या राष्ट्रीय स्तर की मुख्यधारा की पार्टी नहीं है, बल्कि एक छोटी और कम चर्चित पार्टी है।



# नीतीश कुमार के करीबी पीके शाही का इस्तीफा

**पटना (एनएसबी)।** बिहार के महाधिवक्ता पीके शाही ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। 14 जनवरी 2023 में ललित किशोर के महाधिवक्ता पद से इस्तीफा देने के बाद उन्होंने राज्य के महाधिवक्ता पद की जिम्मेदारी संभाली थी. वह पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खास लोगों में शामिल हैं. ऐसे में इस इस्तीफे के बाद नई चर्चा शुरू हो गई.नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री काल में पीके शाही 2005 से 2010 तक भी बिहार के महाधिवक्ता रह चुके हैं. नीतीश कुमार ने उनको 2010 से 2015 तक बिहार शिक्षा मंत्री भी बनाया. 2023 में पीके शाही बिहार के 22वें महाधिवक्ता के रूप में जिम्मेवारी संभाली थी लेकिन अब बिहार में सम्राट चौधरी की सरकार बनने के बाद पीके शाही ने इस्तीफा देने का बड़ा फैसला लिया है.नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री काल में पीके शाही 2005 से 2010 तक भी बिहार के महाधिवक्ता रह चुके हैं।

# फ्रांस के निवेशकों को भारत की विकास यात्रा से जुड़ने का न्योता : पीएम मोदी

**नीस (फ्रांस) (एजेंसियां)।** भारत और फ्रांस के बीच मनाए जा रहे 'नवाचार वर्ष' (इयर ऑफ इनोवेशन) के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने रविवार को 'भारत इनोवेट्स' कार्यक्रम का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया।

इस आयोजन से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने वैश्विक स्तर के प्रमुख निवेशकों और वेंचर कैपिटल (जोखिम पूंजी) प्रतिनिधियों से भी मुलाकात की और भारत में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर सिलसिलेवार पोस्ट कर इस कार्यक्रम और मुलाकातों की जानकारी साझा की। उन्होंने राष्ट्रपति मैक्रों का आभार जताते हुए लिखा कि 'मेरे मित्र राष्ट्रपति मैक्रों, नीस में आपसे दोबारा मिलकर बेहद खुशी हुई। 'भारत इनोवेट्स' कार्यक्रम में भाग लेने के लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूँ क्योंकि हमारे दोनों देश मिलकर 'नवाचार वर्ष' मना रहे हैं।' एक अन्य पोस्ट में प्रधानमंत्री ने निवेशकों के साथ हुई बैठक को बेहद समृद्ध और दूरदर्शी बताया। उन्होंने लिखा कि 'भारत इनोवेट्स 2026' में हुई चचाएं काफी ज्ञानवर्धक रहीं। इस दौरान निवेशकों और वेंचर कैपिटल लीडर्स के साथ नवाचार, प्रौद्योगिकी (टेक्नोलॉजी), विनिर्माण (मैन्युफैक्चरिंग) और उभरते क्षेत्रों में भारत द्वारा पेश किए जा रहे असीमित अवसरों पर बातचीत हुई। प्रधानमंत्री ने भारत को निवेश का सबसे आकर्षक केंद्र बताते हुए लिखा कि 'भारत की विकास यात्रा देश की प्रतिभा, बड़े पैमाने (स्केल), स्थिरता और निरंतर हो रहे सुधारों (रिफॉर्म्स) से संचालित है। यही खूबियां भारत को वैश्विक निवेश और नवाचार के लिए एक पसंदीदा और आकर्षक गंतव्य बनाती हैं।' इसी संदेश को प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर फ्रेंच भाषा में भी साझा किया।



# सिपाही भर्ती परीक्षा में 7 गिरफ्तार 10 अभ्यर्थियों पर प्राथमिकी दर्ज

**पटना/ एनएसबी।** रविवार केंद्रीय चयन पर्षद की विज्ञापन संख्या 03/2025 के तहत (1) मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग, में मद्य निषेध सिपाही, (2) कारा एवं सुधार सेवाएँ निरीक्षणालय, गृह विभाग (कारा) में कक्षपाल एवं (3) परिवहन विभाग में चलंत दस्ता सिपाही के 4,236 पदों पर चयन हेतु प्रथम चरण में अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा राज्य के सभी जिलों में कुल 544 परीक्षा केन्द्रों पर दो पाली में दस बजे पूर्वाह्न से 12 बजे मध्याहन तथा तीन बजे अपराहन से पांच बजे अपराहन तक आयोजित की गयी। इस परीक्षा में कुल 11,04,473 अभ्यर्थी पंजीकृत किए गए । रविवार की लिखित परीक्षा हेतु दो पाली में कुल 5,52,236 अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र निर्गत किया गया था।

एडीजी जितेंद्र कुमार के मुताबिक जिला पदाधिकारियों एवं जिला पुलिस अधीक्षकों के नेतृत्व में जिला स्तर पर व्यापक सुरक्षा व्यवस्थाएं की गई और परीक्षा केन्द्रों पर अभ्यर्थियों के प्रवेश पूर्व जाँच सख्ती से निष्पादित की गयी।

परीक्षा के दौरान सभी अभ्यर्थियों का बयोमेट्रिक विधि से अंगूठे का निशान, फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी करायी गई और परीक्षा कदाचारमुक्त संपन्न कराने हेतु पर्षद द्वारा सीसीटीवी की लाईव स्ट्रीमिंग द्वारा निगरानी की गयी, इस हेतु पर्षद मुख्यालय में कमांड एंड कंट्रोल रूम बनाया गया है। सभी परीक्षा केन्द्रों को जैमर से आच्छादित किया गया था।लिखित परीक्षा कदाचारमुक्त वातावरण में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करायी गयी।

प्राप्त सूचना के अनुसार कदाचार के आरोप में 10 अभ्यर्थी संलिप्त पाये गये हैं, जिनमें से 07 को गिरफ्तार किया गया तथा 10 अभ्यर्थियों पर प्राथमिकी दर्ज किया गया है।

# पटना एएन कॉलेज में गूंजा भर ले उड़ान का जश्न

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** कला और संस्कृति को समर्पित बिहार के सबसे बड़े युवा मंच भर ले उड़ान ने पटना के एएन कॉलेज में अपने 10वें सीजन का भव्य आयोजन किया। एक दशक से यह मंच बिहार के युवाओं को कला, संस्कृति और रचनात्मक अभिव्यक्ति के क्षेत्र में पहचान दिलाकर राज्य और देश का गौरव बढ़ा रहा है।

कार्यक्रम का शुभारंभ पटना की मेयर सीता साहू ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि ऐसे मंच युवाओं की प्रतिभा को निखारने और उन्हें नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद भीम सिंह ने भर ले उड़ान की सराहना करते हुए कहा, बेटियां बिहार की गरिमा बढ़ाकर देश का नाम रोशन कर रही हैं। उन्होंने मंच की अध्यक्ष कोमल पांडे और सचिव स्वीटी पंडित के प्रयासों की विशेष प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में यह मंच लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहा है।

बिहार भाजपा के मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल ने प्रतिभागियों के अभिभावकों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों की सफलता में परिवार का योगदान सबसे महत्वपूर्ण होता है।

फुलवारी के विधायक एवं पूर्व मंत्री श्याम रजक ने कहा कि कला और संस्कृति समाज को जोड़ने का सबसे सशक्त माध्यम है और भर ले उड़ान जैसी पहल युवाओं के सपनों को साकार करने का कार्य कर रही है।

नमो ऐप के सहसंयोजक सौरभ भारती पासवान ने कहा, यह मंच सिर्फ हौसला नहीं, पहचान भी देता है। उन्होंने युवाओं को अपने सपनों को साकार करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का संदेश दिया।

पटना की महापौर रश्मि ने बिहार की सांस्कृतिक एकता और समृद्ध विरासत का उल्लेख करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन राज्य की प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



10 साल, 10 सीजन : बिहार की प्रतिभा को मिला राष्ट्रीय मंच।

साइबर पटना के डीएसपी नितीश चंद्र धैर्या ने युवाओं को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए डिजिटल दुनिया में सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि तकनीक का सुरक्षित और सकारात्मक उपयोग समय की आवश्यकता है।

कार्यक्रम में गोल्ड मैन ऑफ बिहार के नाम से प्रसिद्ध प्रेम सिंह की उपस्थिति भी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। उन्होंने युवाओं को मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने का संदेश दिया तथा कहा कि भर ले उड़ान जैसी पहलें बिहार की प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रही हैं।

राजवंशी चौधरी की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। वहीं यूनियन न्यूज अफ इंडिया (यूएनआई) के प्रेम कुमार विशेष अतिथि (स्पेशल गेस्ट ऑफ ऑनर) के रूप में उपस्थित रहे।

सचिव स्वीटी पंडित ने कहा, इस मंच से बिहार की प्रतिभा पूरे देश में गौरवान्वित हो रही है। वहीं अध्यक्ष कोमल पांडे ने कहा, युवाओं की कला को देश में पहचान दिलाने के लिए जीवन समर्पित है।

प्रतियोगिता में सृष्टि गुप्ता, आर्यन राज, आयुष राज, आदर्श शर्मा, सौम्या, अनिका, आराध्या, आदिश और अनामिका ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का दिल जीत लिया। आयोजकों के अनुसार बिहार के हर जिले से 500 से अधिक समूहों और प्रतिभागियों ने कार्यक्रम में भाग लिया, जिन्हें सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में टीम भर ले उड़ान की सदस्य हर्षिता, गुड़िया, प्रिया, कंचन और शशि शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। मंच संचालन समीर मलिक ने किया।

## खबरें : एक नजर में

### टीचर खान की कोचिंग पर पुलिस ने नोटिस चस्पा किया पूछताछ के लिए कई बुलाने पर भी नहीं पहुंचे

**पटना / एनएसबी।** पुलिस ने टीचर खान की कोचिंग पर नोटिस चस्पा किया है। कदमकुंआ पुलिस टीम के साथ रविवार दोपहर नोटिस चिपकाने पहुंची थी। यह नोटिस खान ग्लोबल स्टडीज के तीन स्टाफ अंकित कुमार पांडेय, अजीत कुमार और कन्हैया कुमार सिंह के खिलाफ जांच में सहयोग नहीं करने की वजह से जारी किया गया है।

नोटिस में बताया है कि 2 जून को खान के कोचिंग के बाहर मारपीट और फायरिंग मामले में रविवार शाम 4 बजे तक पूछताछ के लिए बुलाया गया था। कई बार मौखिक, लिखित और वट्सएप के जरिए पूछताछ में सहयोग करने के लिए कहा गया। इसके बावजूद भी तीनों स्टाफ अब तक थाने नहीं पहुंचे हैं।

पुलिस के मुताबिक, पुलिस की ओर से तीनों से वीडियो फुटेज और दूसरे साक्ष्य मांगे गए थे, लेकिन अभी तक उपलब्ध नहीं कराया जा सका है। इस परिस्थिति में पुलिस कोर्ट में सबूत छिपाने और उसके साथ छेड़छाड़ का आरोप लगाकर वादा खिलाफी का रिपोर्ट जमा कर सकती है। इस बीच खान ग्लोबल स्टडीज के बाहर एहतियातन सुरक्षा बढ़ा दी गई है। कोचिंग के बाहर भारी तादाद में पुलिसकर्मी को तैनात कर दिया गया है।

कन्हैया सिंह की ओर से ज्ञान बिंदु एकेडमी के रौशन आनंद, प्रिंस (मृतक), अभिषेक और अन्य के खिलाफ खान ग्लोबल स्टडीज की ओर से कदमकुआं थाने में शिकायत दर्ज कराई थी।

कन्हैया सिंह खान ग्लोबल स्टडीज में मैनजमेंट का हिस्सा है। वहीं अंकित कुमार पांडेय और अजीत कुमार खान ग्लोबल स्टडीज के ही कर्मी हैं।

### पूर्व विधान पार्षद अनवर अहमद के निधन पर राजद नेताओं ने गहरे रंजो- गम का इजहार किया है

**पटना / एनएसबी।** पूर्व विधान पार्षद अनवर अहमद के निधन पर राजद नेताओं ने शोक व्यक्त किया है। राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद, मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ,सांसद डा मीसा भारती, प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जगदानंद सिंह, उदय नारायण चौधरी, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अली अशरफ फातिमी, डा कांति सिंह, श्री जयप्रकाश नारायण यादव, राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, सैयद फैसल अली, बिनु यादव, राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता प्रो मनोज कुमार झा, सांसद सुरेंद्र प्रसाद यादव, सुधाकर सिंह, संजय यादव, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष डा सुनील कुमार सिंह, राष्ट्रीय सचिव कार्तिकेय सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, डा तनवीर हसन, पूर्व मंत्री आलोक कुमार मेहता, डा मो शमीम अहमद , मो इसराइल मंसूरी, सुरेश पासवान, प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू, प्रदेश मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव, विधान पार्षद कारी मो शोहैब, नागेंद्र प्रसाद उर्फ रिंकू यादव, प्रदेश प्रवक्ता डा उर्मिला ठाकुर, एजाज अहमद ,राजद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डा अनवर आलम सहित राजद परिवार के नेताओं ने पूर्व विधान पार्षद अनवर अहमद के इंतकाल पर गहरे रंजो-गम का इजहार किया है।


अनवर अहमद (फाइल फोटो)।

# गयाजी, राजगीर और नालंदा में पर्यटकों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं उपलब्ध कराएं : सम्राट चौधरी

दैनिक नवसंदेश

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में पर्यटन विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में पर्यटन विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से पर्यटन विभाग के विभिन्न योजनाओं की अद्यतन स्थिति और राज्य के प्रमुख पर्यटन केन्द्रों के विकास के लिये किये जा रहे कार्यो के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर लाना है, इसके लिये बुनियादी ढांचे को मजबूत करना है और धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों का कायाकल्प करना है। राज्य के प्रमुख पर्यटन केंद्रों- राजगीर, गयाजी और नालंदा में चल रही परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। बिहार की सांसतिक विरासत को वैश्विक पहचान दिलाने के लिये काम करना है।

सीएम ने कहा कि मां मुंडेश्वरी मंदिर, करकटगढ़ जलप्रपात तथा राजगीर के लिए पर्यटकों की सुविधा हेतु अनुदानित दर पर हेलिकप्टर सेवा प्रारंभ की जाय, साथ ही वाल्मीकिनगर के लिए शनिवार एवं रविवार को पर्यटकों के लिये रियायती दर पर वायुसेवा शीघ्र प्रारंभ करें।


सीएम ने की पर्यटन विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक।

पर्यटकों की सुविधा के लिए पटना प्रस्थान से आगमन तक एंड-टू-एंड सेवा बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा शुरू की जायेगी। विष्णुपद और महाबोधि मंदिर करिडोर की परियोजना को शीघ्र अंतिम रूप देकर कार्य प्रारंभ कराया जाय। राजगीर में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं का विस्तार और सुधार किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि राजगीर की ऐतिहासिक महत्ता को देखते हुए इसे आध्यात्मिक शिक्षा के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित किया जाएगा।

नालंदा की वैश्विक पहचान की पुनर्स्थापना की जायेगी, साथ ही विश्व धरोहर दर्जे को और सुदृ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पावापुरी मंदिर परिसर के चहुंमुखी विकास के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार की जाएगी। स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा देने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए ग्रामीण पर्यटन पहल शुरू की जाएगी। पर्यटकों को बिहार की पारंपरिक मेहमाननवाजी से रू-ब-रू कराने और स्थानीय रोजगार सृजन के लिए होम स्टे नीति को बड़े पैमाने पर बढ़ावा दिया जाएगा।

बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह, नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव विनय कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव संजय कुमार सिंह, बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम के प्रबंध निदेशक श्री नंदकिशोर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## बिहार की तीन पारंपरिक कला एवं शिल्प विधाओं को मिला जीआई टैग, मंत्री डा. प्रमोद कुमार ने जताई प्रसन्नता

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार सरकार के मंत्री डा. प्रमोद कुमार ने नालंदा की बावन बूटी साड़ी एवं फैब्रिक, गया के पत्थरकट्टी स्टोन क्राफ्ट तथा भोजपुर की पिढ़िया पेंटिंग को भौगोलिक संकेतक टैग प्राप्त होने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। मंत्री ने कहा कि यह उपलब्धि बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक, कलात्मक एवं शिल्प परंपरा के लिए गौरव का विषय है। जीआई टैग प्राप्त होने से इन उत्पादों की प्रामाणिकता, विशिष्ट पहचान तथा वैश्विक स्तर पर उनकी स्वीकार्यता को नई मजबूती मिलेगी। इससे न केवल बिहार की सांसतिक विरासत को देश-दुनिया में और अधिक प्रतिष्ठा प्राप्त होगी, बल्कि इनसे जुड़े शिल्पकारों, बुनकरों और कलाकारों के लिए भी नए अवसर सृजित होंगे।

नालंदा की बावन बूटी साड़ी अपनी विशिष्ट बुनाई, पारंपरिक डिजाइन एवं उत्कृष्ट हस्तकला के लिए प्रसिद्ध है। वहीं गया का पत्थरकट्टी स्टोन क्राफ्ट सदियों पुरानी शिल्प परंपरा का प्रतिनिधित्व करता है और पत्थरों पर की जाने वाली बारीक नक्काशी के लिए देशभर में जाना जाता है। भोजपुर की पिढ़िया पेंटिंग बिहार की एक महत्वपूर्ण लोक चित्रकला परंपरा है, जो लोक जीवन, पारिवारिक संस्कारों तथा सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत रूप में अभिव्यक्त करती है। डा. प्रमोद कुमार ने कहा कि बिहार की कला एवं सांस्कृतिक विरासत देश की अमूल्य धरोहर है। राज्य सरकार और कला एवं संस्कृति विभाग पारंपरिक कला, लोक संस्कृति एवं शिल्प विधाओं के संरक्षण, संवर्धन और प्रचार-प्रसार के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। जीआई टैग जैसी मान्यताएं इन कलाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर नई पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। मंत्री ने इस उपलब्धि पर राज्य के सभी शिल्पकारों, बुनकरों, कलाकारों एवं संबंधित संस्थाओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि बिहार की पारंपरिक कला और शिल्प की यह पहचान भविष्य में और अधिक सशक्त होगी तथा राज्य की सांसतिक विरासत को वैश्विक स्तर पर नई प्रतिष्ठा प्राप्त होगी।


मंत्री डा. प्रमोद कुमार।

## सरकार की संवेदनहीनता से शिक्षाकर्मियों के समक्ष भुखमरी एवं आक्रोश : प्रो गौतम

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** संबद्ध डिग्री महाविद्यालयों एवं अनुदानित शिक्षण संस्थानों के प्रति बिहार सरकार की संवेदनहीनता से पच्चास हजार से अधिक शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों के समक्ष परिवार सहित भूखमरी की स्थिति कायम है, जिससे शिक्षाकर्मियों और परिजनों में आक्रोश व्याप्त है। बिहार राज्य संबद्ध डिग्री महाविद्यालय शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी महासंघ (फैक्टनेब) के मीडिया प्रभारी प्रो अरुण गौतम ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि मुलाजिम को मेहनताना समय पर भुगतान किया जाना हितकारी माना जाता है, विश्व का अनुठा उदाहरण होगा कि 2015- 2018 से 2022-2025 तक कुल आठ वर्षो में किया गया शैक्षणिक कार्य का मेहनताना 2008 में निर्धारित मजदूरी दर जून 2026 तक भुगतान नहीं किया जाना संवेदनहीनता का हद पार कर लिया है। प्रो अरुण गौतम आक्रोशित लहजे में कहा कि अनुदानित शिक्षण संस्थानों में कार्यरत शिक्षाकर्मियों को परीक्षा परिणाम आधारित अनुदान राशि के बदले प्रतिमाह नियत वेतन पेंशन भुगतान हेतु फैक्टनेब के लगातार आन्दोलन के दबाव और विधान पार्षदों के संयुक्त प्रयास से बिहार सरकार ने 30 सितंबर 2025 को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया, विधानमंडल में शिक्षा मंत्री की घोषणा के वावजूद 9 माह में समिति की एक बैठक भी नहीं किया गया। फैक्टनेब मीडिया प्रभारी प्रो गौतम ने आगे कहा कि उच्च शिक्षा में गुणात्मक सुधार करने हेतु राज्यपाल सह कुलाधिपति और बिहार सरकार की ओर से लगातार फरमान जारी किया जाता है जबकि फैक्टनेब की स्पष्ट समझ है कि संबद्ध डिग्री महाविद्यालयों एवं अन्य अनुदानित शिक्षण संस्थानों में कार्यरत शिक्षाकर्मियों की ज्वलंत समस्याओं का समाधान किए बिना तमाम फरमान और आदेश कागजी नाव साबित होगा। फैक्टनेब मीडिया प्रभारी प्रो अरुण गौतम ने राज्यपाल सह कुलाधिपति कुलाधिपति , मुख्यमंत्री, उच्च शिक्षा मंत्री एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों से मांग किया है कि संवेदनहीनता का त्याग करके संबद्ध डिग्री महाविद्यालयों में कार्यरत शिक्षाकर्मियों को परीक्षा परिणाम आधारित अनुदान राशि के बदले प्रतिमाह नियत वेतन - पेंशन भुगतान किया जाये ।


प्रो अरुण गौतम ।

# जन सुराज पार्टी ने टेंडर घोटाला मामले में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को लिखा पत्र, न्यायिक निगरानी में जांच की मांग

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** जन सुराज के प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती ने रविवार को पटना पार्टी कार्यालय में प्रेस कान्फ्रेंस कर बिहार में सामने आए टेंडर घोटाले पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि मामले ने राज्य की प्रशासनिक पारदर्शिता और सुशासन पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। हाल के दिनों में पूर्व आईएएस अधिकारी मुमुक्षु चौधरी, पूर्व मुख्य अभियंता तारणी दास और उमेश कुमार सिंह तथा बिचौलिया रिशु श्री की गिरफ्तारी हुई है। अप्रैल 2025 में एफआईआर दर्ज होने के बावजूद बड़ी कार्रवाई में लगभग एक वर्ष की देरी क्यों हुई, इसकी भी जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पटना हाईकोर्ट ने भी मामले में हवाला, मनी लन्ड्रिंग और अन्य गंभीर आरोपों की स्वतंत्र जांच की आवश्यकता बताई है।

मनोज भारती ने मांग की कि टेंडर प्रक्रिया में हेरफेर, गोपनीय दस्तावेजों के दुरुपयोग, अधिकारियों के परिजनों की विदेश यात्राओं, अवैध संपत्तियों और वित्तीय लेन-देन की निष्पक्ष जांच कराई जाए। यह भी स्पष्ट किया जाए कि इस पूरे मामले के वास्तविक लाभार्थी कौन हैं।

### मामला भ्रष्टाचार का नहीं, बल्कि जनता के पैसे और सरकारी संस्थाओं की विश्वसनीयता से जुड़ा है : किशोर कुमार मुन्ना

किशोर कुमार मुन्ना ने कहा कि जन सुराज का मानना है कि यह मामला केवल भ्रष्टाचार का नहीं, बल्कि जनता के पैसे और सरकारी संस्थाओं की विश्वसनीयता से जुड़ा विषय है। पार्टी ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर पूरे प्रकरण की उच्च न्यायालय की निगरानी में स्वतंत्र एवं समयबद्ध जांच कराने की मांग की है।

### युवाओं को भरोसा कैसे दिलाया जाए कि बीपीएससी द्वारा भविष्य में होने वाली परीक्षाओं में कोई अनियमितता नहीं होगी : कुमार सौरभ

जन सुराज के प्रवक्ता कुमार सौरभ ने कहा कि जिस प्रकार देश में नीट और सीबीएसई की परीक्षाओं में धांधली के मामले सामने आए, उसी प्रकार 16 से 21 अप्रैल के बीच बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। बिहार के लगभग 700 परीक्षा केंद्रों पर यह परीक्षा आयोजित की गई थी। 25 अक्टूबर 2025 को जयपुर स्थित कंपनी साईं एडूकेयर को गुजरात हाईकोर्ट की परीक्षा में कथित गंभीर अनियमितताओं के आरोप में ब्लैकलिस्ट किया था। एनटीए द्वारा भी इस कंपनी को ब्लैकलिस्ट किया जा चुका था। ऐसे में सवाल यह है कि आखिर किन लोगों ने एक ब्लैकलिस्टेड कंपनी को परीक्षा के बायोमेट्रिक सिस्टम और अन्य महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी सौंप दी



रिशु श्री मामले में जन सुराज के प्रदेश अध्यक्ष ने की प्रेस कांफ्रेंस, बोले- अप्रैल 2025 में एफआईआर होने के बावजूद कार्रवाई में एक वर्ष की देरी क्यों।

कुमार सौरभ ने कहा कि बिहार के युवाओं को यह भरोसा कैसे दिलाया जाए कि बीपीएससी द्वारा भविष्य में आयोजित होने वाली परीक्षाओं में कोई अनियमितता नहीं होगी आज साईं एडूकेयर है, कल कोई दूसरी कंपनी हो सकती है।

उन्होंने आरोप लगाया कि आर्थिक अपराध इकाई द्वारा गिरफ्तार किए गए कुछ लोग इसी कंपनी से जुड़े थे और । परीक्षा में शामिल हुए थे। जिस बायोमेट्रिक सिस्टम की जिम्मेदारी इस कंपनी के पास थी, उसी प्रणाली का दुरुपयोग कर कथित रूप से प्रश्नपत्र बाहर भेजे गए और उत्तर-पुस्तिकाओं से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराई गई। बीपीएससी के अध्यक्ष और शिक्षा विभाग के सचिव की जवाबदेही कब तय होगी परीक्षा से जुड़े टेंडर और व्यवस्थाओं में जिन अधिकारियों की भूमिका रही है, उनकी जिम्मेदारी कब निर्धारित की जाएगी बिहार में प्रतियोगी परीक्षाओं के नाम पर युवाओं के भविष्य के साथ हो रही कथित धांधली आखिर कब बंद होगी ।

## खबरें खास-खास

# कथा-कहानी सहस्त्राब्दियों से मानव-मन को प्रेरणा देती आयी है

### साहित्य सम्मेलन में लेख्य-मंजूषा के तत्वावधान में आयोजित हुई कथा-संगोष्ठी, काव्य-संकलन विह्वल हृदय धारा का हुआ लोकार्पण

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** कथा-कहानी सहस्त्राब्दियों से मानव-मन को प्रेरणा देती आयी है। बाल-मन पर इसका सबसे गहरा प्रभाव होता है। अनेक महापुरुषों और महादेवियों को अपनी नानी-दादी से सुनी कहानियों ने मानसिक-बाल प्रदांन किया तथा उनमे सद्गुणों का विकास किया। कहानियाँ वैसी ही गढ़ी जानी चाहिए जो मन का रंजन करते हुए, समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान करें। इसे अपनी कुंठा निकालने अथवा समाज को खंडित करने वाले नकारात्मक विचारों के संप्रेषण का माध्यम नहीं बनाया जाना चाहिए। साहित्यकारों का कर्तव्य समाज के दोषों को दूर कर, उसे मांगलिक बनाना है। विश्व को सुंदर बनाने वाली रचनाएँ ही बड़ी कही जा सकती हैं।



साहित्य सम्मेलन में लेख्य-मंजूषा के तवावधान में आयोजित हुई कथा-संगोष्ठी, काव्य-संकलन विह्वल हृदय धारा का हुआ लोकार्पण।

यह बातें रविवार को बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में साहित्यिक संस्था लेख्य-मंजूषा, पटना तवावधान में आयोजित हुए साहित्योत्सव का उद्घाटन करते हुए सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। उन्होंने कहा कि कथा-साहित्य में लघु-कथा विधा बहुत तेजी से लोकप्रिय हो रही है। इसमें अत्यंत सूक्ष्मता से अत्यंत गहरा प्रभाव उत्पन्न करने की शक्ति है। नव-लेखकों को इसकी मर्यादा, इसकी सूक्ष्मता और संक्षेपण का विशेष ध्यान रखना चाहिए। इसमें वर्णन और विस्तार के लिए स्थान नही होता। लघुता, सूक्ष्मता और संक्षेपण में ही इसका सौंदय और बल है।

डा सुलभ ने इस अवसर पर लेख्य-मंजूषा की ओर से संस्था की अध्यक्ष विभारानी श्रीवास्तव के सम्पादन में प्रकाशित त्रैमासिक पत्रिका साहित्यिक स्पंदन के वे वर्ष के वें अंक तथा साझा काव्य-संग्रह विह्वल हृदय धारा का लोकार्पण भी किया।

उद्घाटन-सत्र के पश्चात कहानी-सत्र आरंभ हुआ, जिसमें वरिष्ठ लेखक डा ध्रुव कुमार तथा डा अनीता राकेश ने अपने विचार रखे। इसकी शुरुआत महाराष्ट्र की लेखिका नीना मन्दिलवार और प्रियंका श्रीवास्तव शुभ्र ने कहानी के तवों पर प्रश्नों के साथ की। इस सत्र में डा प्रमोद कुमार ने समीक्षात्मक आलेख पढ़े तथा डा ऋचा वर्मा और रंजना सिंह ने डा सतीश राज पुष्करणा की लघुकथा विश्वास पर अपनी-अपनी समीक्षा का पाठ किया। इस सत्र में नूतन सिन्हा ने अपने संस्मरण का पाठ किया।

दूसरा सत्र लघुकथा-पाठ का था, जिसमें मधुरेश नारायण ने क्रूर इंतजार, डा उषा सिंह ने थप्पड़, पूनम कतरियार ने मारीच, आशा रघुदेव ने भरोसे की उम्र, सागरिका राय ने कबाड़, अमृता सिन्हा ने दैत्य का दर्जा, डा शशि भूषण सिंह ने यह भी देश सेवा, प्रो सुनील कुमार उपाध्याय ने समय का फेर, एम के मधु ने अपशकुन, किलकारी के छात्र सुमन कुमार ने टूटे चाँद के बहाने, खुशी कुमारी ने अंदर का युद्ध, अतुल राय ने दरारें भरती नहीं, अनुराग कुमार ने भँवर, उर्मिला वर्मा ने कृष्णा शीर्षक से लघुकथा का पाठ किया। मंच का संचालन विभारानी श्रीवास्तव ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन रवि भूषण श्रीवास्तव ने किया।

### पूर्व एमएलसी अनवर आलम के निधन पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने जताया शोक

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पटना नगर निगम के पार्षद असफर अहमद के पिता एवं पूर्व विधान परिषद सदस्य अनवर आलम के निधन पर बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश राम ने गहरा शोक व्यक्त किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने अपने शोक संदेश में कहा कि पूर्व एमएलसी अनवर आलम कई दिनों से अस्वस्थ थे और उन्हें पटना के मेदांता अस्पताल में भर्ती कर इलाज चल रहा था। उनके निधन से गहरा आघात हमें पहुंचा है। मरहूम अनवर आलम लंबे समय से सामाजिक एवं राजनीतिक जीवन में सक्रिय रहकर जनसेवा के प्रति समर्पित रहे हैं। उन्होंने सामाजिक जीवन में रहते हुए जनता के प्रति अपने कर्तव्यों का लगातार पालन किया। उनके पुत्र असफर अहमद और परिजनों के प्रति मेरी सहानुभूति है। ईश्वर से जनाब अनवर आलम के आत्मा की शांति की दुआ मांगता हूँ। शोक व्यक्त करने वालों में विधान परिषद में दल के नेता डा. मदन मोहन झा, राजेश राठौड़, कपिलदेव यादव, डा स्नेहाशीष वर्धन, प्रेमचंद सिंह, पंकज यादव सहित अन्य प्रमुख नेतागण रहें।

## महंगाई, भ्रष्टाचार, विधि व्यवस्था के मुद्दों पर 17 जून को राज्यभर में राजद का धरना

**पटना / एनएसबी।** बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, संगठित भ्रष्टाचार, लुट , गिरती विधि व्यवस्था , गरीबों पर हो रहे अत्याचार और आम जनों के ज्वलंत मुद्दों पर राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल के निर्देशानुसार 17 जून को राज्य भर के सभी जिला मुख्यालयों पर व्यापक एवं प्रभावकारी रूप से धरना दिया जाएगा। इस धरना कार्यक्रम में पार्टी के सभी सांसद, विधायक, विधान पार्षद के साथ वरिष्ठ नेता , राष्ट्रीय, प्रदेश, जिला के पदाधिकारियों सहित जिला भर के सभी सक्रिय कार्यकर्ता और नेता भाग लेंगे। धरना में आम जनों की भी बड़ी भागीदारी होगी।

राजद के प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने कहा बिहार में जिस तरह से वित्तीय गबन और और वित्तीय अपराध का मामला सामने आया है,उस पर सरकार में बैठे हुए लोग चुप है। टेंडर माफिया रिशुश्री के मामले पर जिस तरह से सरकार के व्यवस्था की पोल खुल गई और इसमें बड़े अधिकारी के संलिप्तता के मामले सामने आ रहे हैं उस पर पर्दादारी के लिए बिहार में मुद्दों को भटकाया जा रहा है, इससे स्पष्ट होता है की बड़ी मछलियों को बचाने के लिए छोटी मछलियों को पकड़ा या गिरफ्तार किया जा रहा है। बिहार में संगठित लूट और भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है। सत्ता के संरक्षण में माफियाओं को फलने- फुलने का मौका मिल रहा है। डबल इंजन सरकार में महंगाई तेजी से बढ़ रही है। पेट्रोल -डीजल रसोई गैस के दाम लगातार बढ़ रहे हैं जिसके कारण आम जनों का जीवन दुभर हो गया है। पेट्रोलियम पदार्थो के दामों में लगातार वृद्धि के कारण यात्री भाड़ा और माल भाड़ा में वृद्धि हो रही है।


एजाज अहमद।

## संक्षिप्त खबरें

### गंगापुत्र के नाम से विख्यात स्वामी निगमानंद को दी गई श्रद्धांजलि

**मातृसदन आश्रम में पर्यावरण रक्षा का लिया संकल्प**

**बेनीपुर (एनएसबी)।** प्रखंड के सझुआर ग्राम स्थित मातृसदन आश्रम में शनिवार को गंगापुत्र स्वामी निगमानंद सरस्वती की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। स्थानीय श्रद्धालुओं व भक्तजनों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की और उनके आदर्शों का स्मरण किया।आश्रम के संतों व ब्रह्मचारियों ने



कार्यक्रम में प्रकृति-पर्यावरण संरक्षण और भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए चल रहे सतत संघर्ष पर प्रकाश डाला। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं से प्रकृति के प्रति आत्मनिष्ठ होने का आह्वान किया और कहा कि सृष्टि के नियमों तथा पर्यावरण की रक्षा के लिए आगे आने वाले ही सच्चे वीर हैं।कार्यक्रम के दौरान ऋग्वेद 8.84.1 के सूक्त का स्मरण कर उसे जीवंत करने का संकल्प लिया गया। संतों ने कहा, "जो सृष्टि के प्राकृतिक नियमों एवं पर्यावरण की रक्षा के लिए आगे बढ़कर अपने प्राणों की आहुति दे देता है, वही सच्चा वीर है।" उ आश्रम के एक युवा ब्रह्मचारी ने माँ गंगा की पवित्रता और प्रकृति की अस्मत बचाने के लिए भूखे-प्यासे रहकर अपने शरीर का मांस त्याग दिया । जिसे उन्होंने मानवता को जगाने वाला महायज्ञ बताया। उपस्थित धर्मगुरु एवं श्रद्धालु कार्यक्रम में ब्रह्मचारी दयानंद स्वामी व ब्रह्मचारी शिवम झा प्रमुख रूप से मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त नवादा पंचायत के पूर्व मुखिया रामानंद झा, माहीनाम पंचायत के पूर्व मुखिया अंजनी कुमार झा बबलू,सुरेंद्र झा, विजय कुमार झा, कौशलेंद्र झा, हनुमान चौधरी कौशलेंद्र कुमार झा, सत्यनारायण यादव, बिट्टू यादव, संजय यादव, रामनरेश चौधरी, आयुष कुमार झा, राम बाबू झा, योगेंद्र सिंह, कौशलेन्द्र झा नारायण झा, अरुण चौधरी, ठाकुर वंशीविभूषित, मुकेश झा, चौधरी एन.सी. राय, माता शशि राय , रवींद्र चौधरी वेदानंद झा,सहित अनेक गणमान्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### फैज अहमद हत्याकांड मे पीड़ित परिवार से मिले विधायक ईश्वर मंडल

**दरभंगा(एनएसबी)।** शहर के पुरानी मुंसिफ निवासी दिवंगत फैज अहमद की चंदनपट्टी स्थित एक बाइक एजेंसी में अपराधियों द्वारा घुसकर निर्मम हत्या किए जाने की घटना को विधायक सह जदयू जिलाध्यक्ष राजेश कुमार उर्फ ईश्वर मंडल ने अत्यंत दुखद, हृदयविदारक एवं निंदनीय बताया हैं। इस दुखद घटना की सूचना मिलने पर विधायक ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की तथा शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया। यह घटना न केवल एक परिवार की अपूरणीय क्षति है, बल्कि गंभीर अपराध भी है। इस तरह के अपराध को अंजाम देने वालो को शासन प्रशासन कड़ी से कड़ी सजा देने दिलाने को प्रतिबद्ध हैं।

### जनप्रतिनिधियों एवं आम जनता से विधान पार्षद ने किया सीधा संवाद

**मनीगाछी(एनएसबी)।** विधान पार्षद सुनील चौधरी ने प्रखंड के नेहरा स्थित अपने पैतृक आवासीय कार्यालय पर जनप्रतिनिधियों एवं आम जनता से मुलाकात कर उनकी समस्याओं, सुझावों एवं क्षेत्र से जुड़े विभिन्न मुद्दों को गंभीरतापूर्वक सुना। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं सहित अन्य जनहित से जुड़े विषयों को रखा। सभी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित विभागों के पदाधिकारियों से संपर्क कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा समस्याओं के शीघ्र एवं प्रभावी समाधान का आग्रह किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों




को आश्वस्त किया गया कि जनहित से जुड़े प्रत्येक मुद्दे के समाधान हेतु निरंतर प्रयास किए जाएंगे तथा क्षेत्र के विकास एवं जनता की सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। जनसेवा ही सर्वोपरि है और आम लोगों की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं एवं गणमान्य नागरिकों के साथ क्षेत्र के विकास संबंधी विभिन्न विषयों पर भी सार्थक चर्चा हुई।

### तीन कार्टून शराब के साथ, दो कारोबारी सहित एक महंगी कार को जप्त

**दरभंगा(एनएसबी)।** मध्य निषेध एवं स्वापक ब्यूरो पटना की सूचना पर लहेरियासराय थाना की पुलिस ने तीन कार्टून शराब के साथ, दो कारोबारी सहित एक महंगी कार को जप्त किया है। गिरफ्तार कारोबारी मधुबनी जिला के विस्पी थाना क्षेत्र के नहास रुपौली गांव के रहने वाले रुदल पर्व के 25 वर्षीय पुत्र वीडियो कुमार, मधुबनी जिला के ही फुलपरास थाना क्षेत्र के इनरवा के रहने वाले सुरेश कुमार यादव के 24 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार को गिरफ्तार किया गया। वहीं रेनॉल्ट डस्टर कार बीआर 07 एडी 1776 को जप्त किया गया। प्रशिक्षण दरोगा रजनीश कुमार दलबल के साथ थाना क्षेत्र के शाहगंज दुर्गा के पास पहुंचे तो गाड़ी छोड़कर दोनों कारोबारी भागने लगे पीछा करने पर एक कारोबारी गिर गया जिसे आंख के पास चोट लगा। वहीं स्थानीय लोगों के सामने कार के अंदर जांच की गई तो तीन कार्टून में 68 बोतल में बरामद किया गया। दोनों कारोबारी को हिरासत में लेकर थाना लाया गया वहीं कार को भी जप्त कर लिया गया। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि कारोबारी से पूछताछ करने के बाद उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर दोनों कारोबारी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### प्रतिभा सम्मान समारोह सह प्रदेश युवा कौशल कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न

**दरभंगा (एनएसबी)।** वैश्य पोद्दार महासभा, जिला दरभंगा के तत्वाधान वैश्य पोद्दार महासभा के जिलाध्यक्ष रामप्रसाद पोद्दार के अध्यक्षता में द 17 जून को बहेड़ी प्रखंड अंतर्गत सिमरी गाँव में आयोजित होने वाले प्रतिभा सम्मान समारोह सह प्रदेश युवा कौशल कार्यक्रम को सफल, भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने के उद्देश्य से जिला कार्यकारिणी समिति एवं सभी प्रखंड अध्यक्षों की एक महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों, अतिथियों के स्वागत, मंच व्यवस्था, प्रतिभागियों के सम्मान, प्रचार-प्रसार, सुरक्षा व्यवस्था एवं संगठनात्मक जिम्मेदारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने हेतु अपने-अपने सुझाव एवं संकल्प व्यक्त किए। संचालन जिला



महासचिव डॉ. सुमन पोद्दार के द्वारा किया गया। उन्होंने सभी प्रखंड अध्यक्षों एवं कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम की सफलता हेतु पूर्ण समर्पण एवं सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। बैठक में प्रदेश महासचिव राधेश्याम पोद्दार, जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा उपदेश कुमार, प्रखंड अध्यक्ष धनश्याम पोद्दार, महासचिव मनोज पोद्दार, कोषाध्यक्ष दिलीप पोद्दार, वरिष्ठ संरक्षक भुवनेश्वर पोद्दार, भारत पोद्दार, तेजनारायण पोद्दार, विजय पोद्दार, अनिल पोद्दार, देवकुमार पोद्दार, सुरेंद्र पोद्दार, राजेंद्र पोद्दार, चुनचुन पोद्दार श्रीराम पोद्दार, रौशन पोद्दार, मुन्ना पोद्दार, पंकज पोद्दार, गुलशन पोद्दार, धीरज पोद्दार, बिरजू पोद्दार, व सैकड़ो वैश्य पोद्दार महासभा के सदस्य एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

### स्वतंत्रता दिवस पर कायस्थ मेधावी छात्र- छात्राओं को सम्मानित करेगा दरभंगा चित्रगुप्त सभा

**दरभंगा(एनएसबी)।** दरभंगा चित्रगुप्त सभा की मासिक बैठक कोतवाली थाना के निकट अवस्थित चित्रगुप्त भवन पुराना सोसाइटी सिनेमा हॉल के परिसर में सभा के अध्यक्ष- आर के दत्ता की अध्यक्षता में रविवार को हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी चार महीनों में प्रत्येक पदाधिकारी दस-दस नए सदस्यों को जोड़ने का प्रयास करेंगे।पदाधिकारियों के लिए 101 रुपया वार्षिक शुल्क और वार्ड पार्षदों के लिए 551 रुपया या अधिक का चंदा निर्धारित किया गया। वार्ड स्तर पर विस्तार संगठन को जमीनी स्तर पर सक्रिय करने के लिए 48 नए सदस्यों को वार्ड पार्षद के रूप में जोड़ा जाएगा और हर वार्ड में बैठकें होंगी। साथ ही 15 अगस्त,2026 को मैट्रिक,सीबीएसई/इन्टर एवं प्रतियोगी परीक्षाओं मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। बैठक में अध्यक्ष -आर.के. दत्ता, उपाध्यक्ष- प्रकाश चंद्र प्रभाकर, प्रधान सचिव-अरविंद कुमार, संयुक्त सचिव- मुकेश कुमार वर्मा एवं संतोष कुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष- पांडेय रितेश सहाय, पूजा प्रभारी- डॉ मनीष कुमार, विकलांग प्रकोष्ठ के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार,अंकित कुमार श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी- पत्रकार पुनीत कुमार सिन्हा सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# मोदी सरकार के 12 वर्ष विकास विश्वास एवं जनकल्याण को समर्पित : डा गोपाल जी ठाकुर

**मोदी सरकार के 12 वर्षों के शासन में बना विकास का मजबूत रोडमैप**

फोटो 1 संवाद कार्यक्रम में सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर एवं अन्य

**बेनीपुर (एनएसबी)।** भारतीय जनता पार्टी दरभंगा पूर्वी जिला के तत्वाधान में बेनीपुर कोशी प्रोजेक्ट के आईबी में स्थानीय सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित किया तथा केंद्र एवं राज्य की एनडीए सरकार की उपलब्धियों की विस्तार से चर्चा की। सांसद डा ठाकुर ने केंद्र सरकार के पिछले 12 वर्षों की उपलब्धियों,जन कल्याणकारी योजनाओं तथा देश के सर्वांगीण विकास के लिए किए गए कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास,सुशासन, आधारभूत संरचना



संजय सरावगी प्रदेश अध्यक्ष भाजपा।

और गरीब कल्याण के क्षेत्र में नए मानक स्थापित किए हैं।विशेष रूप से दरभंगा एवं मिथिलांचल क्षेत्र में हुए विकास कार्यों को रेखांकित करते हुए बताया गया कि केंद्र सरकार की योजनाओं और सहयोग से क्षेत्र में अनेक महत्वपूर्ण परियोजनाओं को गति मिली है।इनमें दरभंगा एम्स की स्थापना की दिशा में पहल, दरभंगा हवाई अड्डा के संचालन से क्षेत्र की हवाई कनेक्टिविटी का विस्तार,रेल ओवर ब्रिज निर्माण कार्यों से यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने का प्रयास,तारामंडल (प्लैनेटेरियम), आईटी पार्क, एलीवेटेड कॉरिडोर जैसी आधुनिक शैक्षणिक एवं वैज्ञानिक सुविधाओं का विकास तथा दर्जनों रेल परियोजना के माध्यम से शहरी यातायात को बेहतर बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयास , आमस दरभंगा एक्सप्रेस वे, प्रमुख रूप से शामिल हैं।

इसके साथ ही कृषि,ग्रामीण विकास,सड़क एवं परिवहन,डिजिटल सेवाओं के विस्तार, महिला सशक्तिकरण,युवाओं के लिए अवसरों का सृजन तथा गरीब कल्याण से जुड़ी योजनाओं की भी चर्चा की। लगभग चार सौ किलोमीटर सड़कों के साथ साथ सैकड़ों बड़े तथा छोटे पुलों का निर्माण इस बात के प्रमाण है कि यातायात सुविधा के क्षेत्र में जिले के आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ईमानदारी से पहल की जा रही है।इस अवसर पर स्थानीय जिलाध्यक्ष विनय पासवान जिला महामंत्री शत्रुघ्न सहनी मीडिया संवाद के संयोजक पिंटू झा मीडिया प्रभारी नीरज कुमार मंडल अध्यक्ष प्रवीण झा संतोष झा सुबोध कामत कारी दास राधेश्याम झा राहुल झा कुंदन झा रामभरोश पासवान अशोक लाल दास सुनील झा ममता देवी सरिता देवी सहित अन्य सभी संगठन के पदाधिकारी मौजूद थे।

## मजबूत खजाना,तेज विकास; प्रगति की पटरी पर दौड़ रहा है बिहार : संजय सरावगी

**प्रदेश अध्यक्ष ने कहा 11 लाख करोड़ की अर्थव्यवस्था की ओर बिहार,आर्थिक आंकड़े दे रहे गवाही**

**दरभंगा (एनएसबी)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि बिहार का खजाना खाली नहीं है, बल्कि विकास और जनकल्याण की योजनाओं से समृद्ध है। आर्थिक सर्वेक्षण के आंकड़े बता रहे हैं कि खजाना नहीं, बल्कि तेजस्वी यादव का दिमाग तथ्यों और वास्तविकता से पूरी तरह खाली हो गया है।बिहार की अर्थव्यवस्था आज विकास और आत्मनिर्भरता की नई ऊंचाइयों को छू रही है। बिहार आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 के आंकड़े स्पष्ट रूप से बताते हैं कि राज्य का आर्थिक प्रदर्शन



संजय सरावगी प्रदेश अध्यक्ष भाजपा।

राष्ट्रीय औसत से बेहतर है और विपक्ष द्वारा राज्य के खजाने को खाली बताने का दावा पूरी तरह भ्रामक एवं तथ्यहीन है। वर्ष 2024-25 में बिहार का सकल राज्य घरेलू उत्पाद वर्तमान कीमतों पर 13.1 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 9,91,997 करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जबकि राष्ट्रीय औसत मात्र 9.8 प्रतिशत रहा। स्थिर कीमतों पर भी बिहार ने 8.6 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की है। वर्ष 2025-26 में बिहार का जी एस डी पी 10.97 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है, जो राज्य की आर्थिक मजबूती और विकास की रफ्तार को दशार्ता है।यदि राज्य का खजाना खाली होता तो इतनी तेज विकास दर, रिकॉर्ड निवेश और बड़े पैमाने पर आधारभूत संरचना का निर्माण संभव नहीं होता। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार के विकास का रोडमैप पूरी तरह स्पष्ट तथा आर्थिक रूप से सशक्त है बिहार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बिहार में आधारभूत संरचना का अभूतपूर्व विकास हुआ है। विपक्ष को निराधार आरोप लगाने के बजाय बिहार के विकास के इन ऐतिहासिक आंकड़ों का अध्ययन करना चाहिए। बिहार आज आत्मविश्वास के साथ विकसित राज्य बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है और एनडीए सरकार इस संकल्प को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## बेनीपुर में सरकारी जमीन को अतिक्रमणमुक्त नहीं करवाने में सीओ की कार्य प्रणाली संदेह के घेरे में

**सरकारी आदेश की ही कर रहे हैं अवहेलना, लोगों में बढ़ रहा प्रशासन के प्रति आक्रोश**

**दरभंगा (एनएसबी)।** बेनीपुर के अंचलाधिकारी द्वारा सरकारी जमीन को अतिक्रमणमुक्त करवाने मे जो ढुलमुल नीति अपनाई जा रही है वह उनके कार्यप्रणाली पर सरकारी सवालिया निशांत उठा रहा है और इस बात की और भी इंगित कर रहा है कि उनकी नियत साफ नहीं है। स्थानीय लोगों ने अंचलाधिकारी, बेनीपुर द्वारा प्रथम अपीलीय प्राधिकार एवं द्वितीय अपीलीय प्राधिकार लोक शिकायत निवारण के अंतिम आदेश का उल्लंघन एवं सरकारी भूमि खाता- 269, खेसरा-169 को अतिक्रमण मुक्त कराने में ढुलमुल रवैया अपनाने के संबंध में बिहार सहित जिला के वरीय पदाधिकारी को एक बार फिर पत्र से सूचित किया है। अपने पत्र में उन्होंने लिखा है कि बेनीपुर नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत बहेड़ा बाजार पंचायत- महिनाम, प्रखंड सह अंचल-बेनीपुर अवस्थित अनावाद बिहार सरकार की भूमि को कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है। उक्त सरकारी अतिक्रमित भूमि को अतिक्रमण कराने हेतु स्थानीय लोगों द्वारा बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत दायर परिवाद में अपर समाहर्ता, दरभंगा प्रथम अपीलीय प्राधिकार ने अपने अंतिम विनिश्चय में दो माह के भीतर विधिवत कार्रवाई करते हुए उक्त सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने का स्पष्ट निर्देश अंचल अधिकारी, बेनीपुर को दिया था।

द्वितीय अपील प्राधिकार द्वारा पारित आदेश में निर्धारित समय-सीमा बीत जाने के बाद भी स्थानीय अनुमंडल प्रशासन एवं अंचल कार्यालय द्वारा इस



बहेड़ा बाजार पंचायत महिनाम की अतिक्रमित सरकारी जमीन।

पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। अतिक्रमण हटवाने का तिथि भी उस दिन निर्धारित की गई जिस दिन मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा बहुचर्चित कार्यक्रम प्रखंड सहयोग सहजन कल्याण शिविर की तिथि निर्धारित थी। बीते 2 जून को सरकारी जमीन को अतिक्रमणमुक्त करने की तिथि बीत जाने के बाद भी अभी तक दूसरी तिथि निश्चित नहीं की गई है। सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के प्रति स्थानीय अधिकारियों की यह शिथिलता न केवल विभागीय आदेशों की अवहेलना है, बल्कि सरकारी संपत्ति के संरक्षण के प्रति उनकी संवेदनहीनता को भी दशार्ती है। जिससे आम लोगों में काफी रोष व्याप्त है।

## बिहार ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ हुई बैठक

**बोअकॉन 2027 की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक संपन्न**

**दरभंगा (एनएसबी)।** के होटल एम2एस, वीआईपी रोड, लहेरियासराय में बोअकॉन 2027 की तैयारियों के संबंध में बिहार ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन के पदाधिकारियों की उपस्थिति




बैठक में भाग लेते संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्य।

में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का स्वागत भाषण बोअकॉन 2027 के आयोजन अध्यक्ष डॉ. एस. के. सिन्हा ने दिया। इस अवसर पर डॉ. एस. एन. सर्राफ एवं डॉ. अमित कुमार ने क्रमशः थ्रोम्बोएम्बोलिज्म एवं हैंड सर्जरी विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। अध्यक्ष डॉ. अमूल्य सिंह ने ह्लडॉक्टर और उसके सपने एवं परेशानियाँह्व विषय पर एक प्रेरणादायक एवं विचारोत्तेजक व्याख्यान दिया। वहीं अध्यक्ष निर्वाचित डॉ. राजीव आनंद ने बोअकॉन 2027 की तैयारियों की प्रगति से सभी को अवगत कराया। महासचिव डॉ. रितेश रुणु ने बीओए एवं एम ओ ए के मध्य प्रस्तावित एमओयू पर हस्ताक्षर करने तथा दोनों संगठनों के बीच सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर विशेष जोर दिया। सेंट्रल जोन ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. भुवन सिंह ने पूर्व में आयोजित बोअकॉन सम्मेलनों से सीख लेकर बेहतर आयोजन सुनिश्चित करने की सलाह दी। बोअकॉन 2027 के आयोजन सचिव डॉ. प्रवीण कुमार ने अब तक की तैयारियों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की तथा अंत में धन्यवाद ज्ञापन भी किया। एम ओ ए के सचिव डॉ. रमाशीष यादव ने बोअकॉन 2027 के सफल आयोजन हेतु पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।वैज्ञानिक समिति के अध्यक्ष डॉ. जी. एस. झा ने बताया कि सम्मेलन के दौरान तीन विशेष कार्यशालाओं वर्कशॉप का आयोजन किया जाएगा तथा इसकी तैयारियाँ प्रारंभ कर दी गई हैं।बैठक में डॉ. आलोकानंद, डॉ. ऋतुराज, डॉ. दिलशाद, डॉ. प्रत्यूष पराग, डॉ. अभिषेक सराफ, डॉ. रामसागर पंडित, डॉ. अभिनव, डॉ. सरवन सहित डीएमसीएच ऑर्थोपेडिक्स विभाग के स्नातकोत्तर छात्र भी उपस्थित थे।

## दूल्हा दुल्हन मंदिर प्रांगण में होगा सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार

**दरभंगा (एनएसबी)।** लहेरियासराय स्थित पचाढी महंत के निमार्णाधीन दूल्हा दुल्हिन मंदिर के प्रांगण में सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार का आयोजन 17 जून 2026 से शुरू होगा। उस दिन बसकटी, 18 जून को कुमरम व 19 जून 2026 को यह ञोपवित कार्यक्रम होगा। मौनी बाबा ने बताया कि बिहार के कई मंत्री सांसद विधायक शामिल होंगे। अब तक 15 बरूआ के संस्कार कार्यक्रम में शामिल होंने की सुचना है।

## दरभंगा जिला में 7902 घरों में निःशुल्क सोलर पैनल स्थापित किया जाएगा : कौशल किशोर

**दरभंगा (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के कर कमलों द्वारा पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत 1512 करोड़ की लागत से 2.5 लाख कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं के घरों की छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र के अधिष्ठापन



का कायारंभ एवं ऊर्जा प्रक्षेत्र की 1278 करोड़ की योजनाओं का नई सरकार के 60 दिन पूर्ण होने के अवसर पर कायारंभ/उद्घाटन/लोकार्पण किया गया। इसी कड़ी में आज समाहरणालय अवस्थित बाबा साहेब डॉ.भीम राव अंबेडकर सभागार में मुख्यमंत्री द्वारा विडियो क्रॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पी.एम.सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं के घरों के छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र के अधिष्ठापन से संबंधित कार्यक्रम का लोकार्पण/उद्घाटन के साथ-साथ दरभंगा जिला के तारडीह प्रखण्ड में नये पावर सब स्टेशन,महिया विद्युत शक्ति उपकेन्द्र 2/10 एम वी ए का उद्घाटन किया गया। मिथिला विद्युत आपूर्ति क्षेत्र,दरभंगा में नॉर्थ बिहार का पहला ट्रेनिंग सेन्टर का निर्माण किया गया। इसके तहत विद्युत विभाग के कर्मचारियों एवं पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जायेगा।कार्यक्रम के अंत में कौशल कुमार जिला पदाधिकारी दरभंगा ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत सुपात्र लाभुकों के घरों की छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए जाएंगे ।इससे विद्युत व्यय में काफी कमी आएगी तथा नवीकरणीय ऊर्जा उपयोग को बढ़ावा मिलेगा ,जो पर्यावरण संतुलन के लिए काफी महत्वपूर्ण होगा। दरभंगा जिला 18 प्रखंडों में आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों के घरों में प्रथम चरण में 7902 घरों में निःशुल्क सोलर पैनल स्थापित की जाएंगे । उसके अंतर्गत कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं के छत पर मुफ्त में सोलर पैनल लगायें जाएंगे।

## अहिल्यास्थान स्थित राम दरबार मंदिर के जीर्णोद्धार

**संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण कार्य का शुभारंभ, 12 करोड़ 77 लाख की राशि से होगा इस ऐतिहासिक मंदिर का जीर्णोद्धार संपन्न**

**जाले(एनएसबी)।** रविवार को जाले विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं पूर्व मंत्री, बिहार सरकार जीवेश कुमार ने 12 करोड़ 77 लाख की राशि आबंटित कर ऐतिहासिक एवं पौराणिक अहिल्यास्थान स्थित राम दरबार मंदिर के जीर्णोद्धार, संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण कार्य का शुभारंभ एवं शिलान्यास किया ।जो अपनी सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत को संरक्षित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर



कार्यरम्भ एवं शिलान्यास करते विधायक जीवेश कुमार एवं अन्य

श्री कुमार ने कहा कि अहिल्यास्थान केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि मिथिला की आस्था, संस्कृति और सनातन परंपरा का जीवंत प्रतीक है। इस स्थल के विकास से श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं , धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार को नयी दिशा मिलेगी। उनके सतत प्रयासों से अहिल्यास्थान के समग्र विकास के लिए इससे पूर्व लगभग 23 करोड़ की राशि स्वीकृत कराई गई, जिसमें 14 करोड़ 99 लाख की लागत से स्थल विकास का कार्य प्रगति पर है तथा 8 करोड़ भूमि अधिग्रहण के लिए उपलब्ध कराया गया । यह योजना भविष्य में अहिल्यास्थान को राष्ट्रीय स्तर के धार्मिक एवं सांस्कृतिक केंद्र के रूप में स्थापित करेगी। न्यास बोर्ड के अध्यक्ष बालेश्वर ठाकुर सहित कई लोगों ने विधायक के कार्यों की काफी सराहना किया। जिलामंत्री विजय कुमार ने कहा की बिहार में यदि विकास हुआ है तो जाले में विकास की गंगा बह रही है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष वीणा मिश्रा, भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश मंत्री अंजनी निषाद, संजय ठाकुर , कमतौल-अहियारी नगर पंचायत के मुख्य पार्षद रंजीत कुमार प्रसाद, अहिल्यास्थान धार्मिक न्यास समिति के अध्यक्ष बालेश्वर ठाकुर, जिला महामंत्री विजय कुमार चौधरी, सुजीत कुमार मलिक, जिला मंत्री रिंकी देवी, राम एकबाल मांझी, भोला राय सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, श्रद्धालु एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

## स्टेशन रोड दुकानदार संघ की समस्याओं का हो निदान : आर के दत्ता

**दरभंगा(एनएसबी)।** स्टेशन रोड दूकानदार संघ, दरभंगा की बैठक संघ के अध्यक्ष पुट्टु मिश्रा की अध्यक्षता मे हनुमान मंदिर पंचवटी चौक परिसर मे संपन्न हुआ। बैठक मे दरभंगा एलिवेटेड रोड प्रोजेक्ट के तहत होने वाले विस्थापन संकट एवं



उत्पन्न ज्वलंत समस्याओ पर गंभीरता पूर्वक विचार विमर्श किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए हम पार्टी जिलाध्यक्ष सह संघ के संरक्षक आर.के.दत्ता ने कहा कि तीन माह पूर्व जिला प्रशासन, निर्माण एजेन्सी, नगर विधायक , मंत्री एवं राज्यसभा सांसद सह जद यु के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा को लिखित व प्रतिनिधिमंडल के साथ स्टेशन रोड दूकानदारो की समस्या के निदान हेतु आग्रह किया गया था, लेकिन अभी तक किसी प्रकार का न्यायसंगत कार्यवाही नही होने से स्थानीय दूकानदार चिन्तित,सशंकित व भयभीत है।उन्होने कहा कि सोमवार को पुनः जिलाधिकारी से प्रतिनिधिमंडल मिलकर वैकल्पिक व्यवस्था व स्थाई निदान हेतु आग्रह करेगे।अगर न्यायसंगत कार्यवाही नही हुई तो अगली बैठक मे जनान्दोलन की रणनीति पर विचार विमर्श किया जायेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### क्रांति मैदान कांचा में सामाजिक कार्यकर्ताओं ने किया वृक्षारोपण



**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** स्वच्छ पर्यावरण स्वस्थ भविष्य का आधार है। इस थीम के तहत रविवार को प्रखंड के क्रांति मैदान कांचा के परिसर में जल जीवन हरियाली के तहत सामाजिक कार्यकताओं ने वृक्षारोपण किया। इस दौरान पर्यावरण सुरक्षा के लिए विभिन्न प्रकार के पेड़ो को लगाकर सभी लोंगो से भी जल जीवन हरियाली के तहत पर्यावरण सुरक्षा के लिए एकझ्एक पेड़ लगाने का अनुरोध किया गया। इस बाबत सामाजिक कार्यकर्ता उपेन्द्र प्रसाद यादव, राजेन्द्र रजक, कांचा पैक्स अध्यक्ष अखिलेश राय, युगेश्वर राम, डॉ. अरविंद राय, डॉ अरुण राय, राकेश कुमार, बिगन राय आदि लोगों ने बताया की यह कार्यक्रम अपने निजी कोष से किया गया है। साथ की पर्यावरण रक्षा के लिए फूल के पौधा भी लगाए गए है।

### चोरों ने उड़ाए 5 लाख रुपये से अधिक मूल्य के आभूषण



**मोरवा (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के हरपुर भिंडी पंचायत के वार्ड संख्या एक में चोरों ने बीती रात एक घर में घुस कर पाँच लाख से अधिक रुपये की सोना चांदी के आभूषण चुरा लिए। घटना के बारे में बताया जाता है कि नूनू राय के पुत्र रूपेश राय के घर में रखे हुए ट्रंक में सोना चांदी रखा हुआ थे। जिसमें रूपेश राय की पत्नी उर्मिला देवी के सोना चांदी के आभूषण झुमका, टीका, पैर के पायल, मांगटीका, पैजनीया, अंगूठी आदि गहने थे। जिसकी कीमत करीब पाँच लाख रुपये बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची ताजपुर पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। घटना को लेकर उर्मिला देवी के ससुर नूनू राय ने उनके घर में हुए चोरी के विरुद्ध ताजपुर थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। ताजपुर थाना अध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा के अनुसार आवेदन के आधार पर उक्त मामले में अनुसंधान शुरू कर दी गई है।

### मऊ बाजार फायरिंग कांड का प्राथमिक अभियुक्त गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजा गया



**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** मऊ बाजार में जमीनी विवाद को लेकर हुए फायरिंग मामले में विद्यापतिनगर थाना पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। थाना कांड संख्या 126/26 के प्राथमिक अभियुक्त अमन कुमार उर्फ अमन साह को पुलिस ने शनिवार की रात उसके मऊ बाजार स्थित घर से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद रविवार को उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार, जमीनी विवाद को लेकर हुए फायरिंग मामले में पुलिस लगातार आरोपितों की तलाश में जुटी हुई थी। इसी क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष सूरज कुमार ने बताया कि थाना कांड संख्या 126/26 में नामजद प्राथमिक अभियुक्त अमन कुमार उर्फ अमन साह को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि मामले में पुलिस की जांच जारी है तथा अन्य बिंदुओं पर भी कार्रवाई की जा रही है।

### गैर जमानती धाराओं में दो गिरफ्तार

**बिथान (एनएसबी)।** माननीय न्यायालय से निर्गत गैर जमानती वारंट के आलोक में बिथान थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान थाना क्षेत्र के सिहमा गांव निवासी उमेश यादव, पिता कपलेश्वर यादव तथा उनके पुत्र राजीव यादव, पिता उमेश यादव के रूप में की गई है। बिथान थानाध्यक्ष राज किशोर राय ने बताया कि दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध न्यायालय से गैर जमानती वारंट जारी किया गया था। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में पुलिस टीम ने छापेमारी कर उन्हें विधिवत गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए दोनों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थानाध्यक्ष ने कहा कि न्यायालय से निर्गत वारंटों का निष्पादन प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है और कानून से बचने वाले किसी भी अभियुक्त के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### सांप काटने से महिला की मौत

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** जिले के कल्याणपुर प्रखंड अंतर्गत जटमलपुर तीरा पंचायत के वार्ड संख्या 10 में सांप काटने से एक विवाहिता की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है तथा मृतका के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस बाबत मिली जानकारी के अनुसार गांव निवासी विशेन्द्र कुमार की 22 वर्षीय पत्नी आंचल कुमारी शनिवार देर रात घर के समीप स्थित चापाकल पर पानी भरने गई थी। रात का समय होने के कारण चापाकल के पास छिपा सांप उसे दिखाई नहीं दिया। पानी भरने के दौरान अचानक सांप ने उसे काट लिया। महिला की चीख-पुकार सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और आनन-फानन में इलाज के लिए उसे मुजफ्फरपुर ले जाने लगे। लेकिन रास्ते में ही उसकी स्थिति गंभीर हो गई और अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। रविवार को घटना की सूचना पंचायत की मुखिया अर्चना कुमारी एवं मुखिया प्रतिनिधि आशीष पटेल को मिली। उन्होंने तत्काल अंचल पदाधिकारी शशि रंजन को मामले की जानकारी दी। घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है। परिजनों ने प्रशासन से आपदा राहत के तहत सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

### पांच एनबीडब्ल्यू वारंटी गिरफ्तार

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** मथुरापुर थाना पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे विभिन्न न्यायालयों के पांच एनबीडब्ल्यू (गैर जमानती वारंट) अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थाना प्रभारी राहुल कुमार ने बताया कि विशेष अभियान के तहत शनिवार रात छापेमारी कर राहुल कुमार एवं रामदेव साह, दोनों निवासी नागरबस्ती, श्रवण कुमार, तनवीर अशरफ तथा संजीव महतो को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार सभी अभियुक्तों के विरुद्ध विभिन्न न्यायालयों से गैर जमानती वारंट निर्गत था। पुलिस ने सभी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद रविवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। थाना प्रभारी ने कहा कि फरार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए आगे भी विशेष अभियान जारी रहेगा।

### सड़क हादसे में साइकिल सवार की मौत, मुआवजे की मांग को लेकर सड़क जाम

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** उजियारपुर थाना क्षेत्र के एनएच-122 स्थित कमला गेट चौक के समीप रविवार सुबह हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक साइकिल चालक की मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों एवं ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर जाम कर दिया और मुआवजे की मांग करने लगे। मृतक की पहचान मुसरीघरारी थाना क्षेत्र के सलेमपुर निवासी 30 वर्षीय राकेश कुमार पंडित के रूप में हुई है। वहीं घायल व्यक्ति भगवानपुर कमला वार्ड संख्या-2 निवासी 50 वर्षीय दयाली सिंह हैं, जिनका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रविवार सुबह दयाली सिंह ठेला लेकर सातनपुर चौक की ओर जा रहे थे। उसी दिशा में राकेश कुमार पंडित भी साइकिल से जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रहे बालू लदे 18 चक्का हाईवा ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में राकेश कुमार पंडित की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दयाली सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद चालक वाहन लेकर भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन स्थानीय लोगों ने सातनपुर चौक के पास उसे पकड़ लिया। लोगों ने उसकी पिटाई करने के बाद पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने हाईवा को जब्त कर लिया है तथा उपचालक विजय कुमार, निवासी राजापाकर (वैशाली), को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। घटना से आक्रोशित परिजनों ने कमला गेट चौक के समीप एनएच-122 को जाम कर दिया। सूचना पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया और जाम समाप्त कराया। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज दिया गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बारह वर्षों में बदला भारत का स्वरूप, विकसित राष्ट्र बनने की ओर बढ़ रहा देश : रेणु देवी

**समस्तीपुर में पूर्व उपमुख्यमंत्री ने गिनाईं मोदी सरकार की उपलब्धियां, कहा- अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा विकास का लाभ**



मंचासीन भाजपा नेता व अन्य।

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेत्री और पूर्व उपमुख्यमंत्री रेणु देवी ने भाजपा समस्तीपुर जिला उत्तरी संगठन के द्वारा भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में भारत ने अभूतपूर्व विकास किया है। उन्होंने कहा कि पहले देश की प्रगति का आकलन "आजादी से पहले और आजादी के बाद" के आधार पर होता था, लेकिन अब भारत की तरक्की को वर्ष 2014 से पहले और उसके बाद के कालखंड के रूप में देखा जा रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हुआ है। बुनियादी ढांचे का तेजी से विस्तार हुआ है, महिला सशक्तिकरण धरातल पर दिखाई दे रहा है और किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले दशक में 25 करोड़ से अधिक लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले हैं।

रेणु देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 10 जून 2026 को राष्ट्र सेवा के 4399 दिन पूरे कर देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के कार्यकाल के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने इसे लोकतंत्र के इतिहास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। रेणु देवी ने कहा कि मोदी सरकार ने कर प्रणाली को सरल और पारदर्शी बनाया है। वर्ष 2014 में जहां आयकर छूट की सीमा 2 लाख रुपये थी, वहीं अब यह बढ़कर 12.75 लाख रुपये तक पहुंच गई है। फेसलेस टैक्स प्रणाली लागू होने से करदाताओं का सम्मान बढ़ा है और टैक्सदाताओं की संख्या भी 5.6 करोड़ से बढ़कर 12.13 करोड़ हो गई है। उन्होंने कहा कि किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है। कृषि मंत्रालय का बजट कई गुना बढ़ाया गया है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों के खातों में 4.3 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे भेजी जा चुकी है। यूरिया पर 90 प्रतिशत तक सब्सिडी देकर किसानों को राहत दी गई है। इसके परिणामस्वरूप देश में रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन हुआ है।

रेणु देवी ने कहा कि भारतीय रेलवे का स्वरूप पूरी तरह बदल गया है। वर्ष 2014 के बाद 36 हजार किलोमीटर से अधिक नई रेल पटरियां बिछाई गई हैं तथा ब्रॉडगेज नेटवर्क का लगभग पूर्ण विद्युतीकरण हो चुका है। कश्मीर में चेनाब नदी पर निर्मित विश्व के सबसे ऊंचे रेलवे आर्च ब्रिज और वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों की शुरूआत आधुनिक भारत की पहचान बन चुकी है। यात्रियों को अब ऑनलाइन टिकटिंग और आधुनिक रेलवे स्टेशनों की सुविधा मिल रही है। पूर्व उपमुख्यमंत्री ने कहा कि, मोदी सरकार ने "वन रैंक-वन पेंशन" लागू कर सैनिकों के सम्मान को बढ़ाया है। साथ ही दशकों पुरानी नक्सलवाद की समस्या पर प्रभावी कार्रवाई कर देश में शांति और विकास का वातावरण स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास" की भावना के साथ देश वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनने के लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है।

भाजपा समस्तीपुर जिला उत्तरी के जिलाध्यक्ष नीलम सहनी के अध्यक्षता में आयोजित प्रेस वार्ता में दक्षिणी के जिलाध्यक्ष शशिधर झा,एम एल सी डॉ तरूण कुमार, भाजपा नेत्री श्रीमती विमला सिंह, जिला महामंत्री वैधनाथ झा, सुनील राय, जिला उपाध्यक्ष श्रीमती मधुवाला, अनामिका रजक, अशोक निषाद, रामबालक कुशवाहा, अनिल सिंह, संगम कुमार, डॉ हरि किशोर सिंह, महेंद्र महतो, अन्य लोग शामिल रहे।

## विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर ब्लड फोर्स टीम ने किया 31वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन, कुल 15 लोगों ने किया रक्तदान



रक्तदान करते रक्तवीर।

**समस्तीपुर (एनएसबी )।** में ब्लड फोर्स टीम के तत्वावधान में 31वाँ स्वैच्छिक रक्तदान शिविर सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस अवसर पर कुल 15 रक्तवीरों एवं रक्तविरांगनाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रक्तदान कर मानवता की सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना एवं जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना था। ब्लड फोर्स टीम का संकल्प है ऐसा समाज बनाना, जहाँ रक्त की कमी के कारण किसी की जान न जाए। शिविर में रक्तदान करने वालों में प्रमुख रूप से आलोक कुमार,शोभीचंद्र,श्रवण कुमार,दीपक कुमार,अतुल कुमार,नंद किशोर कुशवाहा,श्रवण पंडित,रितेश कुमार लोग शामिल रहे। इस अवसर पर सभी रक्तदाताओं को सम्मान स्वरूप 6 पीस बोतल सेट एवं सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रिबन काटकर किया गया, जिसमें चेतना झांब, डॉ आलोक झा (टीम डॉक्टर), शिव शंकर कुशवाहा,एस.के. निराला सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस दौरान सदर ब्लड बैंक, समस्तीपुर के कर्मी—सुशील कुमार, सुधीर कुमार, सुशांत सौरव, दीपक कुमार, विवेक कुमार,कुमारी निशा एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में ब्लड फोर्स टीम के बोर्ड एवं कोर सदस्य—नीतीश बरनवाल, रविन्द्र खत्री, राहुल श्रीवास्तव, सुमन सौरभ, रौशन कुमार, सहित अन्य सदस्य सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। अंत में, ब्लड फोर्स टीम परिवार ने सभी रक्तदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा विद्युत अवसंरचना सुदृढ़ीकरण हेतु विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास



कार्यक्रम में शामिल जनप्रतिनिधि व अन्य।

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उत्तर बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (एनबीपीडीसीएल) की विभिन्न विद्युत अवसंरचना विकास योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। राज्य में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, विश्वसनीय एवं उपभोक्ता हितैषी बनाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम के तहत विभिन्न विद्युत परियोजनाओं को जनता को समर्पित किया गया। कार्यक्रम के दौरान लगभग ₹1274.03 करोड़ की लागत से पूर्ण एवं नई विद्युत परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया गया। इनमें लगभग ₹1269.26 करोड़ की लागत से पूर्ण की गई योजनाओं का उद्घाटन तथा लगभग ₹4.77 करोड़ की लागत वाली योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। इन परियोजनाओं के माध्यम से विद्युत वितरण तंत्र का सुदृढ़ीकरण, उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाओं की उपलब्धता, विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता में सुधार तथा आधुनिक ग्राहक सेवा सुविधाओं का विस्तार सुनिश्चित किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त, प्रधानमंत्री सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना के तहत राज्य के लगभग ढाई लाख परिवारों को सौर ऊर्जा से आच्छादित किया गया, जिससे स्वच्छ एवं नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा मिला है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री चौधरी द्वारा विभिन्न जिलों के लाभुकों से सीधा संवाद भी स्थापित किया गया। संवाद के दौरान लाभुकों ने योजना के माध्यम से निःशुल्क सौर ऊर्जा की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु माननीय मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया तथा योजना से प्राप्त हो रहे आर्थिक एवं सामाजिक लाभों की जानकारी साझा की।

श्री चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि, बिहार सरकार राज्य के सभी नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण, निर्बाध एवं विश्वसनीय विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने के लिए सतत प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के पूर्ण होने से विद्युत व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी तथा उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं प्राप्त होंगी। साथ ही उन्होंने सौर ऊर्जा के क्षेत्र में बिहार की बढ़ती भागीदारी को ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। इस अवसर पर समस्तीपुर एनआईसी के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष से विधायक कल्याणपुर महेश्वर हजारी, विधायक समस्तीपुर सदर अश्वमेघ देवी, विधान पार्षद डॉ. तरुण कुमार, उप विकास आयुक्त सह प्रभारी जिलाधिकारी सूर्य प्रताप सिंह, विद्युत अधीक्षण अभियंता कुमार गौरव, कार्यपालक अभियंता आनंद कुमार सहित विद्युत विभाग एवं जिला प्रशासन के अन्य संबंधित पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने मुख्यमंत्री द्वारा किए गए उद्घाटन एवं शिलान्यास कार्यक्रम का अवलोकन किया तथा राज्य सरकार द्वारा विद्युत अवसंरचना के विकास हेतु किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। अतिथियों का पुष्प गुच्छ आदि से स्वागत अभिनन्दन के साथ आरम्भ इस कार्यक्रम में ऊर्जा विभाग, विद्युत वितरण कंपनियों तथा जिला प्रशासन के अधिकारियों की सक्रिय सहभागिता रही। इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि इन योजनाओं के क्रियान्वयन से समस्तीपुर सहित उत्तर बिहार के लाखों विद्युत उपभोक्ताओं को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत सेवाओं का लाभ प्राप्त होगा।

## कला व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम : जूही कुमारी



**दलसिंहसराय (एनएसबी)।** विजुअल आर्ट फाउंडेशन एवं कला संस्कृति विभाग, समस्तीपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय समर आर्ट कैंप -2026 का शुभारंभ रविवार को उत्साहपूर्ण वातावरण किया गया। इस अवसर पर स्वागत अभिनंदन की औपचारिकता के बाद अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप जलाकर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर कला एवं संस्कृति पदाधिकारी जूही कुमारी, संत स्टीफेंस स्कूल के निदेशक जगदीश सिंह, नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष चंदन प्रसाद, खाद्यान्न व्यवसाई संघ के अध्यक्ष सुधीर चौधरी, मुखिया चंद्रमणि सिंह, अधिवक्ता बिनोद समीर, समाज सेवी मगन लाल साह, आनंद कुमार, पंकज सिंह, रोशन झा एवं लक्ष्मण कुमार ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर कार्यशाला का शुभारंभ किया।

अपने संबोधन में कला संस्कृति पदाधिकारी जूही कुमारी ने कहा कि, कला केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं बल्कि व्यक्तित्व विकास, रचनात्मकता और सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का सशक्त माध्यम है। ऐसे प्रशिक्षण शिविर बच्चों और युवाओं की प्रतिभा को निखारने के साथ साथ उन्हें अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का कार्य करते हैं। बताते चलें कि, इस सात दिवसीय कार्यशाला में प्रतिभागियों को अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा चित्रकला, मूर्तिकला, कथक नृत्य एवं अभिनय का प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम में काफी संख्या में छात्र छात्राओं एवं कला प्रेमियों ने भाग लिया। फाउंडेशन के महासचिव मो. सुलेमान के अनुसार कार्यशाला का उद्देश्य क्षेत्र की उभरती प्रतिभाओं को एक सशक्त मंच प्रदान करना तथा उनमें कला के प्रति रुचि और रचनात्मकता का विकास करना है।

## विकास की पाठशाला में जाएंगे विद्यापतिनगर के चार मुखिया, झारखंड के मॉडल पंचायतों से सीखेंगे सुशासन और जनहित के नए मंत्र



मुकेश कुमार, विवेकानंद सिंह, बेबी देवी, कविता देवी।

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** पंचायतों को विकास और सुशासन का आदर्श मॉडल बनाने की दिशा में विद्यापतिनगर के चार मुखिया झारखंड की मॉडल पंचायतों का अध्ययन करने रवाना होंगे। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत आयोजित इस चार दिवसीय अध्ययन भ्रमण हेतु चयनित पंचायत प्रतिनिधि सफल विकास योजनाओं, नवाचारों और जनभागीदारी के मॉडल को करीब से समझेंगे। भ्रमण से लौटने के बाद इन अनुभवों को अपने पंचायत क्षेत्रों में लागू कर ग्रामीण विकास को नई गति देने की पहल की जाएगी। यह भ्रमण 17 जून से 20 जून 2026 तक राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (आरजीएसए) के तहत आयोजित किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊ धनेशपुर उत्तर पंचायत के मुखिया विवेकानंद सिंह,कांचा पंचायत की मुखिया कविता कुमारी, मनियारपुर पंचायत की मुखिया बेबी देवी तथा बाजिदपुर पंचायत के मुखिया मुकेश कुमार इस अध्ययन भ्रमण में शामिल होंगे। चयनित प्रतिनिधि झारखंड की उन मॉडल पंचायतों का दौरा करेंगे, जिन्होंने विकास, जनभागीदारी, स्वच्छता, पारदर्शिता और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। अध्ययन भ्रमण के दौरान पंचायत प्रतिनिधि विभिन्न विकास योजनाओं, नवाचारों एवं सफल प्रशासनिक मॉडल का अवलोकन करेंगे। साथ ही यह समझने का प्रयास करेंगे कि ग्रामीण क्षेत्रों में संसाधनों का बेहतर उपयोग कर विकास को कैसे गति दी जा सकती है। भ्रमण के बाद इन सफल प्रयोगों और अनुभवों को अपने-अपने पंचायत क्षेत्रों में लागू करने की योजना बनाई जाएगी। प्रखंड प्रशासन का मानना है कि इस पहल से पंचायत प्रतिनिधियों की कार्यक्षमता बढ़ेगी तथा ग्रामीण विकास के नए आयाम स्थापित होंगे। इससे पंचायतों को अधिक सशक्त, जवाबदेह और विकासोन्मुख बनाने में मदद मिलेगी। यह अध्ययन भ्रमण पंचायत विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, जिससे स्थानीय स्तर पर बेहतर शासन व्यवस्था और जनहितकारी योजनाओं के प्रभावी संचालन को बढ़ावा मिलेगा।

### दूर देहात संस्थान में साइबर सुरक्षा पर जागरूकता शिविर आयोजित, सुरक्षित डिजिटल व्यवहार और साइबर बचाव के दिए गए महत्वपूर्ण टिप्स



**विभूतिपुर (एनएसबी)।** दूर देहात संस्थान में इंटर्न्स के लिए साइबर सुरक्षा विषय पर डिज़िटल जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य डिजिटल युग में तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराधों के प्रति युवाओं को जागरूक करना तथा उन्हें सुरक्षित ऑनलाइन व्यवहार के प्रति शिक्षित करना था। सत्र के दौरान प्रशिक्षक विवेक कुमार ने साइबर सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं को सरल और व्यावहारिक तरीके से समझाया। उन्होंने नेटवर्क सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए फायरवेल, वीपीएन, एनक्रिप्शन तथा आईडीएस/आईपीएस जैसे आधुनिक सुरक्षा उपायों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन तकनीकों का सही उपयोग कर व्यक्तिगत और संस्थागत डाटा को सुरक्षित रखा जा सकता है। इस दौरान प्रशिक्षक ने पासवर्ड सुरक्षा को साइबर सुरक्षा की पहली और सबसे महत्वपूर्ण कड़ी बताते हुए मजबूत पासवर्ड बनाने के तरीके समझाए। उन्होंने कहा कि पासवर्ड कम से कम 12 अक्षरों का होना चाहिए, जिसमें बड़े एवं छोटे अक्षर, अंक और विशेष चिन्ह शामिल हों।

## संक्षिप्त खबरें

### मधुबनी पुलिस एवं एस०एस०बी० की संयुक्त कार्रवाई 147 किलो गांजा के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**मधुबनी (एनएसबी)।** पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया है कि 13 जून को थानाध्यक्ष, हरलाखी थाना एवं एस०सए०बी० द्वारा मादक पदार्थ के विरूद्ध संयुक्त छापेमारी करते हुए गुप्त सूचना के आधार पर ग्राम-कामतौल मनोकामना मंदिर का मुख्य सड़क पर से गेट के सामने पहुँचे तो देखा गया कि तीन व्यक्ति सामने से अपने सिर पर कुछ रखकर आ रहे है परन्तु पुलिस वाहन को देखते हीं वे सभी भागने लगे। जिसे पुलिस बल के सहयोग से पकड़ने का प्रयास किया गया परन्तु आस-पास झाड़ी एवं पानी होने के कारण उनमे से 02 व्यक्ति भाग गये तथा उनमें से 01 व्यक्ति को पकड़ लिया गया। पकड़ाये व्यक्ति से नाम/पता पुछने पर अपना नाम-सुभाष कुमार पे०-लाल यादव, सा०-पंचगछिया, थाना-हरलाखी, जिला-मधुबनी को पकड़ लिया गया एवं झाड़ी से प्लास्टिक के बोरा से कुल 28 पैकेट गांजा जैसे मादक पदार्थ बरामद किया गया। मादक पदार्थ (गांजा) का वजन कराने पर कुल वजन 147 किलो पाया गया। बरामद सभी प्रदर्शों को विधिवत जप्त करते हुए पकड़ाये व्यक्ति को गिरफ्तार कर थाना लाया गया।



### 23 दिन बीत जाने के बाद भी ध्वस्त दुकानों और भवनों का मलबा सड़क पर

**खजौली (एनएसबी)।** खजौली बाजार में सड़क की सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने के बाद भी लोगों की परेशानी कम नहीं हुई है। अतिक्रमण हटाओ अभियान के 23 दिन बीत जाने के बाद भी ध्वस्त दुकानों और भवनों का मलबा सड़क किनारे यत्र-तत्र पड़ा हुआ है। इससे स्थानीय लोगों, दुकानदारों और राहगीरों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बताया जाता है कि अंचल अधिकारी खजौली के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के दौरान सड़क की जमीन पर बने दर्जनों दुकानों और मकानों को हटाकर अतिक्रमण मुक्त कराया गया था। प्रशासन की इस कार्रवाई की लोगों ने सराहना भी की थी। अभियान के बाद दो दिनों तक मलबा हटाने का कार्य भी किया गया, लेकिन अचानक यह बंद हो गया।सड़क किनारे पड़े ईंट, पत्थर और निर्माण सामग्री के कारण बाजार क्षेत्र में जाम जैसी स्थिति बनी रहती है। दुकानदारों का कहना है कि ग्राहक दुकानों तक पहुंचने में परेशानी महसूस कर रहे हैं। व्यापारियों ने बताया कि वे अपने स्तर से मलबा हटाने को तैयार हैं, लेकिन अंचल अधिकारी द्वारा इसे सरकारी संपत्ति बताते हुए हटाने से मना कर दिया गया है। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से शीघ्र मलबा हटवाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि अतिक्रमण हटाने का उद्देश्य सुगम आवागमन था, लेकिन मलबा नहीं हटने से समस्या बनी हुई है। इधर, एसडीओ सदर चन्दन कुमार झा ने कहा कि समस्या के समाधान को लेकर जल्द कार्रवाई की जाएगी।

### आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को परोसा गया पौष्टिक पोषाहार, गतिविधियों से किया गया मनोरंजन

**बेनीपट्टी (एनएसबी)।** जिला अंतर्गत बेनीपट्टी परियोजना के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में सहायिकाओं द्वारा बच्चों के लिए पौष्टिक एवं संतुलित पोषाहार तैयार कर उन्हें परोसा गया। इस दौरान बच्चों को उनकी आयु एवं पोषण आवश्यकताओं के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया गया, जिससे उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास को बढ़ावा मिल सके।आंगनबाड़ी केंद्रों पर परोसे गए पोषाहार में प्रोटीन, विटामिन, खनिज एवं अन्य आवश्यक पोषक तत्वों का विशेष ध्यान रखा गया। विशेषज्ञों के अनुसार नियमित रूप से पौष्टिक आहार ग्रहण करने से बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, कुपोषण की समस्या में कमी आती है तथा उनके समग्र विकास में सहायता मिलती है। इसी उद्देश्य से केंद्रों पर बच्चों को स्वच्छ एवं स्वास्थ्यवर्धक भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है।इसके साथ ही आंगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा बच्चों के बीच प्रतिदिन विभिन्न शैक्षणिक एवं मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। गीत-संगीत, खेलकूद, चित्रकारी, कविता पाठ एवं समूह गतिविधियों के माध्यम से बच्चों का मनोरंजन करने के साथ-साथ उनमें सीखने की रुचि भी विकसित की जा रही है।इन गतिविधियों के कारण बच्चे केंद्रों में उत्साहपूर्वक भाग लेते हैं और उनका मन पढ़ाई एवं रचनात्मक कार्यों में लगा रहता है। सेविकाओं के प्रयासों से बच्चों का न केवल मनोरंजन हो रहा है, बल्कि उनमें आत्मविश्वास, सामाजिक सहभागिता एवं बौद्धिक विकास भी देखने को मिल रहा है।स्थानीय लोगों ने आंगनबाड़ी केंद्रों में संचालित पोषण एवं बाल विकास संबंधी गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास बच्चों के उज्ज्वल भविष्य एवं स्वस्थ समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।



### महिला उद्यमी सिंपल कुमारी को आत्मनिर्भर बनने का अवसर किया प्रदान

**मधुबनी (एनएसबी)।** प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत प्राप्त वित्तीय सहायता ने जिले की महिला उद्यमी सिंपल कुमारी को आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्रदान किया है। कलुआही प्रखंड के चचराहा, बासोपट्टी की निवासी सिंपल कुमारी ने डिटर्जेंट पाउडर निर्माण इकाई स्थापित कर न केवल अपना व्यवसाय शुरू किया, बल्कि अन्य लोगों के लिए भी रोजगार के अवसर सृजित किए हैं।सिंपल कुमारी स्नातकोत्तर शिक्षित हैं। उन्होंने अपने पारिवारिक व्यवसायिक वातावरण से प्रेरणा लेकर उद्योग स्थापित करने का निर्णय लिया। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के अंतर्गत उन्हें 9.90 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्राप्त हुई। इस राशि का उपयोग कर उन्होंने वर्ष 2024 में डिटर्जेंट पाउडर निर्माण इकाई की स्थापना की और उत्पादन कार्य शुरू किया।* *व्यवसाय की शुरूआत के समय उन्हें बाजार में अपने उत्पाद की पहचान बनाने में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। नए उत्पाद होने के कारण ग्राहकों का विश्वास जीतना और बाजार में स्थान बनाना आसान नहीं था। हालांकि, गुणवत्तापूर्ण उत्पाद और निरंतर प्रयासों के बल पर उन्होंने धीरे-धीरे अपने उत्पाद को स्थानीय बाजार में स्थापित कर लिया। वर्तमान में उनके द्वारा निर्मित डिटर्जेंट पाउडर को ग्राहकों द्वारा पसंद किया जा रहा है।सिंपल कुमारी की इकाई स्थानीय लोगों को उचित मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण डिटर्जेंट पाउडर उपलब्ध करा रही है। उनके उद्यम से स्वयं के अलावा पांच अन्य कुशल कारीगरों को भी रोजगार मिला है। इससे संबंधित परिवारों की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है तथा समाज में सम्मान और पहचान भी बढ़ी है।भविष्य में वे अपने व्यवसाय का विस्तार करने की योजना बना रही हैं। इसके लिए अतिरिक्त पूंजी निवेश की आवश्यकता होगी, जिससे उत्पादन क्षमता बढ़ाकर अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया जा सके।उन्होंने युवाओं और नए उद्यमियों को संदेश देते हुए कहा कि बिहार में कुशल श्रमिकों और बाजार की पर्याप्त संभावनाएं मौजूद हैं। यदि युवा दृढ़ इच्छाशक्ति और मेहनत के साथ उद्योग स्थापित करें तो वे आत्मनिर्भर बनकर बेरोजगारी दूर करने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

### अधिकारियों की टीम कर रहे अनुदानित मदरसो की जांच.

**बिस्फी (एनएसबी)।** सरकार के दिशा निर्देश के आलोक में प्रखंड क्षेत्र के सभी 24 अनुदानित मदरसो की जांच पदाधिकारी की टीम के द्वारा की जा रही है. इस दौरान प्रखंड क्षेत्र के परोही,परसौनी,तीसी सहीत कई संस्थानो का गहन सत्यापन किया गया.मिली जानकारी के अनुसार जांच पूरी होने के बाद जांच रिपोर्ट वरीय अधिकारियों को भेजी जाएगी. ताकि फर्जी संस्थानों पर कार्रवाई की जा सके.बीडीओ बसंत कुमार सिंह बीपीआरओ सह बीईओ शेखर कुमार, उच्च माध्यमिक विद्यालय बिस्फी के विद्यालय प्रधानाध्यापक अब्दुल रशीद, नजीर मिथिलेश कुमार कामत के साथ कई गांव में संचालित मदरसो का निरीक्षण किया. जांच के दौरान मदरसो में शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित पाए गए.परसौनी में बने पक्के मकान, शौचालय, वर्ग कक्ष,चहरदीवारी और मुख्य द्वार दुरुस्त पाए गए.वही साफ सफाई की व्यवस्था भी संतोषजनक पाई गई.वही तीसी एव परोही में भी भवन एवं एम्बेसेडर का भवन मिला.साफ सफाई भी देखा गया. सभी संस्थानो पर शिक्षक मौजूद थे. जांच टीम के द्वारा शौचालय, क्लासरूम और जमीन के खाता खेसरा नंबरों की जांच की. अधिकारियों ने सभी शिक्षकों की नियुक्ति से संबंधित कागजात और मदरसो के अन्य दस्तावेज भी देखें. भौतिक सत्यापन के दौरान कर्मियों की संख्या उनके योगदान की तिथि, शैक्षणिक कक्ष, कार्यालय स्टाफ रूम सहित कई बिंदुओं पर बारीकी से पड़ताल की.वीईओ शेखर कुमार ने बताया कि सरकारी रिकॉर्ड के अनुसार प्रखंड क्षेत्र में 24 अनुदानित मदरसे हैं. जबकि संस्कृत स्कूल एक भी नहीं है. सभी संस्थानो की जमीनी स्तर पर जांच की जा रही है.



# कमला नहर पुल के नीचे मिला युवक का शव, पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा गया

**जयनगर (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के वाटरवेज चौक स्थित कमला नहर पुल के नीचे रविवार को एक युवक का शव पानी में तैरता हुआ मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। स्थानीय लोगों द्वारा इसकी जानकारी जयनगर थाना पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और शव को पानी से बाहर निकलवाकर अपने कब्जे में लिया। पुलिस ने प्रारंभिक जांच के बाद शव की पहचान कराने की प्रक्रिया शुरू की। जयनगर थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि मृतक की पहचान राजनगर थाना क्षेत्र के रामपट्टी रघुवीर चौक निवासी जलेबी मंडल के पुत्र राजकुमार मंडल के रूप में हुई है। मृतक जयनगर में रहकर कबाड़ चुनने का कार्य करता था और इसी से अपना जीवन-यापन करता था।शव मिलने की खबर फैलते ही मृतक के परिजन एवं परिचित भी घटनास्थल और थाना पहुंचे। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल मधुबनी भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया, जिसके बाद परिवार में मातम का माहौल व्याप्त हो गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।पुलिस के अनुसार फिलहाल युवक की मौत के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। पुलिस विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है। यह भी पता लगाया जा रहा है कि युवक की मौत दुर्घटनावश पानी में डूबने से हुई या इसके पीछे कोई अन्य कारण है।स्थानीय लोगों ने बताया कि सुबह कमला नहर पुल के नीचे पानी में एक शव तैरता हुआ दिखाई दिया था। इसके बाद लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और शव को बाहर निकलवाया।जयनगर थाना पुलिस ने बताया कि मामले में आगे की कार्रवाई जारी है तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। फिलहाल पुलिस यूडी (अस्वाभाविक मृत्यु) के तहत मामले की जांच कर रही है। घटना के बाद क्षेत्र में शोक और चर्चा का माहौल बना हुआ है।



घटनास्थल पर पुलिस व्यवस्था

## सरिसब-पाही में 61वां रक्तदान शिविर का आयोजन

**मधुबनी (एनएसबी)।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर "अयाची नगर युवा फाउंडेशन" द्वारा सर गंगानाथ झा वाचनालय सरिसब-पाही में 61वां रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का नेतृत्व फाउंडेशन के संस्थापक विक्की मंडल ने किया।

इस अवसर पर 25 से अधिक युवाओं और स्थानीय नागरिकों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। आयोजकों का उद्देश्य रक्त की कमी की समस्या को दूर करने के साथ-साथ समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। रक्तदान के साथ-साथ प्रतिभागियों को सड़क सुरक्षा के महत्व को समझाने के लिए हेलमेट भी वितरित किए गए। अनिल ठाकुर ( अतिरिक्त जिला न्यायधीश) रक्तदान करते हुए कहा वाहन चलाने वाले सभी युवा/युवती से हेलमेट जरूर लगानी चाहिए। फाउंडेशन के संस्थापक विक्की मंडल ने कहा, ह्लरक्तदान सिर्फ एक बूंद नहीं, किसी के जीवन को फिर से जीने का मौका है। 61वां शिविर इसका सबूत है कि संस्था से जुड़े और अन्य युवा बंधु सेवा के लिए हमेशा तैयार हैं।संस्था के धीरज लाभ ने कहा रक्तदान से न केवल जरूरतमंद मरीजों की जान बचती है, बल्कि यह दाता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। नियमित रक्तदान से शरीर में नई रक्त कोशिकाओं का निर्माण होता है, हृदय रोग का खतरा कम होता है और शरीर अधिक चुस्त रहता है।संस्था के विकाश साहू रक्तदान करते हुए कहा कहा महिला समूह को भी खुल के रक्तदान करना चाहिए। इससे किसी तरह का कोई नुकशान नही होता।शिविर में ब्रज नंदन खाँ विकाश कुमार साहू आरती झा मनोज कुमार यादव राहुल कुमार प्रसाद सौरव संदीप रीतू कुमारी अनिल कुमार ठाकुर दीपक कुमार राय नमो नारायण झा शिवशंकर कुमार सहनी आशीष सहनी सत्यनारायण सहनी राघव कुमार साहू विकाश कुमार साह पंकज चौधरी मिथलेश कमती अखिलेश कुमार कृष्ण गुप्ता ने रक्तदान किये।



ग्रुप फोटो

## बिहार राज्य किसान कॉन्सिल की बैठक, शहीद कॉमरेड को दी गई श्रद्धांजलि

**जयनगर (एनएसबी)।** प्रखंड के पड़वा बेलही पंचायत में रविवार को बिहार राज्य किसान कॉन्सिल पंचायत शाखा की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कॉमरेड राम कुमार यादव ने की, जबकि इसका संचालन एवं पर्यवेक्षण जिला अध्यक्ष कॉमरेड रामजी यादव, कॉमरेड चन्देश्वर प्रसाद, कॉमरेड उपेन्द्र यादव तथा कॉमरेड कुमार राणा प्रताप सिंह की देखरेख में किया गया। बैठक में संगठन की मजबूती, किसानों की समस्याओं तथा पंचायत किसान कॉन्सिल की गतिविधियों को प्रभावी बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक की शुरूआत भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक रहे शहीद कॉमरेड अजीत सरकार को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। उनके शहादत दिवस के अवसर पर उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें याद किया। वक्ताओं ने कहा कि कॉमरेड अजीत सरकार ने अपना पूरा जीवन गरीबों, मजदूरों, भूमिहीनों तथा समाज के वंचित वर्गों के अधिकारों की लड़ाई में समर्पित कर दिया था। उन्होंने सीमांचल एवं पूर्णिया क्षेत्र में भूमि मुक्ति आंदोलन का नेतृत्व किया और हजारों भूमिहीन परिवारों को बसाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके संघर्ष, विचार और जनपक्षधर राजनीति आज भी किसानों और मजदूरों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। इसके बाद बैठक में पिछली बैठक की कार्यवाही की समीक्षा की गई। सदस्यों ने संगठन को पंचायत स्तर पर और अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाने पर बल दिया। पंचायत किसान कॉन्सिल का बैंक खाता खोलने, सदस्यता अभियान को गति देने तथा किसानों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। किसानों को समय पर खाद, बीज एवं सिंचाई सुविधाएं उपलब्ध कराने, कृषि लागत में वृद्धि तथा फसल के उचित मूल्य जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हुई।वक्ताओं ने कहा कि किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए संगठित प्रयास आवश्यक हैं। इसके लिए पंचायत स्तर से लेकर जिला स्तर तक किसान हितों से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाया जाएगा। बैठक में किसानों के अधिकारों की रक्षा तथा संगठन के विस्तार के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए गए।बैठक में देव नारायण यादव, गंगा प्रसाद यादव, उपेन्द्र यादव, हरे कृष्ण यादव, पवन यादव, सुकेन्द्र यादव, विधानन्द यादव, बौधु शरण यादव, सत्य नारायण यादव, देवेन्द्र यादव, गणेश यादव, रामजी यादव सहित बड़ी संख्या में किसान एवं संगठन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने संगठन को मजबूत बनाने और किसान हितों के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।



बैठक करते

# मधुबनी में एमएसएमइ एक्सटेंशन सेंटर स्थापना की उम्मीद जगी, केंद्रीय मंत्री ने शुरू कराई विभागीय प्रक्रिया: विधायक माधव आनंद

**मधुबनी (एनएसबी)।** मधुबनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक, बिहार विधानसभा की शून्यकाल समिति के अध्यक्ष, बिहार विधानसभा में राष्ट्रीय लोक मोर्चा के नेता विधायक दल तथा राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव माधव आनंद के प्रयासों से मधुबनी मेंएमएसएमइ एक्सटेंशन,टेक्निकल सेंटर की स्थापना की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। माधव आनंद ने बताया कि उन्होंने हाल ही में नई दिल्ली में भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी जी से मुलाकात कर मधुबनी में एमएसएमइ एक्सटेंशन,टेक्निकल सेंटर की स्थापना की मांग रखते हुए विस्तृत ज्ञापन सौंपा था। उन्होंने केंद्रीय मंत्री को अवगत कराया था कि मिथिला क्षेत्र, विशेषकर मधुबनी, हस्तशिल्प, मधुबनी पेंटिंग, कुटीर उद्योग एवं उद्यमशील युवाओं की समृद्ध परंपरा वाला क्षेत्र है, लेकिन तकनीकी मार्गदर्शन एवं संस्थागत सहयोग के अभाव में स्थानीय प्रतिभाओं को अपेक्षित अवसर नहीं मिल पाते हैं।इस संबंध में केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी द्वारा प्रेषित पत्र में जानकारी दी गई है कि मधुबनी में एमएसएमइ एक्सटेंशन,टेक्निकल सेंटर की स्थापना के प्रस्ताव पर मंत्रालय द्वारा सकारात्मक विचार किया जा रहा है तथा आवश्यक विभागीय प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इससे जिले के युवाओं, कारीगरों एवं छोटे उद्यमियों में नई उम्मीद जगी है।विधायक माधव आनंद ने कहा कि यदि मधुबनी में यह केंद्र स्थापित होता है तो स्थानीय युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण, कौशल विकास, उद्यमिता परामर्श और स्वरोजगार के अवसर अपने जिले में ही उपलब्ध होंगे। इससे रोजगार के लिए होने वाले पलायन में कमी आएगी तथा स्थानीय उद्योगों और कुटीर उद्यमों को नई पहचान और मजबूती मिलेगी।उन्होंने कहा, ह्लमेरा प्रयास केवल एक संस्थान लाना नहीं, बल्कि मधुबनी के युवाओं के भविष्य को संवारना है। मैं चाहता हूँ कि हमारे युवाओं को अपने सपनों को पूरा करने के लिए घर-परिवार छोड़कर दूर न जाना पड़े। विकास और अवसर मधुबनी की धरती पर ही उपलब्ध हों।ह्व माधव आनंद ने इस सकारात्मक पहल के लिए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी एवं केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी जी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि मंत्रालय शीघ्र ही इस प्रस्ताव पर अंतिम निर्णय लेकर मधुबनी के विकास को नई दिशा देने का कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि मधुबनी के विकास, रोजगार सृजन और युवाओं के सशक्तिकरण के लिए उनकी लड़ाई आगे भी पूरी प्रतिबद्धता के साथ जारी रहेगी।



मंत्री से मिलते विधायक फाइल फोटो

## पीएम सूर्य घर योजना से मधुबनी को मिलेगी 12 मेगावाट अतिरिक्त हरित ऊर्जा,12,700 बीपीएल परिवार होंगे लाभान्वित :जिलाधिकारी

**मधुबनी, (एनएसबी)।** राज्य में स्वच्छ एवं सस्ती ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल के तहत माननीय मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी द्वारा आज पटना में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत 1512 करोड़ रुपये की लागत से 2.5 लाख कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं के घरों की छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापना कार्य का शुभारंभ किया गया। इसके साथ ही ऊर्जा क्षेत्र से संबंधित 1278 करोड़ रुपये की विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण एवं कार्यारंभ भी किया गया।कार्यक्रम का राज्यव्यापी लाइव प्रसारण किया गया, जिसमें मधुबनी समाहरणालय स्थित एनआईसी कक्ष से जिलाधिकारी आनंद शर्मा, विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता, सभी कार्यपालक अभियंता एवं संबंधित पदाधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े। इस अवसर पर जानकारी दी गई कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत मधुबनी जिले के 21 प्रखंडों की 105 पंचायतों के लगभग 12,700 बीपीएल परिवारों को योजना से लाभान्वित किया जाएगा। योजना के पूर्ण क्रियान्वयन के उपरांत जिले को लगभग 12 मेगावाट अतिरिक्त हरित ऊर्जा उपलब्ध होगी, जिससे न केवल ऊर्जा उत्पादन में वृद्धि होगी बल्कि पर्यावरण संरक्षण को भी नई मजबूती मिलेगी।गौरतलब है कि बिहार सरकार द्वारा पूर्व से ही घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट तक बिजली निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। अब सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना के बाद पात्र उपभोक्ताओं को बिजली व्यय में और अधिक राहत मिलेगी तथा वे स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग से सीधे लाभान्वित होंगे।जिलाधिकारी आनंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना केंद्र सरकार की एक महत्वाकांक्षी एवं जनकल्याणकारी पहल है, जिसका उद्देश्य आम नागरिकों को सस्ती, स्वच्छ एवं टिकाऊ ऊर्जा उपलब्ध कराना तथा बिजली बिल के आर्थिक बोझ को कम करना है। उन्होंने कहा कि इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बल मिलेगा और पर्यावरण संरक्षण के राष्ट्रीय लक्ष्य को भी गति प्राप्त होगी।उन्होंने उपस्थित कार्यपालक अभियंताओं एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाए साथ ही सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना में गुणवत्ता मानकों का पूर्णतः पालन सुनिश्चित किया जाए और कार्यों की नियमित समीक्षा कर प्रगति प्रतिवेदन उपलब्ध कराया जाए।बैठक में विभिन्न विभागों के मध्य समन्वय स्थापित कर कार्यों को तीव्र गति से आगे बढ़ाने पर भी बल दिया गया, ताकि मधुबनी जिला योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में राज्य के अग्रणी जिलों में शामिल हो सके।जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना केवल एक ऊर्जा परियोजना नहीं, बल्कि हरित एवं आत्मनिर्भर भविष्य की आधारशिला है। यह योजना आमजन के जीवन स्तर में सुधार, ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को इस योजना को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ क्रियान्वित करने का निर्देश दिया। "समाहरणालय स्थित एनआईसी कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए कई लाभुकों ने भी सहभागिता की।उन्होंने माननीय मुख्यमंत्री जी के संबोधन को भी सुना। सभी ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को आम लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी एवं दूरदर्शी पहल बताते हुए सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। लाभुकों ने कहा कि इस योजना के माध्यम से न केवल बिजली व्यय में कमी आएगी, बल्कि स्वच्छ एवं नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को भी बढ़ावा मिलेगा, जिससे पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान सुनिश्चित होगा।"



जिलाधिकारी आनंद शर्मा

### मुख्यमंत्री ने जिले के 7968 कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं के घरों की छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र के अधिष्ठापन कार्य का आनलाइन किया उद्घाटन

# हजारों उपभोक्ताओं को प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना से आजीवन मुफ्त मिलेगी बिजली

**मुजफ्फरपुर (दैनिक नवसंदेश)।** सरकार के सतत एवं प्रभावी प्रयास से आज गांव-गांव और घर-घर तक निर्वाध बिजली पहुंच चुकी है तथा 125 यूनिट फ्री बिजली की सुविधा मिल रही है। विद्युत अधोसंरचना को मजबूत करने के साथ-साथ अब सरकार का लक्ष्य प्रत्येक पात्र परिवार को सौर ऊर्जा से जोड़ना है ताकि लोगों को स्वच्छ ऊर्जा के साथ आर्थिक लाभ भी मिल सके।

इस क्रम में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत मुजफ्फरपुर जिले के 16 प्रखंडों की 80 चयनित पंचायतों के कुल 42,776 कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं मे से प्रथम चरण मे 7968 घरों की छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र के अधिष्ठापन कार्य का उद्घाटन किया। आजीवन मुफ्त, स्वच्छ और हरित बिजली उपलब्ध कराने की योजना का ऑनलाइन उद्घाटन विद्युत भवन पटना मे आयोजित राज्यस्तरीय समारोह मे किया गया। कार्यक्रम के दौरान समाहरणालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुजफ्फरपुर की कुटीर ज्योति उपभोक्ता, मुसहरी के राजेपुनास गाँव निवासी नीलम देवी ने मुख्यमंत्री से संवाद करते हुए अपनी अनुभव साझा की। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री की पहल के कारण उन्हें 125 यूनिट मुफ्त बिजली का लाभ मिल रहा है, जिससे उनके परिवार का मासिक खर्च काफी कम हुआ है।

उन्होंने कहा कि पहले बिजली बिल की चिंता बनी रहती थी, लेकिन अब बची हुई राशि का उपयोग बच्चों की पढ़ाई-लिखाई, स्वास्थ्य एवं अन्य घरेलू आवश्यकताओं पर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब सोलर सिस्टम के माध्यम से आजीवन मुफ्त बिजली मिलने से परिवार को और अधिक आर्थिक राहत मिलेगी। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया।



ऑनलाइन उद्घाटन समारोह में मुजफ्फरपुर से कार्यक्रम में जुड़े जिलाधिकारी, जन प्रतिनिधिगण व कुटीर ज्योति महिला उपभोक्ताएं।

कार्यक्रम के दौरान समाहरणालय सभागार मे काँटी विधायक अजीत कुमार, जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन, उप विकास आयुक्त श्रेष्ठ अनुपम, एसडीओ पूर्वी तुषार कुमार, बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता, सभी कार्यपालक अभियंतागण, जिला स्तरीय अधिकारीगण, तथा बड़ी संख्या में लाभुक एवं आम नागरिक उपस्थित थे।

मौके पर जिलाधिकारी ने पत्रकारों को बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के प्रथम चरण में जिले के 7 हजार 968 पात्र उपभोक्ताओं के घरों पर रूफटाप सोलर सिस्टम स्थापित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रत्येक लाभार्थी के घर पर 1.1 किलोवाट क्षमता का सोलर सिस्टम लगाया जाएगा, जिसमें 550 वॉट क्षमता के दो सोलर पैनल लगाए जाएंगे। इससे घरेलू उपयोग के लिए पर्याप्त बिजली उपलब्ध होगी तथा उपभोक्ताओं का बिजली व्यय लगभग समाप्त हो जाएगा। उन्होंने बताया कि योजना के प्रथम चरण में जिले के सभी 16 प्रखंडों से पांच-पांच पंचायतों का चयन किया गया है। कुल 80 पंचायतों में 42 हजार 776 कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं की पहचान की गई है। परियोजना के माध्यम से जिले में 87. 65 मेगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि

योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए मुजफ्फरपुर जिले में लगभग 48.20 करोड़ रुपये की लागत का अनुमान लगाया गया है। प्रत्येक सोलर प्लांट की अनुमानित लागत 60,500 रुपये निर्धारित की गई है। योजना के तहत चयनित एजेंसी द्वारा सोलर पैनल की स्थापना, तकनीकी सहायता एवं आवश्यक रखरखाव की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी, जिससे उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

उन्होंने बताया कि जिले के सभी 16 प्रखंडों में एक साथ कार्य प्रारंभ किया जाएगा। प्रारंभ में प्रत्येक प्रखंड की एक पंचायत को प्राथमिकता देते हुए वहां के सभी इच्छुक एवं पात्र कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं के घरों पर सोलर सिस्टम लगाया जाएगा। इसके बाद अन्य पंचायतों में क्रमवार विस्तार किया जाएगा। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रति लोगों में व्यापक उत्साह देखने को मिल रहा है। जिले में अब तक कुल 4,521 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 1,319 घरों में सोलर पैनल का अधिष्ठापन पहले ही किया जा चुका है। लक्ष्य है कि अधिक से अधिक परिवारों को शीघ्र योजना का लाभ उपलब्ध कराया जाए। यह योजना न केवल बिजली बिल से राहत प्रदान करेगी। बल्कि पर्यावरण संरक्षण, कार्बन उत्सर्जन में कमी तथा नवीकरणीय ऊर्जा के विस्तार में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। ग्रामीण क्षेत्रों में सौर ऊर्जा के उपयोग से ऊर्जा आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा तथा गरीब परिवारों की आय में अप्रत्यक्ष वृद्धि होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### विकसित भारत संकल्प सम्मेलन की तैयारियों व सफलता को लेकर हुई बैठक

**मुजफ्फरपु(एनएसबी)।** नगर के इमलीचट्टी स्थित शुभकामना सभागार में 16 जून को आयोजित विकसित भारत संकल्प सम्मेलन की तैयारी को लेकर मुजफ्फरपुर पूर्वी जिला भाजपा कार्यालय में बैठक की गई। इस बैठक में 16 जून को होने वाले सम्मेलन की तैयारी औऱ कार्यक्रम की रुपरेखा पर विचार विमर्श किया गया। बताया गया कि विकसित भारत संकल्प सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद राधामोहन सिंह शामिल होंगे। बैठक में निर्णय




सम्मेलन की तैयारी को लेकर विचार विमर्श करते जिला भाजपा के पदाधिकारीगण।

लिया गया कि इस ऐतिहासिक सम्मेलन को पूरी तरह सफल बनाया जाएगा। वही सम्मेलन के सफल संचालन तथा व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने के लिए जिला भाजपा के पदाधिकारियों और मंच मोर्चा अध्यक्षों को जिम्मेदारी सौपी गई। इस महत्वपूर्ण बैठक में जिला भाजपा के पदाधिकारी, जिला कार्यसमिति के पदाधिकारियों सहित विभिन्न मंचों और मोर्चा के कार्यकताओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर सभी उपस्थित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष अशोक कुमार झा, उपाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह, जिला मंत्री परितोष सिंह, जिला कार्यालय मंत्री दिलीप कुमार, अजीत द्विवेदी, किसान मोर्चा अध्यक्ष पंकज सिंह, रामप्रवेश झा, रंजन कुमार ओझा, राजीव कुमार, अरविंद कुमार सिंह, रोहन कुमार आदि उपस्थित थे।

### अलजाइमर एवं मानसिक स्वास्थ्य पर केंद्रित संगोष्ठी में डॉक्टरों ने कई सावधानियां बरतने की दी सलाह

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** आमगोला रोड स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सुख शांति भवन में रविवार को अल्जाइमर एवं मस्तिष्क जागरूकता माह के आलोक में संगोष्ठी आयोजित किया गया। डॉ बी एल सिंघानिया की अध्यक्षता में आयोजित सेमिनार को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि उप मेयर डॉ मोनालिसा ने कहा कि अल्जाइमर केवल स्मृति से जुड़ी बीमारी नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति के सोचने, समझने, निर्णय लेने और दैनिक जीवन जीने की क्षमता को प्रभावित करने वाला गंभीर न्यूरो डिजनरेटिव रोग है। उन्होंने कहा कि समय पर इसकी पहचान, स्वस्थ जीवन शैली, नियमित शारीरिक गतिविधि, मानसिक व्यायाम और सामाजिक जुड़ाव के माध्यम से इसके जोखिम को काफी हद तक कम किया जा सकता है। वरिष्ठ बाल रोग चिकित्सक डॉ अरुण शाह ने कहा कि अल्जाइमर में ये लक्षण दिखाई देते हैं जैसे हाल की घटनाओं को याद ना रखना, संवाद करने में कठिनाई, आसपास के वातावरण की समझ में कमी, मूड में बदलाव इत्यादि। सदर अस्पताल के गैर संचारी रोग अधिकारी डॉ नवीन कुमार ने कहा कि अल्जाइमर से बचाव के लिए नियमित व्यायाम और पैदल चलने की आदत डालें। मानसिक रूप से सक्रिय रहें। पढ़ना लिखना, पहेलियां हल करना, शतरंज खेलना, नई चीजें सीखना इस बिमारी में लाभदायक है। अध्यक्षता कर रहे डॉ बीएल सिंघानिया ने कहा कि अलजामर पीड़ित मरीज को भोजन में हरी सब्जियां, ताजा फल, ड्राई फ्रूट्स, अलसी, अखरोट और ओमेगा 3 युक्त खाद्य पदार्थ शामिल करना चाहिए। धूम्रपान और शराब से दूरी बनाकर रखनी चाहिए। तनाव कम करने तथा पर्याप्त नींद लेना चाहिए। यदि परिवार में अल्जाइमर का इतिहास है तो 35 से 40 वर्ष के बाद विशेष सतर्कता बरतनी चाहिए। स्मरण शक्ति में कमी होने पर विशेषज्ञ से परामर्श लेना चाहिए। वैद्य डॉ ललन तिवारी, डॉ फनीश चंद्र,त्रिलोकी प्रसाद वर्मा, नरेश कुमार, जगदीश शर्मा एवं मोहन प्रसाद सिन्हा ने भी इस संदर्भ में अपनी बातें रखी। मौके पर जी एन भट्ट, एके नाथानी, बीके सीमा, बीके रेणु, बीके भास्कर, बीके महेश सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### मासिक कवि गोष्ठी में कवियों ने शब्द भावों से अलंकृत रचनाएं सुना श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** नगर के गोला रोड स्थित गांधी पुस्तकालय सभागार में रविवार को अयोध्या प्रसाद खत्री साहित्यिक सेवा संस्थान के तत्वावधान में मासिक कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। भोजपुरी के वरिष्ठ कवि सतेन्द्र कुमार सत्येन की अध्यक्षता तथा युवा कवि उमेश राज के संचालकत्व में शुरू हुए इस कवि गोष्ठी की शुरूआत कवि अरुण कुमार तुलसी की रचना " अतीत के मर्म स्थल से वर्तमान के पटल पर..." से हुआ। इसके पश्चात कवि गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे सतेंद्र कुमार सत्येन, कवि ओम प्रकाश गुप्ता, हास्य कवि डॉक्टर जगदीश शर्मा, उमेश राज, रामवृक्ष राम चकपुरी, वरिष्ठ कवि अंजनी कुमार पाठक, मुकेश पासवान, अशोक भारती आदि कवियों ने विभिन्न शब्द भाव से भरे अपनी नवरचित रचनाए सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया और भरपूर तालियां बटोरी। कार्यक्रम में नागरिक मोर्चा के महासचिव मोहन प्रसाद सिन्हा, अजय कुमार, परशुराम ब्याहुत, पप्पू जी सहित भारी संख्या में अन्य श्रोता उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में श्री गांधी पुस्तकालय ट्रस्ट के ट्रस्टी सह संयुक्त सचिव मुकेश पासवान ने उपस्थित कवियों और श्रोताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

# नीट का फर्जी प्रश्नपत्र बेचकर लाखों की ठगी करने वाले साइबर फ्रॉड गिरोह का पर्दाफाश

**मुजफ्फरपुर (दैनिक नवसंदेश)।** पुलिस ने नीट परीक्षा का फर्जी प्रश्नपत्र बेचने के नाम पर साइबर ठगी करने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए गिरोह के चार और सदस्यों को गिरफ्तार किया है। टेलीग्राम के जरिए अभ्यर्थियों और उनके परिजनों को झांसा देकर लाखों रुपये वसूलने वाले इस गिरोह के काले कारनामे का पदार्फाश करते हुए पुलिस ने इस नेटवर्क में शामिल अबतक कुल पांच लोगो को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया जा चूका है।

यह गिरोह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म टेलीग्राम के माध्यम से अभ्यर्थियों और उनके परिजनों को फर्जी प्रश्नपत्र का झांसा देकर रुपए वसूलता था। नगर थाना और सिकंदरपुर थाना क्षेत्र से जुड़े इस मामले में पुलिस ने अबतक कुल पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ज्ञात हो कि इस मामले के मुख्य आरोपी मनीष झा को पहले ही पुलिस गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज चुकी है, जबकि गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है। यह जानकारी देते हुए एसएसपी काँतेश कुमार मिश्रा ने बताया कि बीते 2 जून को मुजफ्फरपुर पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के बालूघाट स्थित चॉकलेट फैक्ट्री के पास एक किराये के मकान में नीट परीक्षा का फर्जी प्रश्नपत्र तैयार कर टेलीग्राम के जरिए बेचा जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर जजुआर थाना क्षेत्र निवासी मनीष झा को गिरफ्तार किया। जांच के दौरान उसके पास से चार मोबाइल फोन और एक लैपटॉप बरामद किया गया । इसके बाद गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश शुरू की गई।पुलिस की गिरफ्त में आए आरोपियों की पहचान नगर थाना क्षेत्र निवासी हर्ष, अमन कुमार, कन्हैया कुमार उर्फ मानव तथा सिकंदरपुर थाना क्षेत्र निवासी हर्ष कनोडिया के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे टेलीग्राम के माध्यम से छात्रों और अभिभावकों से संपर्क कर नीट परीक्षा का प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने का झांसा देते थे। इसके बदले विभिन्न बैंक खातों में ऑनलाइन रकम जमा कराई जाती थी। ठगी से प्राप्त राशि मुख्य आरोपी मनीष झा तक पहुंचाई जाती थी, जिसके बाद उसे विभिन्न खातों में जमा कराया जाता था। इस मामले में एसएसपी कांतेश कुमार मिश्र ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के पास से तीन मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। जांच में यह भी बात सामने आई है कि गिरोह के सदस्य अलग-अलग लोगों से संपर्क कर उनके खातों में रकम जमा कराते थे, जिसे बाद में गिरोह के अन्य सदस्य निकाल लेते थे। पुलिस अब गिरोह के आपराधिक इतिहास और इसके नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटाने में लगी है।



गिरफ्तार साइबर फ्रॉड गिरोह के काले कारनामे की जानकारी देते एसएसपी।



पुलिस गिरफ्त में नगर क्षेत्र से साइबर फ्रॉड मामले में पकड़े गए अपराधी।

**सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म टेलीग्राम के माध्यम से अभ्यर्थियों व उनके परिजनों को फर्जी प्रश्नपत्र का झांसा देकर रुपए की वसूली करते थे गिरोह के सदस्य**

एसएसपी के अनुसार इस पूर्रे मामले की जांच शुरू कर दी गई है। साथ हीं साइबर ठगी के इस नेटवर्क से जुड़े अन्य आरोपियों की पहचान कर जल्द कार्रवाई की जाएगी। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि क्या यह गिरोह नीट जैसी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा के अलावा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के नाम पर भी फर्जी पेपर बेचकर ठगी करता था।

## मुजफ्फरपुर में छिनतई करने वाले गिरोह का पदार्फाश, तीन अपराधी दबोचे गए

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** जिले में लगातार बढ़ती चोरी और राहजनी की घटनाओ को लेकर एसएसपी द्वारा पुलिस पदाधिकारियों को दिए गए सख्त निर्देश के बाद सक्रिय हुई मुजफ्फरपुर पुलिस ने भीखनपुर इलाके के पास एक महिला से सरेराह पर्स झपट कर भाग रहे छिंतई गिरोह के तीन अपराधियों को रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। साथ हीं पुलिस ने घटना के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए इस गिरोह के काले कारनामे का पदार्फाश भी कर दिया। पुलिस के अनुसार पकड़े गए अपराधीयों की पहचान अहियापुर थाना क्षेत्र के निवासी राहुल कुमार, आलोक कुमार और अभिषेक कुमार के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार यह गिरोह काफी समय से शहर के अलग-अलग इलाकों में आतंक का पर्याय बना हुआ था और राह चलती महिलाओं तथा राहगीरों को अपना निशाना बना रहा था।

**राह चलती महिलाओं तथा राहगीरों को अपना निशाना बना रहा था यह गिरोह**



छिंतई गिरोह के तीन अपराधियों की गिरफ्तारी के संबंध में जानकारी देती एसडीपीओ टाउन टू विनीता सिन्हा।।

इस बड़ी सफलता के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए एसडीपीओ टाउन-2 विनीता सिन्हा ने बताया कि गिरफ्तार किए गए तीनों अपराधियों का पुराना और लंबा अपराधिक इतिहास रहा है। इनके खिलाफ पहले से भी विभिन्न थानों में मामले दर्ज हैं। उन्होंने कहा कि इस गिरोह के पकड़े जाने से शहर में छिनतई की घटनाओं पर काफी हद तक लगाम लगेगी। एसडीपीओ ने यह भी स्पष्ट किया कि गिरोह के कुछ अन्य सदस्य अभी फरार हैं, जिनकी पहचान कर ली गई है। पुलिस की टीमें उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही हैं और जल्द ही उन्हें भी जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया जाएगा।

## एनटीपीसी कांटी में स्टेज-क की चिमनी का किया गया सुरक्षित एवं सफल ध्वस्तीकरण

**काँटी(एनएसबी)।** एनटीपीसी कांटी में बंद हो चुके स्टेज-कसंयंत्र से संबंधित संरचनाओं के चरणबद्ध निष्कासन कार्य के अंतर्गत रविवार की दोपहर स्टेज-क की चिमनी का सुरक्षित एवं नियंत्रित तरीके से ध्वस्तीकरण किया गया। यह कार्य सभी आवश्यक वैधानिक अनुमतियां प्राप्त करने के उपरांत विशेषज्ञों की निगरानी तथा निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुरूप सफलतापूर्वक संपन्न किया गया।



ज्ञात हो कि एनटीपीसी कांटी का स्टेज-क संयंत्र लंबे समय से बंद था। संयंत्र से जुड़ी पुरानी एवं अनुपयोगी मशीनरी तथा संरचनाओं को चरणबद्ध तरीके से हटाने की प्रक्रिया जारी है। इसी क्रम में रविवार को स्टेज-क की चिमनी का ध्वस्तीकरण किया गया, जो इस प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण चरण है। ध्वस्तीकरण कार्य से पूर्व सभी संबंधित विभागों एवं सक्षम प्राधिकारियों से आवश्यक अनुमतियां प्राप्त की गईं। इसके साथ ही विस्तृत सुरक्षा योजना तैयार कर उसका कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया गया। पूरे अभियान के दौरान विशेषज्ञ एजेंसियों एवं तकनीकी विशेषज्ञों की टीम स्थल पर मौजूद रही तथा प्रत्येक गतिविधि की सतत निगरानी की गई। कार्यस्थल एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। कर्मचारियों, स्थानीय नागरिकों तथा परियोजना की अन्य परिसंपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक एहतियाती कदम उठाए गए। नियंत्रित तकनीक के माध्यम से चिमनी को योजनानुसार सुरक्षित रूप से ध्वस्त कर दिया गया। एनटीपीसी कांटी प्रबंधन ने बताया कि पूरा ध्वस्तीकरण कार्य बिना किसी दुर्घटना, जनहानि, चोट, पर्यावरणीय क्षति अथवा संपत्ति के नुकसान के सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।

# 182 साल पुराने मुजफ्फरपुर जिला स्कूल का बदलेगा नाम

### अब राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी मॉडल स्कूल योजना के तहत बनेगा 'सरस्वती विद्या निकेतन'

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी) ।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी मॉडल स्कूल योजना के तहत जिले के 182 वर्ष पुराने ऐतिहासिक मुजफ्फरपुर जिला स्कूल की पहचान नए स्वरूप में स्थापित होने जा रही है। नई व्यवस्था के तहत विद्यालय का नाम बदलकर सरस्वती विद्या निकेतन रखा जाएगा। इसके साथ ही विद्यालय को आधुनिक सुविधाओं से लैस एक आदर्श शिक्षण संस्थान के रूप में विकसित किया जाएगा।

शिक्षा विभाग के निर्देश पर विद्यालय प्रशासन ने आधारभूत संरचना, संसाधनों और अन्य आवश्यकताओं से संबंधित विस्तृत प्रस्ताव विभाग को भेज दिया है। वर्ष 1844 में स्थापित यह विद्यालय जिले की शैक्षणिक विरासत का महत्वपूर्ण केंद्र रहा है। अब इसे अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त मॉडल विद्यालय के रूप में विकसित कर विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण और प्रतिस्पर्धी शिक्षा उपलब्ध कराने की तैयारी की जा रही है। विद्यालय में वर्तमान में लगभग 1300 छात्र नामांकित हैं, जबकि 31 शिक्षक कार्यरत हैं। परिसर में 19 कमरे और एक बड़ा हॉल उपलब्ध है। मॉडल स्कूल के रूप में विकसित होने के बाद अतिरिक्त वर्ग कक्ष, आधुनिक विज्ञान प्रयोगशालाएं और अन्य शैक्षणिक सुविधाओं की आवश्यकता होगी। प्रयोगात्मक शिक्षा को प्रभावी बनाने के लिए मौजूदा प्रयोगशालाओं को भी अपग्रेड किया जाएगा। जिला स्कूल परिसर में छात्रावास की सुविधा भी उपलब्ध है। नई योजना के तहत इसे चरणबद्ध तरीके से आवासीय विद्यालय का स्वरूप दिया जाएगा, ताकि दूरदराज के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सके। मॉडल विद्यालय बनने के बाद यहां स्मार्ट क्लासरूम, आधुनिक पुस्तकालय, अत्याधुनिक विज्ञान प्रयोगशालाएं, डिजिटल शिक्षण संसाधन तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की प्रारंभिक तैयारी जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इससे छात्रों को बेहतर शिक्षण वातावरण और प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी में मदद मिलेगी।



मुजफ्फरपुर जिला स्कूल का फोटो, जिसे अब आदर्श शिक्षण संस्थान सरस्वती विद्या निकेतन के रूप में मिलेगी पहचान।

शिक्षा विभाग का उद्देश्य जिला स्कूल को उत्कृष्ट शिक्षण केंद्र के रूप में विकसित कर सरकारी विद्यालयों की गुणवत्ता को निजी शिक्षण संस्थानों के समकक्ष लाना है। इसके तहत आधारभूत संरचना, शिक्षण संसाधनों और शैक्षणिक गतिविधियों में व्यापक सुधार किए जाएंगे। जिला स्कूल के अलावा जिले के प्रत्येक प्रखंड में भी एक-एक मॉडल स्कूल संचालित किया जा रहा है। इन विद्यालयों को भी चरणबद्ध तरीके से आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित कर राज्य के उत्कृष्ट सरकारी शिक्षण संस्थानों के रूप में विकसित किया जाएगा।

शिक्षा विभाग का मानना है कि इस पहल से सरकारी विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा, छात्रों को बेहतर अवसर प्राप्त होंगे तथा ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के विद्यार्थियों के बीच शैक्षणिक अंतर को कम करने में मदद मिलेगी।

# बलभद्र विवाहुत सेवा न्यास के बहुमंजिला कलवार अतिथि भवन का उद्घाटन सह सम्मान समारोह

**कार्यक्रम में कलवार उत्सव-2026 स्मारिका का हुआ विमोचन**

**समारोह में बड़ी संख्या में जुटे कलवार समाज के गणमान्य लोग**

**सीतामढ़ी (दैनिक नवसंदेश)।** श्री बलभद्र विवाहुत सेवा न्यास (रजि. ट्रस्ट), सीतामढ़ी के तत्वावधान में रविवार को नवनिर्मित बहुमंजिला कलवार अतिथि भवन के उद्घाटन सह सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े गणमान्य व्यक्तियों, सामाजिक कार्यकताओं, बुद्धिजीवियों एवं बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता रही।

कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार सरकार की पूर्व मंत्री एवं पूर्व सांसद श्रीमती रमा देवी तथा बिहार सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने संयुक्त रूप से शिलापट्ट का अनावरण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। समारोह की अध्यक्षता अशोक कुमार, प्रो. नरेश कुमार राज एवं श्रीमती सीमा गुप्ता ने की।



दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ करते अतिथि व गणमान्य।



'कलवार उत्सव-2026' स्मारिका का विमोचन करते अतिथिगण।

अपने संबोधन में श्रीमती रमा देवी ने कहा कि समाज की प्रगति शिक्षा, संगठन और सामाजिक समरसता से ही संभव है। उन्होंने कलवार समाज द्वारा सामाजिक एवं शैक्षणिक क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि अतिथि भवन का निर्माण समाज के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। वहीं पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने कहा कि ऐसे संस्थागत निर्माण सामाजिक एकजुटता को मजबूत करने के साथ-साथ आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देने का कार्य करते हैं। उन्होंने युवाओं से समाज सेवा, शिक्षा और नेतृत्व क्षमता के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। समारोह के दौरान समाज के चंदादाता ट्रस्टियों, सहयोगकताओं एवं विशिष्ट व्यक्तियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही न्यास द्वारा संचालित जनहित एवं समाजोत्थान से जुड़े नए कार्यों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर "कलवार उत्सव-2026" स्मारिका का भी विधिवत विमोचन किया गया।

कार्यक्रम में राज्य के विभिन्न जिलों से आए अतिथियों में राजेंद्र प्रसाद, अशोक चौधरी, जय कृष्ण भगत, मिथलेश जायसवाल, दिनेश भगत, विवेक कुमार, सुजीत चौधरी एवं बबलू चौधरी सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए। वहीं स्थानीय स्तर पर अभय प्रसाद, विवेक प्रसाद, चंद्रेश्वर प्रसाद, मनोज कुमार, रितु जायसवाल, डॉ. निर्मल गुप्ता, अशोक कुमार, संजय कुमार सिन्हा, रामबाबू प्रसाद, सुकेश कुमार सोनी, संजय पप्पू, रामाशंकर प्रसाद, बैजनाथ प्रसाद एवं राकेश चौधरी सहित बड़ी संख्या में समाजसेवी एवं बुद्धिजीवी उपस्थित रहे।

समारोह के अंत में न्यास की ओर से सभी अतिथियों, सहयोगियों एवं उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। साथ ही समाज के सर्वांगीण विकास, शिक्षा के प्रसार, सामाजिक सहयोग एवं संगठन की मजबूती के लिए निरंतर कार्य करते रहने का संकल्प दोहराया गया। कार्यक्रम का समापन सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुआ।

## संक्षिप्त खबरें

### दवा दुकान में छापेमारी के दौरान हंगामा मामले में तीन नामजद सहित 40-50 अज्ञात पर एफआईआर

**बैरगनिया/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** स्थानीय अस्पताल चौक स्थित मिकरानी मेडिकल दुकान में शनिवार को एसएसबी एवं पुलिस के संयुक्त छापेमारी के दौरान हंगामा और सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने के मामले में पुलिस ने तीन नामजद सहित 40-50 अज्ञात लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज किया है।

थानाध्यक्ष अरविन्द कुमार गिरी ने बताया कि एसएसबी एम समवाय के उप निरीक्षक संतोष कुमार के आवेदन पर कांड दर्ज किया गया है जिसमें उल्लेख है कि गुप्त सूचना मिली थी कि मिकरानी मेडिकल में नशीली दवाओं की बिक्री की जाती है जिसकी सत्यापन के बाद ही एसएसबी पुलिस के सहयोग से छापेमारी की इसी दौरान दुकान संचालक के 40-50 समर्थक पहुँचकर छापेमारी दल के साथ धक्का मुक्की,सरकारी कार्य मे बाधा पहुँचाने के साथ ही संचालक को भगाने का प्रयास किया लेकिन संचालक मो.साकिब, मो.आसिफ पकड़ा गया जबकि मो. समीर फरार हो गया है। उतपन्न परिस्थिति से निबटने के लिए एसएसबी ने अतिरिक्त जवानों को बुलाया जो पहुँचते ही भीड़ को तीतर बितर कर स्थिति को नियंत्रित किया फिर करवाई शुरू हुई तब दुकान के पीछे बनी अलमारी में काले रंग की पॉलिथीन में छिपाकर रखी गई कोडिंन नामक सौ एमएल की प्रतिबंधित कफ सिरप की 9 बोतलें बरामद की।

उन्होंने बताया कि एसएसबी ने मो. साकिब, मो. आसिफ को बरामद सिरप के साथ सुपुर्द किया ततपश्चात कांड दर्ज कर दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। घटना के बाद अस्पताल चौक एवं आसपास के क्षेत्रों में छापेमारी और हंगामे की चर्चा रविवार को दिन भर होती रही। इधर पुलिस फरार को गिरफ्तार करने के साथ ही अज्ञात लोगों की पहचान में जुट गई है। वहीं एसएसबी जवानों की पिटाई से जख्मी यूटूबर सहित जख्मी लोग सरकारी, गैर सरकारी अस्पतालों में इलाज करा रहे है। घटना को लेकर शनिवार की रात ही डीएसपी सदर थाना पहुच कर घटनाक्रम की जानकारी लेने के साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश दिया था।

### प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष संगठन सृजन के प्रभारी एवं जिलाध्यक्ष संग जूम मीटिंग कर किया संवाद

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** बिहार कांग्रेस के प्रभारी श्री कृष्णा अल्लावरू जी एवं बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष राजेश राम द्वारा बिहार के सभी संगठन सृजन के प्रभारी एवं जिलाध्यक्ष संग जूम मीटिंग का आयोजन कर संवाद किया गया। ग्रामीण मुजफ्फरपुर संगठन सृजन के जिला प्रभारी रकटू प्रसाद भी जूम मीटिंग में शामिल हुए। बिहार के प्रभारी श्री कृष्णा अल्लावरू जी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस द्वारा संगठन से संबंधित विस्तृत जानकारी का आदान-प्रदान किया एवं मार्गदर्शन दिए। रकटू प्रसाद मुजफ्फरपुर ग्रामीण जिला प्रभारी ने संगठनात्मक गतिविधि, गतिरोध एवं संगठनात्मक समस्याओं से केंद्रीय प्रभारी एवं प्रदेश अध्यक्ष को अवगत कराया। कृष्णा अल्लावरु ने कांग्रेस संगठन को सुदृढ़ित बनाने हेतु जन समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहने की सीख दी।

### जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन मुजफ्फरपुर के द्वारा 'साकल्य' पत्रिका के प्रकाशन को लेकर हुई बैठक

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन मुजफ्फरपुर के पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक रविवार को चित्तरंजन सिन्हा कनक की अध्यक्षता में कार्यकारिणी सदस्य उमानाथ सिंह के सराय सैयद अली गली स्थित आवास पर हुई। इस दौरान सम्मेलन के प्रधानमंत्री साहित्य मार्तण्ड उदय नारायण सिंह ने सदस्यों का स्वागत किया। साथ ही विषय प्रवेश कराते हुए उन्होंने कहा कि साहित्य धूप तले की छांह है। साहित्य की साधना ब्रह्म की साधना है। उन्होंने कहा कि जो समाज साहित्य से हीन हो जाता है, उसकी भूमिका समाज मे पर कटे पक्षी का पर्यायवाची हो जाता है। इस क्रम में चित्तरंजन सिन्हा कनक ने जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन मुजफ्फरपुर के द्वारा 'साकल्य' पत्रिका का प्रकाशन किए जाने की भावना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि उनकी इच्छा थी कि साकल्य का प्रकाशन अविलंब हो और अब वह दिन आ गया है। जब कुछ दिनों बाद साकल्य की खुशबू से मुजफ्फरपुर सुवासित होगी। डां विनोद कुमार सिन्हा ने कहा कि कनक बाबू अपने इस कृति के साथ कनक की तरह चमकेंगे। प्रियंवदा दास ने अपने उद्गार में कहा कि यह साकल्य, नाम का साकल्य नहीं बल्कि यह साहित्यिक साकल्य है जो अपने नाम के अनुरूप शुद्ध-बुद्ध एवं श्रेष्ठ है। डां लोकनाथ मिश्र ने अपनी भावना को शब्द देते हुए कहा कि साकल्य अपने गुण और कर्म के अनुरूप और अनुकूल है। डां हरिकिशोर प्रसाद सिंह ने कहा कि साकल्य के साथ मुजफ्फरपुर के कीर्तिशेष साहित्यकारों की कृति भी पुस्तक रूप में आना जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन मुजफ्फरपुर के लिए गौरव की बात होंगी। इस अवसर पर प्रेम कुमार वर्मा, कथा शिल्पी देवेन्द्र कुमार, डॉ बीरेन्द्र कुमार मल्लिक, मधु मंगल ठाकुर, रमेश प्रसाद श्रीवास्तव, उमा शंकर चौरसिया, रामचन्द्र सिंह, सतीश कुमार आदि वक्ताओ ने भी अपने विचार रखे। धन्यवाद ज्ञापन उमानाथ सिंह ने किया।

# लैंड पुलिंग तथा लैंड लॉक वापस ले सरकार नहीं तो 15 दिन बाद समाहरणालय का घेराव

**खेत तथा रोजी-रोटी बचाने के लिए मनियारी पोखर पर किसान महापंचायत में लिया गया निर्णय**

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** सेटेलाईट सीतापुरम सीटी प्रोजेक्ट की सरकारी घोषणा से आक्रोशित मनियारी तथा आसपास के किसान-मजदूरों ने भूमि बचाओ संघर्ष समिति के तत्वावधान में खेत तथा रोजी-रोटी बचाने के लिए मनियारी पोखर पर किसान महापंचायत आयोजित कर संघर्ष तेज करने का ऐलान किया। सर्वसम्मत प्रस्ताव द्वारा तय किया गया कि सरकार सीतापुरम प्रोजेक्ट वापस ले नहीं तो 15 दिन बाद किसान-मजदूर समाहरणालय का घेराव करेंगे।

महापंचायत की अध्यक्षता किसान नेता योगेन्द्र प्रसाद यादव ने की तथा मंच संचालन राम सागर ठाकुर ने की। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर सीएम से मांग की गई कि देश की सबसे उपजाऊ सीतामढ़ी की भूमि को लैंड पुलिंग योजना तथा लैंड लौक से मुक्त कर कृषि विशेष क्षेत्र घोषित करें तथा कृषि पर आधारित उद्योग खोलकर रोजगार की व्यवस्था की जाए। यह गन्ना फसल का सघन क्षेत्र है जिससे रीगा चीनी मिल संचालित होता है। किसान-मजदूर मंदिर के अलावे सरकार को एक इंच भूमि नहीं देगी, सरकार सीता मंदिर निर्माण शीघ्र पूरा कराये। महापंचायत को भूमि बचाओ संघर्ष समिति के संरक्षक बैधनाथ हाथी, राम सागर ठाकुर, प्रेमचन्द्र सिंह, मुखिया प्रतिनिधि सुरेन्द्र कुमार साह,



किसान महापंचायत को सम्बोधित करते किसान नेता व उपस्थित अन्य।

प्रो. आनन्द किशोर, सत्यनारायण सिंह, अमरेन्द्र राय, अनवर अंसारी, नवीन कुमार सिंह, रामबाबू राय, सतीश कुमार सिंह, अवधेश यादव, पूर्व मुखिया शंभू यादव, अशोक निराला, अश्विनि कुमार मिश्र, शिवचंद्र यादव, खेदू महतो, शंकर यादव, लालबाबू साह, दीपक कुमार सिंह, छोटे साह, रवीन्द्र कुमार सिंह, मदन मोहन ठाकुर सहित दर्जनों किसानों ने महापंचायत को संबोधित किया।

किसान महापंचायत में सर्वसम्मति से पूर्व सरपंच प्रेमचन्द्र सिंह को संयोजक तथा मुखिया प्रतिनिधि सुरेन्द्र कुमार साह तथा रबीन्द्र कुमार सिंह को सह-संयोजक सहित 21 सदस्यीय समिति का चुनाव किया।

# विश्व रक्तदाता दिवस पर फोटोग्राफर एसोसिएशन ने लगाया रक्तदान शिविर, 33 यूनिट रक्त संग्रहित

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर बिहार फोटोग्राफर एसोसिएशन, सीतामढ़ी द्वारा सदर अस्पताल स्थित रक्त संग्रह केंद्र में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन सिविल सर्जन, डीएमओ एवं डीएस ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान 33 रक्तवीर एवं रक्त वीरांगनाओं ने रक्तदान कर मानवता की सेवा का संदेश दिया।

डीएमओ डॉ. रविंद्र यादव ने कहा कि रक्तदान करने वाले लोगों को रक्त संग्रह केंद्र में हरसंभव सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष एवं शिविर संयोजक संजय कुमार ने सभी रक्तदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उनके पुत्र आकाश कुमार ने अपने जीवन का नौवां रक्तदान किया।




विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर शिविर में रक्त वीरांगना को पौधा भेंट कर सम्मानित करतीं डॉ. प्रतिमा आनंद व अन्य।

शिविर को रक्तदाता समूह सीतामढ़ी, रक्तदाता समूह पुपरी, रक्तदाता समूह बाजपट्टी एवं बीएसएसआर यूनियन का सहयोग प्राप्त हुआ। श्रीमती अनीता श्रीवास्तव ने पहली बार रक्तदान किया, जबकि शहर की प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. प्रतिमा आनंद ने अपना 24वां रक्तदान कर प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया। डॉ. राजीव कुमार काजू, डॉ. राहुल द्विवेदी एवं मोना पटेल ने भी रक्तदान किया। शिविर की सफलता में नीरज गोयनका, संदीप डालमिया, अमरनाथ कुमार, रत्नेश कुमार सहित कई लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर एलटी विकास पंडित एवं मोहम्मद शमीम ने भी योगदान दिया। सभी रक्तदाताओं को मोमेंटो, सम्मान-पत्र एवं पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में नीरज गोयनका, संदीप डालमिया, डॉ. प्रतिमा आनंद, संजय कुमार, अमरनाथ कुमार, रत्नेश कुमार, संतोष कुमार, पूर्व सैनिक अनिल कुमार, डॉ. राजेश कुमार सुमन, डॉ. राहुल द्विवेदी, डॉ. राजीव कुमार काजू, अमरेंद्र कुमार, अजय कुमार, अरुण कुमार, अमित कुमार, आकाश कुमार सानू, राजेश कुमार दास, राजीव कुमार, मोना पटेल, अजय कुमार रिंकू, अनीता श्रीवास्तव, गुड्डू कुमार, बबलू कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### विश्व रक्तदान दिवस पर मुफ्त हेल्थ जांच शिविर

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर मुजफ्फरपुर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ गौरव वर्मा ने वार्ड नंबर 37 में माई स्थान के समीप मुफ्त चिकित्सीय जांच शिविर लगाया गया। जिसमें लगभग 150 मरीजों का मुफ्त चिकित्सीय परामर्श एवं रक्त जांच आयोजित किया गया। डॉ गौरव वर्मा ने कहा कि आज विश्व रक्तदान दिवस पर जनता से अपील किये कि सभी स्वास्थ्य से संबंधित जांच समय-समय पर अवश्य करावे। जिसमें समय पर बीमारी का पता लग सके एवं समय पर उपचार हो सकें। डॉ गौरव वर्मा ने कहा कि रक्तदान महादान। आपके रक्तदान से किसी का जीवन बच सकता है तों यह पुण्य का भागी होता है। इस अवसर पर डॉ गौरव वर्मा, डॉ नीति वर्मा, डॉ सौरभ कुमार, वार्ड पार्षद अमित कुमार, सर्वजीत प्रियदर्शी, शिव वर्मा, अजय राम, राजेश पासवान, प्रतीक शंकर, रत्न पटेल, अमित प्रकाश श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

### सड़क हादसे में बेटे की मौत, मुआवजे के लिए दर-दर भटक रहे घायल पिता

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** जिले के सरैया (जैतपुर) थाना क्षेत्र के रेपुरा रामपुर वल्ली गांव निवासी ब्रजेश कुणाल का परिवार पिछले डेढ़ वर्ष से सड़क हादसे में पुत्र की मौत के बाद न्याय और मुआवजे के लिए संघर्ष कर रहा है। 13 मार्च 2025 को सरैया थाना कांड संख्या - 170/25 के तहत उनके पुत्र कुशीक राज उर्फ शिबू की चकिया टोला मोहम्मदपुर के समीप एक तेज रफ्तार कंटेनर की चपेट में आने से मौत हो गई थी। मुआवजे की मांग को लेकर लगातार सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने के दौरान ब्रजेश कुणाल स्वयं भी एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बावजूद वे अपने दिवंगत पुत्र के लिए न्याय की लड़ाई लड़ रहे हैं।

मामले में 12 दिसंबर 2025 को लोक शिकायत निवारण कार्यालय में परिवाद दर्ज कराया गया था। जांच के बाद जिला परिवहन पदाधिकारी ने दावा को वैध मानते हुए स्वीकृति के लिए अग्रसारित किया। जिला पदाधिकारी-सह-दावा निपटान आयुक्त की स्वीकृति के बाद भुगतान हेतु जनरल इंश्योरेंस कंपनी, मुंबई को भेजा गया, लेकिन अब तक राशि का भुगतान नहीं हो सका है। इसके अलावा जिला पदाधिकारी कार्यालय द्वारा ज्ञापांक-133, दिनांक 12 फरवरी 2026 के माध्यम से भी भुगतान की अनुशंसा करते हुए आवेदन बीमा कंपनी को भेजा गया था। इस संबंध में वरिष्ठ अधिवक्ता अरुण कुमार शुक्ला ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर मानवीय आधार पर लंबित मुआवजे का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित कराने की मांग की है।

### चौकीदार के असामयिक निधन पर बैरगनिया थाना परिसर में शोकसभा



चौकीदार के निधन पर शोक सभा में शामिल पुलिस।

**बैरगनिया/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** स्थानीय थाना के चौकीदार व अशोगी गांव निवासी विश्वनाथ राय के असामयिक निधन पर थाना परिसर में शोकसभा का आयोजन कर मृतक चौकीदार की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर नम आंखों से उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना की गई। थानाध्यक्ष अरविन्द कुमार गिरी की अध्यक्षता में आहुत शोक सभा कार्यक्रम में थाना के पुलिस पदाधिकारी, चौकीदार,जवान शामिल होकर दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित सभी लोगों ने स्वर्गीय विश्वनाथ राय के कर्तव्यनिष्ठ, अनुशासित एवं समर्पित सेवाभाव को याद किया। थानाध्यक्ष ने कहा कि उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा और उनकी कमी हमेशा महसूस की जाएगी।

उन्होंने शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें तथा परिजनों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति दें। मौन श्रद्धांजलि के दौरान थाना परिसर का वातावरण गमगीन रहा। उपस्थित सभी लोगों ने दिवंगत चौकीदार को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके प्रति अपने सम्मान और श्रद्धा व्यक्त की।

# मां सीता के आदर्शों पर विचार गोष्ठी व कवि सम्मेलन आयोजित

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** सीता संवाद आध्यात्मिक एवं साहित्यिक यात्रा के तत्वावधान में फ्रंट एज स्कूल, हॉस्पिटल रोड, सीतामढ़ी में साहित्यकार विमल कुमार परिमल की अध्यक्षता में मां सीता के जीवन चरित पर विचार गोष्ठी सह कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मां सीता को समर्पित रहा।

मुख्य वक्ता प्रो. डॉ. राम विनय सिंह (संस्कृत विभाग, डीएवी पीजी कॉलेज, देहरादून) ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने माता सीता को सर्वोच्च शक्ति के रूप में चित्रित किया है और रामायण का केंद्र सीता हैं। उन्होंने कहा कि तुलसीदास ने रामचरितमानस में भगवान राम को सर्वशक्तिमान ईश्वर के रूप में प्रस्तुत किया, जिससे यह ग्रंथ सर्वप्रिय बन गया।




कार्यक्रम में शामिल कवि, साहित्यकार व अन्य।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए आग्नेय कुमार ने कहा कि सीता जन्मभूमि पंचतीर्थ दर्शन स्थल के सर्वांगीण विकास तक धर्मजागरण एवं जनजागरण अभियान जारी रहेगा। उन्होंने सीता जन्मभूमि यात्रा, मिथिला दर्शन यात्रा तथा अन्य प्रस्तावित यात्राओं की जानकारी दी। अध्यक्षीय संबोधन में विमल कुमार परिमल ने कहा कि मां सीता का जीवन त्याग, धैर्य, स्वाभिमान और आदर्श नारीत्व का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी, विशेषकर बेटियों को सीता के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। कवि बच्चा प्रसाद विह्वल ने विदुषी गार्गी एवं सीता जी के बीच वार्ता का गायन किए। इस अवसर पर दिनेश चंद द्विवेदी ने सीता जन्मभूमि पर केंद्रीय विश्वविद्यालय एवं वैदिक शिक्षा केंद्र की स्थापना की मांग उठाई। कवि मुरलीधर झा मधुकर, रामबाबू सिंह, सुरेश वर्मा, जितेंद्र झा आजाद, संजय कुमार, उषा शर्मा एवं राम किशोर सिंह चकवा ने मां सीता के जीवन, त्याग, स्वाभिमान और मिथिला की सांस्कृतिक विरासत पर आधारित रचनाएं प्रस्तुत कीं।

कार्यक्रम में डॉ. प्रतिमा आनंद, अनुरंजना भारद्वाज, विक्की आदित्य सिंह, संत भूषण दास, मुकेश झा, बीरेंद्र यादव, उमेश सिंह, भारती देवी, चंदन कुमार सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## सम्पादकीय

# उबलता युवा आक्रोश : व्यवस्थागत नाकामी का जीवंत दस्तावेज

राजधानी पटना एक बार फिर उस युवा आक्रोश की गवाह बनी है, जो किसी भी सभ्य, लोकतांत्रिक और विकासशील समाज के लिए गहरी चिंता का विषय होना चाहिए। सिपाही भर्ती परीक्षा में शामिल होने जा रहे हजारों परीक्षार्थियों द्वारा किया गया उग्र हंगामा, रेलवे स्टेशनों पर व्यापक बवाल और यहां तक कि रेल आईजी स्तर के वरिष्ठ अधिकारी पर हुआ हमला, प्रथम दृष्टया एक गंभीर आपराधिक कृत्य और कानून-व्यवस्था के चरमराने का दृश्य प्रतीत होता है। उग्र भीड़ द्वारा अचानक विशेष ट्रेन की मांग करना और फिर उसी उग्रता के साथ परीक्षा रद्द करने की जिद पर अड़ जाना, इस पूरी घटना को और भी जटिल बना देता है। प्रशासन और सरकारें अक्सर ऐसी घटनाओं को उपद्रवियों की साजिश या शांति भंग करने का प्रयास मानकर डंडे के जोर पर शांत करने की कोशिश करती हैं। लेकिन, अगर हम इस पूरी घटना को सिर्फ लॉ एंड ऑर्डर या पुलिसिया चश्मे से देखेंगे, तो हम उस मूल बीमारी को नजरअंदाज कर देंगे , जिसका यह सिर्फ एक डरावना लक्षण है। यह घटना कोई अचानक भड़का हुआ गुस्सा नहीं है, बल्कि यह उस ज्वालामुखी का विस्फोट है, जिसके भीतर बेरोजगारी, हताशा, व्यवस्था के प्रति गहरा अविश्वास और प्रशासनिक संवेदनहीनता का लावा कई सालों से उबल रहा है।

इस आक्रोश की पहली और सबसे तात्कालिक वजह वह अमानवीय स्थिति है, जिससे इन लाखों परीक्षार्थियों को हर परीक्षा के दौरान गुजरना पड़ता है। जब भी राज्य में कोई बड़ी भर्ती परीक्षा होती है, तो लाखों की संख्या में युवा एक शहर से दूसरे शहर की ओर पलायन करते हैं। विडंबना यह है कि परीक्षा की तिथियां महीनों पहले तय हो जाती हैं, प्रशासन को आवेदकों की संख्या का सटीक अनुमान होता है, लेकिन रेल और राज्य प्रशासन इन लाखों छात्रों के सुरक्षित और सम्मानजनक आवागमन के लिए कोई ठोस पूर्व-योजना नहीं बनाता। सामान्य ट्रेनों में पैर रखने की जगह नहीं होती, छात्र शौचालयों में बैठकर, खिड़कियों से लटककर या छतों पर जान जोखिम में डालकर यात्रा करने को मजबूर होते हैं। जो युवा एक अदद सरकारी नौकरी की आस में अपने घर से निकलता है, उसे सफर के पहले ही कदम पर यह एहसास करा दिया जाता है कि इस लोकतांत्रिक व्यवस्था में उसकी जान और उसके नागरिक सम्मान की कोई कीमत नहीं है। घंटों स्टेशनों पर भूखे-प्यासे इंतजार करना और फिर खचाखच भरी ट्रेनों में जानवरों की तरह ठुंसकर जाना उनके धैर्य की कड़ी परीक्षा लेता है। ऐसे में जब कोई ट्रेन रद्द होती है या उन्हें पैर रखने भर की जगह नहीं मिलती, तो विशेष ट्रेन की मांग को लेकर उनका गुस्सा भड़क उठना बेहद स्वाभाविक है। यह गुस्सा सिर्फ एक ट्रेन छूटने का नहीं होता, बल्कि उस निरंतर अपमान का होता है जो उन्हें इस व्यवस्था द्वारा कदम-कदम पर सहना पड़ता है।

इस पूरे घटनाक्रम के पीछे एक और कड़वा और स्याह सच छिपा है बेरोजगारी की भयावह और अकल्पनीय स्थिति। आज एक सिपाही या चपरासी के पद के लिए स्नातक, स्नातकोत्तर और यहां तक कि इंजीनियरिंग और पीएचडी कर चुके उच्च शिक्षित युवा भी कतार में खड़े हैं। हम जिस जनसांख्यिकीय लाभांश (डेमोग्राफिक डिविडेंड) का दुनिया भर में ढिंढोरा पीटते हैं, वह असल में सड़कों पर रोजगार के लिए भटक रहा है। निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसरों का नितांत अभाव और जो थोड़े-बहुत अवसर हैं भी, उनमें भारी शोषण और अनिश्चितता का माहौल, युवाओं को किसी भी कीमत पर एक सुरक्षित सरकारी नौकरी पाने के लिए मजबूर कर रहा है। ये छात्र ज्यादातर ग्रामीण पृष्ठभूमि और निम्न-मध्यम वर्गीय या अत्यंत गरीब परिवारों से आते हैं। इनके माता-पिता अपनी गाढ़ी कमाई और कई बार तो साहूकारों से भारी ब्याज पर कर्ज लेकर इन्हें शहरों में पढ़ने भेजते हैं। इन युवाओं पर न सिर्फ अपना भविष्य संवारने का अथाह दबाव होता है, बल्कि पूरे परिवार को गरीबी के दुष्चक्र से बाहर निकालने की एकमात्र जिम्मेदारी भी उन्हीं के कंधों पर होती है। यह श्करो या मरो९ की स्थिति उन्हें मानसिक रूप से बेहद संवेदनशील और तनावग्रस्त बना देती है। ऐसे में जब व्यवस्था उनके रास्ते में रोड़े अटकाती है या उन्हें उनके गंतव्य तक पहुंचने से रोकती है, तो उनकी हताशा एक उग्र रूप ले लेती है।

# मिथोस का ताला, मानव की चाबी


नीरज कुमार झा

13 जून 2026 की रात अमेरिकी सरकार ने एक ऐसा आदेश जारी किया जिसने वैश्विक तकनीकी जगत में एक नई और चिंताजनक मिसाल कायम कर दी। अमेरिकी एआई कम्पनी एन्थ्रोपिक को निर्देश दिया गया कि वह अपने सबसे उन्नत मॉडल फेबल 5 और मिथोस 5 की पहुँच किसी भी विदेशी नागरिक को न दे, चाहे वह व्यक्ति अमेरिका के भीतर हो या बाहर, और चाहे वह स्वयं एन्थ्रोपिक का कर्मचारी ही क्यों न हो। यह आदेश शुक्रवार की शाम आया अचानक, बिना किसी पूर्व सूचना के, और बिना यह स्पष्ट किए कि राष्ट्रीय सुरक्षा की वह कौन सी चिंता है जिसने इस कदम को जन्म दिया।

जो लोग तकनीक की दुनिया को केवल साफ्टवेयर अपडेट और ऐप्स के चश्मे से देखते हैं, उनके लिए यह खबर एक कम्पनी विशेष का मसला लग सकती है। लेकिन जो लोग इस घटना की गहराई में जाते हैं, उन्हें एक भयावह संकेत मिलता है दुनिया अब कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को उस श्रेणी में रखने लगी है जिसमें परमाणु तकनीक, अत्याधुनिक हथियार प्रणालियाँ और सर्वोच्च-श्रेणी के सेमीकंडक्टर चिप्स आते हैं यानी ऐसी तकनीक जिसका निर्यात नियंत्रित होगा, जिसकी पहुँच चुनिंदा होगी, और जिसका वितरण राष्ट्रों की सीमाओं से बँधा होगा।


निर्यात नियंत्रण की अवधारणा अब तक भौतिक वस्तुओं तक सीमित थी जैसे अमेरिका ने उन्नत ग्राफिक्स चिप्स के निर्यात पर चीन के लिए रोक लगाई थी। लेकिन यह आदेश एक कदम आगे जाता है यह बताता है कि साफ्टवेयर कैसे लान्च और वितरित किया जा सकता है, यह भी अब सरकारी नियंत्रण का विषय है। यह सीमा-रहित डिजिटल दुनिया के उस भ्रम को तोड़ता है जिसमें हम वर्षों से जी रहे थे कि कोड, एल्गोरिद्म और बुद्धिमत्ता राष्ट्रीय सीमाओं को नहीं जानते। अब वे जानने लगे हैं। और यही चिंता का मूल बिंदु है।

मिथोस मॉडल का परिचय इस चिंता को और गहरा करता है। एन्थ्रोपिक का दावा है कि इसका मूल संस्करण मिथोस प्रीव्यू हर प्रमुख ऑपरेटिंग सिस्टम और वेब ब्राउजर में गम्भीर सुरक्षा खामियाँ खोजने में सक्षम है, जिनमें से कुछ खामियां तीन दशकों तक मानव शोधकर्ताओं की नजरों से बची रही थी। यही क्षमता इस मॉडल को असाधारण बनाती है और यही क्षमता इसे खतरनाक भी बनाती है। एक उपकरण जो सुरक्षा खामियाँ खोज सकता है, वह उन्हें ठीक करने के लिए जितना उपयोगी है, उतना ही उनका दुरुपयोग करने के लिए भी सक्षम हो सकता है। यह दोहरे उपयोग (ड्यूल यूज) की वही दुविधा है जो परमाणु तकनीक के साथ हमेशा रही है । विखंडन प्रक्रिया जो बिजली बना सकती है, वही बम भी बना सकती है।
इसीलिए एन्थ्रोपिक ने मिथोस प्रीव्यू को सार्वजनिक रूप से जारी नहीं किया था। इसके स्थान पर फेबल 5 और मिथोस 5 लान्च किए गए। दोनों उसी मिथोस-क्लास वास्तुकला पर आधारित, लेकिन अतिरिक्त सुरक्षा-कवच के साथ। साइबर सुरक्षा या जैविक क्षेत्रों से जुड़े संवेदनशील प्रश्नों को स्वचालित रूप से कम सक्षम मॉडल की ओर मोड़ दिया जाता है।

भारत के लिए यह घटना विशेष रूप से चिंताजनक है। एआई जनित साइबर हमलों की बढ़ती आशंकाओं के बीच भारत ने मिथोस तक पहुँच की माँग की थी। भारतीय साइबर अपराध समन्वय केन्द्र (आई4सी) और सीईआरटी इन दोनों ही इस माह मिथोस तक कुछ पहुँच प्राप्त कर चुके थे। इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और विदेश मंत्रालय इस विषय पर एन्थ्रोपिक और अमेरिकी सरकार से सम्पर्क में थे। अब यह पहुँच बाधित हो सकती है और भारत के पास इसका कोई तत्काल विकल्प नहीं है।

यहीं पर एक गहरा प्रश्न उभरता है यदि किसी देश की साइबर सुरक्षा अवसंरचना किसी विदेशी कम्पनी के मॉडल पर निर्भर है, और वह कम्पनी स्वयं अपनी सरकार के एक रात के आदेश से बंधी हुई है, तो उस देश की साइबर सुरक्षा वास्तव में कितनी सुरक्षित है यह वह प्रश्न है जिसे राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड के सदस्य श्रीधर वेम्बू ने तीखे शब्दों में उठाया वैश्वीकरण मर चुका है, भारत को अपना रास्ता खुद खोजना होगा। यह कथन भावनात्मक हो सकता है, लेकिन इसके पीछे की चिंता वास्तविक है।

समस्या यह है कि भारत के पास अपना रास्ता बनाने के साधन सीमित हैं। अग्रणी एआई मॉडल प्रशिक्षित करने में लगने वाली लागत सौ अरब डॉलर से अधिक किसी भी भारतीय संस्थान की पहुँच से बाहर है। आवश्यक जीपीयू चिप्स स्वयं निर्यात-नियंत्रित हैं। डेटा सेंटर क्षमता और बिजली की उपलब्धता भी सीमित है। बेंगलुरु की सर्वम एआई ने 105 अरब पैरामीटर का एक मॉडल अवश्य लॉन्च किया है जो भारतीय




संदर्भ में प्रशिक्षित है, लेकिन यह साइबर सुरक्षा जैसे अत्याधुनिक कार्यों के लिए मिथोस के स्तर से बहुत दूर है। पूर्व इंफोसिस सीएफओ टी.वी. मोहनदास पाई का यह कहना कि हम बहुत पीछे हैं और तुरंत एक राष्ट्रीय मिशन चाहिए यह केवल एक राय नहीं, एक चेतावनी है।

यह स्थिति भारत को एक ऐसे चौराहे पर खड़ा करती है जहाँ हर रास्ता असुविधाजनक है। यदि भारत विदेशी मॉडलों पर निर्भर रहता है, तो वह भू-राजनीतिक झटकों के सामने असुरक्षित रहेगा। आज मिथोस बंद हुआ, कल कोई और मॉडल बंद हो सकता है। यदि भारत अपना मॉडल बनाने की कोशिश करता है, तो लागत और संसाधनों की दीवार सामने आ जाती है। और यदि भारत चीनी ओपन-सोर्स मॉडलों की ओर रुख करता है जैसा वेम्बू सुझाते हैं तो वह एक भू-राजनीतिक निर्भरता को दूसरी से बदल देता है, जो सुरक्षा की दृष्टि से कम जोखिम भरा नहीं है।
इस पूरे संकट के बीच, फरवरी 2026 में नई दिल्ली में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में प्रधानमंत्री द्वारा प्रस्तुत मानव (एमएएनएवी) विजन का महत्व अब कहीं अधिक स्पष्ट होता है। मानव विजन पाँच स्तंभों पर खड़ा है एम (मोरल) : नैतिक और एथिकल सिस्टम, जो मानवीय मूल्यों को नुकसान न पहुँचाएय । ए (एकाउंटबेल) : जवाबदेह शासन, ताकि एआई का उपयोग सुरक्षित और पारदर्शी हो, एन (नेशनल सावरनीटी) : राष्ट्रीय संप्रभुता, जिसके तहत देश के डेटा की सुरक्षा और आत्मनिर्भरता सुनिश्चित हो, ए (एक्सेबल) : सुलभ तकनीक, जो समाज के सभी वर्गों और भाषाओं तक आसानी से पहुँचे, वी (वैलीड) : वैध और प्रामाणिक प्रणाली, जो कानून और नियमों के दायरे में रहकर काम करे।

इनमें से तीसरा स्तंभ राष्ट्रीय संप्रभुता इस समय की सबसे प्रासंगिक अवधारणा है। इसका सार यह है कि एआई के युग में संप्रभुता केवल भूमि और सीमाओं तक सीमित नहीं रहती यह डेटा, एल्गोरिद्म और डिजिटल अवसंरचना तक फैलती है।

यदि इस स्तंभ को केवल भाषणों और घोषणाओं तक सीमित न रखा जाए, बल्कि वास्तविक नीतिगत निवेश में बदला जाए स्वदेशी कंप्यूट क्षमता, सुरक्षित डेटा-केंद्र अवसंरचना, और भारत के अपने सेमीकंडक्टर मिशन को गति देकर तो यह उस निर्भरता को धीरे-धीरे कम कर सकता है जो आज भारत को इतना असुरक्षित बनाती है। मानव विजन में यह भी निहित है कि भारत तकनीकी आत्मनिर्भरता और डिजिटल अलगाव के बीच का अंतर समझे अर्थात स्वदेशी क्षमता बनाना, लेकिन वैश्विक एआई तंत्र से कटना नहीं। यह संतुलन कहना आसान है, साधना कठिन।

इस घटना का एक और आयाम है जो शायद सबसे अधिक चिंताजनक है। आज अमेरिका अपनी ही कम्पनी पर जो शीघ्र ही 965 अरब डॉलर के मूल्यांकन पर सार्वजनिक होने जा रही है इतना सख्त नियंत्रण लगा सकता है कि उसके अपने कर्मचारी, यदि वे विदेशी नागरिक हैं, अपने ही उत्पाद का उपयोग न कर सकें। यह दर्शाता है कि एआई को लेकर अमेरिकी सरकार के भीतर भी एक गहरी बेचैनी है कि यह तकनीक इतनी तेजी से इतनी शक्तिशाली हो रही है कि उसके निर्माता भी उस पर पूर्ण नियंत्रण का दावा नहीं कर सकते।

जब एक तकनीक की निर्माता कम्पनी स्वयं अपने सबसे उन्नत मॉडल को जोखिम मानकर सार्वजनिक रूप से रोके रखती है, और जब उस तकनीक की अपनी सरकार उसे सप्लाई चेन रिस्क घोषित करती है, तो यह संकेत स्पष्ट है हम एक ऐसे दौर में प्रवेश कर रहे हैं जहाँ बुद्धिमत्ता स्वयं एक रणनीतिक संसाधन बन गई है, ठीक वैसे ही जैसे यूरेनियम या उन्नत चिप्स। और जो देश इस संसाधन के उत्पादन में पीछे हैं, वे अपनी सुरक्षा के लिए दूसरों की दया पर निर्भर रहेंगे।

भारत के सामने यह प्रश्न अब टाला नहीं जा सकता। साइबर सुरक्षा, स्वास्थ्य, रक्षा, वित्तीय प्रणाली सब कुछ धीरे-धीरे एआई पर निर्भर होता जा रहा है। यदि यह निर्भरता विदेशी मॉडलों पर बनी रही, तो भारत की संप्रभुता का एक हिस्सा सिलिकन वैली के बोर्डरूम और वाशिंगटन के एक्सपोर्ट कंट्रोल दफ्तरों में तय होता रहेगा। मानव विजन ने इस खतरे को सही समय पर पहचाना है अब आवश्यकता इसे केवल एक विजन से आगे, एक ठोस, सुसंगत और तेज राष्ट्रीय कार्ययोजना में बदलने की है। समय कम है, और तकनीक की रफ्तार उससे भी तेज।

*(लेखक शिक्षाविद और स्तम्भकार हैं।)*

# काकरोच आन्दोलन और ट्रेड डील का सम्बन्ध!


दीपक कुमार
युवा लेखक/ समाजकर्मी

**दो बड़ी** घटनाएं हुई हैं, दोनों का एक दूसरे से संबंध क्या है पहले उन घटनाओं को देखिए, फिर उनके बीच संबंधों को भी देखिए। एक घटनाक्रम ऐसा रहा कि 16 मई 2026 को काकरोच पार्टी बनी । एक हफ्ते में उसके दो करोड़ से अधिक फालोवर हो गये। काकरोच पार्टी ने 6 जून 2026 को भारत सरकार के खिलाफ प्रोटेस्ट की धमकी दिया। लोगों को लगता था कि बड़ा आन्दोलन होगा। और एक हद तक आन्दोलन बड़ा दिख रहा था। जेन जी लोग आर-पार की लड़ाई लड़ने को तैयार हो गये। कुछ लोग बताते हैं कि आन्दोलन लगभग फ्लाप शो जैसा रहा। मगर अभिजीत दीपके का कहना है कि 'यह सिर्फ ट्रेलर है।'

दूसरी घटना यह है कि काफी जद्दोजहद के बाद अमेरिका और भारत के बीच 47 लाख करोड़ रुपए का ट्रेड डील अन्तिम चरण में पहुंच चुका है। भारत सरकार ने अमेरिका को आश्वस्त कर दिया है कि अब यह ट्रेंड डील शीघ्र ही सम्पन्न हो जायेगा। हमें देखना है कि इन दोनों के बीच क्या संबंध है।

पहले अमेरिका और भारत के बीच ट्रेड डील को यूं समझिए । अगर गब्बर सिंह आ जाये और रामपुर वालों से बोले कि ऐ रामपुर वालों हमने डाका डालना छोड़ दिया है, अब हम आपस में मिलकर व्यापार करेंगे, आओ हम तुम मिलकर एक व्यापार समझौता करें।

रामपुर गांव वालों का मुखिया दबाव में आकर समझौता कर लेता है। इस समझौते के तहत तय हुआ है कि रामपुर वाले गब्बरसिंह से हथियार खरीदेंगे और गब्बरसिंह रामपुर वालों से कपड़े, चिकन, बीफ, अण्डे, दूध आदि खाने पहनने वाली चीजे खरीदेगा। गब्बरसिंह रामपुर वालों का चिकन, कपड़ा, डेयरी प्रोडक्ट्स आदि मामूली दाम पर भारी टैरिफ लगाकर खरीदेगा । मगर अपना लोहा हथियार बना कर 5 लाख से लेकर 10 लाख रूपये किलो बेचेगा और रामपुर वालों को व्यापार समझौते के अनुसार 5-10 लाख रूपए प्रति किलो लोहा हथियार के रूप में खरीदना ही होगा। अब बताइए यह व्यापार है या डकैती।

आप कहेंगे कि यह तो व्यापार की आड़ में खुलेआम डकैती है। मगर हमारे देश की सरकारें इसे ट्रेड डील या व्यापार समझौता कहती हैं। हम इसे गुण्डा टैक्स समझ रहे हैं।

एक किलो लोहे से छूरा, कैंची, चाकू, हँसिया, कुदाल, फावड़ा आदि बनाकर बेचा जाये तो ज्यादा से ज्यादा 500 रूपये में बिकेगा। मगर उस लोहे से हथियार बना दीजिए तो वह लाखों रूपए में बिक जायेगा।

इसी तरह एक रूपए के केमिकल से दवा बना कर उस पर हजारों रूपये दाम छापा जा सकता है। अमेरिका मुख्य रूप से यही व्यापार करता है। हथियार और दवा खास तौर पर इन्हीं दो चीजों के निर्यात पर उसकी पूरी अर्थव्यवस्था टिकी हुई है। हथियार और दवा के व्यापार में उसे सुपर प्राफिट मिलता है।




वह तीसरी दुनिया के देशों को दबाव देकर इन दो चीजों को खरीदने के लिए मजबूर करता है। जब वो किसी देश को कर्ज लेने के लिए मजबूर करता है तो कर्ज के तौर पर डालर या सोना उठाकर नहीं देता वो अक्सर दवा और हथियार ही खरीदने के लिए मजबूर करता है।

ऐसी परिस्थिति में तीसरी दुनिया के देशों को पहले डालर खरीदना पड़ता है, डालर पर प्रतिशत ट्रांजैक्शन चार्ज देना पड़ता है। फिर उस डालर से दवा अथवा हथियार अमेरिकी कम्पनियों से खरीदना पड़ता है। इस खरीद में अमेरिकी कम्पनियों को सुपर मुनाफा मिलता है। सौ रूपए लागत की चीज (हथियार या दवा बनाने का कच्चा माल) हथियार बना कर हजारों रूपये में बेच देता है।

इस तरह अमेरिका ने अगर भारत को एक हजार कर्ज दिया है तो समझिए उसमें उसका कम से कम नौ सौ मुनाफा होता है। इस तरह एक सौ का उधार माल खरीद करके एक हजार का सूद देना पड़ता है। अर्थात हमें उस पैसे का सूद देना पड़ता है जिसे हमने वास्तव में लिया ही नहीं। अमेरिका और तीसरी दुनिया के किसी भी देश के बीच ट्रेड डील की एक और सच्चाई होती है। तीसरी दुनिया के देशों से अमेरिका भी खरीदता है मगर ऐसी चीजें खरीदता है जिसमें तीसरी दुनिया के देशों को मामूली मुनाफा होता है।

इसी तरह के सुपर मुनाफे के लिए अमेरिका ने भारत से 47लाख करोड़ का ट्रेड डील करने का दबाव डाला हुआ है। भारत सरकार मानने को तैयार नहीं थी। तब अमेरिका ने नेपाल, बांग्लादेश और श्रीलंका की तर्ज पर मोदी सरकार का तख्तापलट की धमकी दी।

मगर भाजपाई नेताओं को लगता था कि नेपाल, बांग्लादेश और श्रीलंका की तरह भारत में जेन जी प्रोटेस्ट के जरिए तख्तापलट नहीं हो सकता। इसी भ्रम को तोड़ने के लिए डिजिटल प्लेटफार्म पर काकरोच पार्टी बनी और एक हफ्ते में उसके दो करोड़ से अधिक फालोवर हो गये।

ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम सारे सोशल मीडिया प्लेटफार्म अमेरिकी साम्राज्यवाद के कण्ट्रोल में हैं इसलिए उसकी सह के बगैर इतनी बड़ी संख्या में फालोवर बनना संभव ही नहीं था।

इससे भारत सरकार थोड़ा दबाव में आ गयी। मगर ट्रेड डील में अब भी हीलाहवाली कर रही थी। जब काकरोच पार्टी ने 6 जून को आन्दोलन की धमकी दी तो सरकार और अधिक दबाव में आ गयी। इसी बीच चार जून को भारत अमेरिका के बीच ट्रेड डील अन्तिम रूप लेने के कगार पर है। अब प्रोटेस्ट करके भारत सरकार को खतरे में डालने की जरूरत फिलहाल खत्म हो गयी है।

मगर खतरा पूरी तरह से टला नहीं है। इस तरह के खतरे का डर दिखाकर चीन की घेरेबंदी करने में भारत का करते रहने, ब्रिक्स करेंसी के जरिए डालर साम्राज्यवाद के अन्त की चीन की कोशिशों के खिलाफ भारत का इस्तेमाल करते रहने, अमेरिकी हितों को बढ़ाने, अमेरिकी महामंदी हटाने में भारत की मदद ये कई तरह के साम्राज्यवादी हितों को साधने के उद्देश्य भी इससे साधे जाते रहेंगे। अगर ट्रेड डील जल्द फाइनल नहीं हो पायेगा तो मोदी सरकार के लिए खतरा बढ़ सकता है।

# शंघाई में हो रही प्रतियोगिता में अपना टैलेंट दिखाएंगे आशीष

**राजकीय** पॉलिटेक्निक कॉलेज गुलजारबाग, पटना के छात्र आशीष राजवंश का चयन चीन के शंघाई में होने वाली वर्ल्ड स्किल्स प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता 22 सितंबर को आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में वे एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस के क्षेत्र में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

आशीष का अंतर्राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में चयन बताता है कि बिहार के सरकारी तकनीकी संस्थान अब गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के मामले में तेजी से राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। वे संस्थान में मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के छठे सेमेस्टर के छात्र हैं।

उनकी इस उपलब्धि पर विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की मंत्री श्रीमती शीला कुमारी ने खुशी जताई और इसे बिहार व देश के लिए गर्व की बात बताया। उन्होंने यह भी कहा कि यह चयन बताता है कि बिहार के सरकारी तकनीकी संस्थानों में राष्ट्रीय स्तर की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही है। विभाग उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है और चाहेगा कि वे देश और बिहार का नाम अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करें।

> यह प्रतियोगिता 22 सितंबर को आयोजित की जाएगी
>
> राजकीय पॉलिटेक्निक गुलजारबाग, पटना के छात्र आशीष चीन के शंघाई में होने वाली वर्ल्ड स्किल्स प्रतियोगिता के लिए चयनित
>
> इस प्रतियोगिता में वे एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस के क्षेत्र में करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व
>
> पटना के सरकारी पॉलिटेक्निक कॉलेज के छात्र को मिला अंतर्राष्ट्रीय स्तर का मंच

आशीष राजवंश की इस उपलब्धि से संस्थान के शिक्षकों, छात्रों और अभिभावकों में खुशी का माहौल है। राजकीय पॉलिटेक्निक गुलजारबाग, पटना ने आशीष राजवंश को संस्थान का ब्राइट स्टार बताते हुए कहा कि उनकी मेहनत, समर्पण और जुनून ने उन्हें वैश्विक मंच तक पहुंचाया है।

संस्थान की ओर से जारी संदेश में कहा गया कि आशीष की सफलता अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी। वर्ल्ड स्किल्स प्रतियोगिता में चयन किसी भी तकनीकी छात्र के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जाती है, क्योंकि इसमें विभिन्न तकनीकी क्षेत्रों के प्रतिभाशाली प्रतिभागी अपने कौशल का प्रदर्शन करते हैं।

गौरतलब है कि राजकीय पॉलिटेक्निक गुलजारबाग, पटना, बिहार सरकार के विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित एक प्रमुख तकनीकी संस्थान है। संस्थान लंबे समय से तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देता रहा है।

राज्य और राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मिल चुका है पदक : आशीष राजवंश इससे पहले एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस श्रेणी में भुवनेश्वर की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण और मुंबई की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीत चुके हैं। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन जीएमआर एयरो स्कूल ऑफ एविएशन में उन्नत प्रशिक्षण एवं मूल्यांकन के लिए हुआ, जहां उन्होंने अपनी तकनीकी दक्षता साबित करते हुए वर्ल्ड स्किल्स शंघाई 2026 में भारत का प्रतिनिधित्व करने का गौरव हासिल किया।

## प्रवचन

# धर्म को जानने के बाद ब्रह्म को जानें : जीयर स्वामी

> गृहस्थ आश्रम में सद्गंथों का अध्ययन आवश्यक
>
> विलासी को नहीं बनायें अपना गुरु

विलासी को नहीं बनायें अपना गुरु। धर्म को जाने बिना ब्रह्म की जिज्ञासा विनाश का कारण होता है। धर्म भारतीय संस्कृति और दर्शन की प्रमुख संकल्पना है। यह मानव जीवन की वह धूरी है, जो शुद्ध आचरण, आहार-व्यवहार एवं कार्यपद्धति के सहारे आत्म शान्ति को प्राप्त कराता है। साथ ही शरीर त्यागने के बाद पूज्य बनाता है। धर्म को आत्मसात करने के बाद ही ब्रह्म के प्रति जिज्ञासा होनी चाहिए। उपरोक्त बातें श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी ने चंदवा चातुर्मास्य ज्ञान यज्ञ में प्रवचन करते हुए कहीं।

श्री स्वामी जी ने कहा कि जिस कार्य, आचरण एवं व्यवहार के चलते संसार में आत्मशांति एवं आत्मशुद्धि को प्राप्त करते हैं, वही धर्म है।

उन्होंने कहा कि धर्म की बात विलासी से नहीं सुननी चाहिए। वेदांत दर्शन में निवेदन किया गया है कि सबसे धर्म की बात नहीं सुनें।

उन्होंने गुरू की चर्चा करते हुए कहा कि गुरु सभ्यता एवं संस्कृति है, जो निर्माण के साथ सांस्कृतिक उत्थान को सबलता प्रदान करता है। गुरू वेद का सार तव है। गुरू हमारे जीवन की एक पद्धति है, जिनके वाक्यों को सुनने के बाद हमारे अंधकार, पाप और अत्याचारी प्रवृति समाप्त हो जाये। गुरु सिद्ध हो, चमत्कारी और विलासी कदापि नहीं।

उन्होंने कहा कि सबके लिए सभी बातें लागू नहीं होती। एक विरक्त महात्मा के यात्रा में एक गाँव मिला, जहाँ गरूड़ पुराण का कथा हो रही थी। प्रसंगवश सुने कि 'गृहस्थ आश्रम में बिना पुत्र की गति नहीं होती।' महात्मा जी विवाह के चक्कर में पड़ गए। रात्रि विश्राम के क्रम में कुंए के जगत पर सो गए। भगवान भक्तों का अरमान पूरा करते हैं। स्वप्न में विवाह हुआ और कन्या पक्ष से मिले पलंग पर सो गये। बच्चा पैदा होने पर पलंग के बीच उसे सुलाने के उपक्रम में किनारे खिसके कि कुंए की जगत से कुंए में गिर गए। महात्मा बोले कि 'दुनिया वाले बड़भागी हैं, कि परिवार के बीच रहते हुए भी कुंए में नहीं गिरते।


श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी।

महात्मा विवाह की मंशा छोड़ दिए। इसीलिए सबसे उपदेश की बात नहीं सुननी चाहिए और सभी बातें स्वयं पर लागू नहीं करनी चाहिए।

स्वामी जी ने कहा कि गृहस्थ आश्रम में परासर स्मृति पढ़नी चाहिए। पीतरों के लिए गरूड़ पुराण, ज्ञान के लिये गीता और जन्म-मृत्यु सुधारने के लिए श्रीमद् भागवत महापुराण और मर्यादापूर्वक जीवन के लिये रामायण पढ़नी चाहिए।

उन्होंने कहा कि जब कोई व्यक्ति अनीति और अत्याचार के पथ में पग रख देता है, उसको समाज और परिवार नहीं दिखता है। केवल स्वार्थ दिखता है। उस स्वार्थ के लिये भले सबकुछ विनाश हो जाए।

धृतराष्ट्र मनोनित राजा थे। अपने स्वार्थ में पांडव पुत्रों पर लगातार अत्याचार कर रहे पुत्र दुर्योधन का साथ दिए। जिन पांडवों का हस्तिनापुर राज्य में आधे का अधिकार था, उन्हें दुर्योधन पाँच गाँव भी नहीं दे रहा था, लेकिन धृतराष्ट्र विरोध नहीं किए।

*'सान्निध्य का संस्मरण' पुस्तक से साभार*

दैनिक नवसंदेश
वायस 4 बिहार डॉटकाम के यूनिट डिजिटल डेली न्यूज पेपर दैनिक नवसंदेश स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक यू सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ , पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।
इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

# विश्व रक्तदाता दिवस पर घोड़ासहन में रक्तदान स्वास्थ्य सेवा एवं जन-जागरूकता का संगम

**मोतिहारी(एनएसबी)।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर जवाहरलाल नेहरू कलेज, घोड़ासहन परिसर में रोटरी क्लब घोड़ासहन, रेड क्रस सोसाइटी पूर्वी चम्पारण एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में विशाल रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जांच शिविर, सहयोग शिविर एवं लोक शिकायत जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आम नागरिकों, जीविका दीदियों, युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा प्रशासनिक पदाधिकारियों ने भाग लिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं रेड क्रस सोसाइटी, पूर्वी चम्पारण के पदेन अध्यक्ष सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी श्री शैलेन्द्र भारती ने अपने प्रेरणादायी एवं संवादात्मक संबोधन में कहा कि विकसित बिहार के निर्माण के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का उद्देश्य केवल उनका क्रियान्वयन नहीं, बल्कि अंतिम व्यक्ति तक उनका लाभ पहुंचाना है। यदि किसी कारणवश किसी नागरिक को समय पर सरकारी सहायता, सेवा अथवा योजना का लाभ प्राप्त नहीं हो पाता है, तो उसके समाधान के लिए सहयोग शिविर एवं लोक शिकायत निवारण व्यवस्था जैसे प्रभावी मंच उपलब्ध कराए गए हैं।उन्होंने कहा कि सरकार और प्रशासन की प्राथमिकता लोगों तक सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करना है। सहयोग शिविरों का उद्देश्य दोषारोपण नहीं बल्कि समस्याओं का समाधान, व्यवस्था में सुधार तथा जनता और प्रशासन के बीच विश्वास एवं संवाद को मजबूत करना है। कार्यक्रम को संवादात्मक स्वरूप देते हुए श्री भारती ने उपस्थित जीविका दीदियों एवं नागरिकों से विभिन्न सरकारी योजनाओं के संबंध में चर्चा की तथा उनकी जानकारी का परीक्षण किया। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोगों के बीच सरकारी योजनाओं, अधिकारों एवं सेवाओं के प्रति जागरूकता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर आयोजित रक्तदान शिविर के संबंध में श्री भारती ने कहा कि रक्तदान मानवता की सर्वोच्च सेवाओं में से एक है।

रेड क्रस सोसाइटी, पूर्वी चम्पारण द्वारा जिले में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा स्वैच्छिक रक्तदान को प्रोत्साहित करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उनके मार्गदर्शन एवं विशेष पहल से आयोजित इस शिविर में 50 से अधिक महादानियों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया।कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित स्वास्थ्य शिविर में विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा लगभग


कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

200 से अधिक रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श प्रदान किया गया। शिविर में जनरल फिजिशियन ड़ दिव्यांदीप, शिशु रोग विशेषज्ञ ड़ एलबी प्रसाद, दंत रोग विशेषज्ञ ड़ अनुराग अमर, ईएनटी विशेषज्ञ ड़ आशुतोष कुमार तथा नेत्रिका फाउंडेशन के तत्वावधान में नेत्र विशेषज्ञ ड. कमलेश कुमार एवं उनकी टीम द्वारा मरीजों की जांच की गई। चिकित्सकों ने रोगियों को आवश्यक परामर्श प्रदान किया तथा आवश्यकता अनुसार निःशुल्क दवाओं का वितरण भी किया। शिविर में रक्तचाप, मधुमेह, नेत्र रोग, दंत रोग एवं अन्य सामान्य बीमारियों की जांच की गई, जिसका लाभ बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने उठाया।कार्यक्रम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अंचल अधिकारी घोड़ासहन, प्रखंड विकास पदाधिकारी, पंचायत राज पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, प्रखंड षि पदाधिकारी, जीविका के पदाधिकारीगण तथा अंचल एवं प्रखंड प्रशासन के अन्य कर्मियों की उपस्थिति रही। विशेष रूप से 100 से अधिक जीविका दीदियों की सक्रिय सहभागिता कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहीस इस अवसर पर जवाहरलाल नेहरू कलेज परिवार की ओर से शैलेन्द्र भारती का सम्मान किया गया। कलेज के प्राचार्य डक्टर प्रोफेसर संत साह ने उन्हें उनकी रचित पुस्तक ष्सुगौली का इतिहासष सहित कलेज एवं क्षेत्रीय इतिहास से संबंधित पुस्तकों का सेट भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर कलेज के शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों की भी उल्लेखनीय सहभागिता रही।कार्यक्रम के समापन अवसर पर रोटरी क्लब घोड़ासहन के अध्यक्ष रंजीत अग्रवाल ने सभी अतिथियों, रक्तदाताओं, चिकित्सकों, प्रशासनिक पदाधिकारियों, जीविका दीदियों एवं स्वयंसेवकों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब समाज सेवा, स्वास्थ्य जागरूकता और मानवीय सहयोग के क्षेत्र में निरंतर कार्य करता रहा है तथा भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रमों का आयोजन जारी रहेगा।

रोटरी क्लब मोतिहारी के अध्यक्ष अभिमन्यु जी ने रक्तदान करने वाले सभी महादानियों की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान जीवनदान के समान है और समाज के प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने युवाओं से रक्तदान अभियान से जुड़कर सामाजिक उत्तरदायित्व निभाने का आह्वान किया।कार्यक्रम का सफल आयोजन जिला प्रशासन, रेड क्रस सोसाइटी, रोटरी क्लब, नेत्रिका फाउंडेशन, चिकित्सकों, जीविका समूहों, जवाहरलाल नेहरू कलेज परिवार एवं स्थानीय नागरिकों के संयुक्त प्रयासों का उत्ष्ट उदाहरण रहा। उपस्थित लोगों ने ऐसे कार्यक्रमों को जनस्वास्थ्य, सामाजिक जागरूकता एवं सुशासन को बढ़ावा देने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए इनके नियमित आयोजन की आवश्यकता पर बल दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### क्षेत्र में अमन-चैन कायम करना हमारी पहली प्राथमिकता :अमित

**मोतिहारी(एनएसबी)।** थाना क्षेत्र में अमन-चौन एवं शांति बहाल करना मेरी पहली प्राथमिकता में शामिल होंगी। उक्त बातें छतौनी थाना में नवपदस्थापित थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने पदभार ग्रहण करने के बाद पत्रकारों से कही। उन्होंने कहा कि शराब कारोबारियों, भू-माफियाओं एवं अपराधियों पर पैनी नजर रहेगी।इस बावत उन्होंने मौके पर उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया और कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नही की जायेगी। कोताही बरतने वाले पुलिस पदाधिकारियों पर सीधे कार्रवाई की अनुसंशा की जायेगी। थानाध्यक्ष श्री सिंह 2009 बैच के है और वे मोतिहारी के सुगौली,रामगढवा एवं पश्चिम चम्पारण जिले के कई थानों की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। यहां बता दें कि अपराध नियंत्रण में विफल होने के कारण एसपी स्वर्ण प्रभात ने पूर्व थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार पासवान को लाईन क्लोज कर लिया और अमित कुमार सिंह को छतौनी थाना की कमान सौंप दिया है।

### मोहनापुल पर भूसी लदा ट्रक पलटा

#### राष्ट्रीय राजमार्ग पर 3 घंटे यातायात बाधित, कोई हताहत नहीं

**पीपराकोठी।** थाना क्षेत्र के मोहनापुल के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार सुबह एक भूसी लदा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। इस दुर्घटना के कारण राजमार्ग पर लगभग तीन घंटे तक यातायात बाधित रहा, जिससे वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। जानकारी के अनुसार, ट्रक संख्या भ्त38ल-4512 मोतिहारी की ओर से बोरे में धान की भूसी लादकर आ रहा था। मोहनापुल के समीप पहुंचते ही चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया, जिसके परिणामस्वरूप ट्रक सड़क पर पलट गया। ट्रक पलटने से उसमें लदी भूसी के बोरे सड़क पर बिखर गए, जिससे आवागमन पूरी तरह ठप हो गया। सूचना मिलते ही एसआई राजवीर के नेतृत्व में पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस ने मजदूरों की मदद से सड़क पर बिखरे भूसी के बोरों को हटवाया। इसके बाद, क्रेन मंगाकर पलटे हुए ट्रक को सड़क से हटाया गया। इन प्रयासों के बाद धीरे-धीरे यातायात को सामान्य किया गया। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में किसी के हताहत होने या घायल होने की कोई सूचना नहीं है। स्थानीय लोगों के अनुसार, दुर्घटना के समय सड़क पर वाहनों की संख्या कम होने के कारण एक बड़ी अनहोनी टल गई। थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार सिंह ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को थाने लाया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

### विश्व रक्तदान शिविर के अवसर पर एसएसबी,एसआरपी हॉस्पिटल व एसजीओ के सहयोग से रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

#### एसएसबी कमांडेंट संजय पांडेय के निर्देश पर जवानों ने स्वेच्छा पूर्वक किया रक्तदान

**रक्सौल(एनएसबी)।** विश्व रक्तदान दिवसष के अवसर पर एसएसबी 47 वी वाहनी रक्सौल के कमांडेंट संजय पाण्डेय के दिशा-निर्देश पर एवं एसएसबी 47 वी वाहनी कमांडेंट (चिकित्सा) ड़ निशि कान्त, के मार्गदर्शन में नियमित स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने व रक्त के माध्यम से किसी जरुरतमंद व्यक्ति का जीवन बचाने में योगदान के प्रति जागरूकता हेतु 47वीं वाहिनी, एसएसबी ,एसआरपी हस्पिटल रक्सौल तथा स्थानीय एनजीओ के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित


शिविर में भाग लेते जवान।

रक्तदान शिविर में 47वीं वाहिनी एसएसबी, रक्सौल के कुल 15 बलकार्मिकों ने स्वेछापूर्वक रक्तदान दान कर मानवता, एकजुटता एवं जीवन रक्षक का सन्देश दियास रक्तदान शिविर के इस अवसर पर एसआरपी के निदेशक ड़ सुजीत कुमार,ड कार्तिकिय,प्रमुख उधोगपति संजय कुमार गुप्ता,समाजसेवी रणजीत सिंह, सहित स्थानीय एनजीओ के सदस्य, 47वीं वाहिनी एसएसबी के बलकर्मी तथा स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### विश्व रक्तदान दिवस पर सदर अस्पताल में रक्तदान शिविर, 9 लोगों ने किया रक्तदान

**मोतिहारी(एनएसबी)।** विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर रविवार को सदर अस्पताल, मोतिहारी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 9 रक्तवीरों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की सेवा का संदेश दिया। रक्तदान शिविर के दौरान अस्पताल प्रशासन एवं ब्लड बैंक की टीम पूरी तरह मुस्तैद रही। शिविर में सिविल सर्जन ड़ दिलीप कुमार सिंह, उपाधीक्षक ड़ एस् एन् सत्यार्थी, ब्लड बैंक के नोडल पदाधिकारी ड़ नीरज कुमार तथा अस्पताल प्रबंधक कौशल कुमार दुबे उपस्थित रहे और रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर चिकित्सकों ने कहा कि रक्तदान




रक्तदान करते लोगा।

महादान है। एक यूनिट रक्त कई जरूरतमंद मरीजों की जान बचाने में सहायक हो सकता है। उन्होंने लोगों से नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान करने तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपील की। शिविर के सफल आयोजन में ब्लड बैंक के सभी कर्मियों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। रक्तदाताओं को उनके इस मानवीय योगदान के लिए सम्मानित करते हुए धन्यवाद दिया गया।

### नगर निगम की विकास योजनाओं पर महापौर उपमहापौर व 46 पार्षदों की रहेगी निगरानी

**मोतिहारी(एनएसबी)।** नगर निगम क्षेत्र में संचालित होने वाली विकास एवं निर्माण योजनाओं की निगरानी महापौर, उपमहापौर तथा सभी 46 निगम पार्षदों की देखरेख में की जाएगी। इस संबंध में महापौर, उपमहापौर एवं सभी पार्षदों ने एकमत होकर निर्णय लिया है कि नगर निगम क्षेत्र में बड़े पैमाने पर शुरू होने वाली निर्माण एवं विकास योजनाओं को उनकी निगरानी में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा कराया जाएगा।जनप्रतिनिधियों ने कहा कि विकास कार्यो की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा तथा सभी योजनाओं को तेज गति से पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। इसके लिए सभी


बैठक में उपस्थित लोग।

पार्षद अपने-अपने क्षेत्रों में निर्माण कार्यो की नियमित मनिटरिंग करेंगे और योजनाओं के क्रियान्वयन पर नजर रखेंगे। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि नगर निगम के विकास कार्यो में किसी भी प्रकार का बाहरी हस्तक्षेप या अनावश्यक दखलंदाजी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि कहीं से ऐसा कोई प्रयास किया जाता है तो महापौर, उपमहापौर एवं सभी 46 पार्षद एकजुट होकर उसका विरोध करेंगे।महापौर, उपमहापौर एवं निगम पार्षदों ने कहा कि मोतिहारी का समग्र विकास, बेहतर आधारभूत सुविधाओं का विस्तार और नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराना ही उनका एकमात्र लक्ष्य है। सभी जनप्रतिनिधियों ने शहर के विकास के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।

## संक्षिप्त खबरें

### घर में लगी आग में ढाई लाख की संपति जलकर खाक

**चकिया।** नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत वार्ड दस स्थित एक झोपड़ीनुमा घर में बीती रात अचानक लगी आग से लगभग ढाई लाख रुपए मूल्य की संपत्ति खघक हो गई। आग इतनी तीवता से फैली कि अगिशामक वाहन के पहुंचने के पूर्व ही झोपड़ीनुमा घर पूरी तरह राख हो गया। घटना शनिवार रात्रि साढ़े नौ बजे के करीब की बताई जाती है।आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। गृहस्वामी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि रात्रि साढ़े आठ बजे तक वो वहीं थे। रात्रि पौने दस बजे के करीब उन्हें आग लगने की जानकारी मिली। आग में वहां मौजूद लकड़ी के बने दरवाजे, चौखट,पलंग, कुर्सियां, अलमुनियम के बर्तन,कपड़े, बिजली के उपकरण व अन्य घरेलू सामान पूरी तरह जल कर खाक हो गए।

### गिरफ्तार

**कल्याणपुरा ।** पुलिस विभिन्न मामलों में एक अभियुक्त एवं तीन वारंटी को गिरफ्तार किया। देवपुर परसा निवासी उत्पाद अधिनियम के अभियुक्त छोटेलाल दास को गिरफ्तार किया। वहीं परसौनी वाजिद निवासी वारंटी सुजीत महतो, सोहन महतो, राजापुर के लालाबाबू सिंह एवं शंभू सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा।पुष्टि थानाध्यक्ष विनीत कुमार ने किया।

### महात्मा गांधी सभागार के भूतल पर पुस्तकालय एवं पठन कक्ष का निर्माण कार्य

**मोतिहारी।** पूर्वी चम्पारण जिले के बौद्धिक एवं सांस्तिक विकास को और अधिक सुढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है। महात्मा गांधी सभागार के भूतल पर एक आधुनिक पुस्तकालय का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। यह पहल जिले के छात्रों, शोधार्थियों, साहित्यप्रेमियों एवं आम नागरिकों को एक सुगम और समृद्ध अध्ययन स्थल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की जा रही है।महात्मा गांधी सभागार, जो पहले से ही जिले की सांस्तिक एवं सामाजिक गतिविधियों का केंद्र रहा है, अब ज्ञान और अध्ययन का भी एक सुलभ केंद्र बनेगा। भूतल पर प्रस्तावित पुस्तकालय की स्थिति इसे नागरिकों के लिए आसानी से सुलभ बनाती है, जिससे समाज के प्रत्येक वर्ग के लोग, विद्यार्थी, प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवा एवं नागरिक इस सुविधा का लाभ उठा सकेंगे।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**मोतिहारी(एनएसबी)।** बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (ठैसै।) के मिनिमम एक्शन प्लान के अंतर्गत आज इरा प्रेप पब्लिक स्कूल , मोतिहारी में एक विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (छ।सै।) की जागृति योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर सुरक्षित बचपन, सुरक्षित भविष्य तथा वरिष्ठजन सशक्तिकरण और गरिमा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष चर्चा की गई। बच्चों को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में सरल एवं प्रभावी ढंग से अवगत कराया गया।कार्यक्रम में पैनल अधिवक्ता श्री दक्ष कायस्थ, टाउन थाना के एसआई श्री चंदन कुमार, पैरा लीगल वलेंटियर (च्स्ट) श्री सिद्धांत कुमार, बाल रोग विशेषज्ञ ड़ प्रगति तथा विद्यालय के निदेशक श्री राजेश कुमार उपस्थित रहे।सभी वक्ताओं ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए



शिविर में भाग लेते लोग।

कहा कि विधिक जानकारी ही एक सशक्त एवं जागरूक समाज की आधारशिला है। उन्होंने बच्चों को छ।सै। की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, विशेष रूप से जागृति योजना के अंतर्गत उपलब्ध निःशुल्क विधिक सहायता, हेल्पलाइन सेवाओं तथा सुरक्षा संबंधी उपायों की विस्तृत जानकारी दी।कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने, किसी भी प्रकार की समस्या या उत्पीड़न की स्थिति में सहायता लेने तथा आवश्यक होने पर विधिक सेवाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया।कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रशासन एवं उपस्थित प्रतिभागियों ने इस प्रकार के विधिक जागरूकता कार्यक्रमों को अत्यंत उपयोगी, प्रेरणादायक एवं समय की आवश्यकता बताया तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की अपेक्षा व्यक्त की।

# 18 जून को मोतिहारी में होगा विकसित भारत संकल्प सम्मेलन

**मोतिहारी((एन एस बी)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आगामी 18 जून को गांधी अडिटोरियम, मोतिहारी में आयोजित होने वाले विकसित भारत संकल्प सम्मेलन की तैयारियों को लेकर रविवार को सर्किट हाउस में सामाजिक संगठनों, व्यवसायी संघों, धार्मिक एवं आध्यात्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में सांसद एवं पूर्व केंद्रीय षि एवं किसान कल्याण मंत्री त्ंकीं डवींद ैपदही विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए सांसद श्री सिंह ने कार्यक्रम की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की तथा विभिन्न समितियों और कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री छंतमदकतं डवकप के नेतृत्व में देश विकसित भारत के लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। विकसित भारत संकल्प सम्मेलन का उद्देश्य केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों और भविष्य की विकास ष्टि को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में जनभागीदारी सुनिश्चित करने का एक सशक्त अभियान है। श्री सिंह ने कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक लोगों को सम्मेलन से जोड़ने का आह्वान करते हुए युवाओं, महिलाओं, किसानों, शिक्षकों, चिकित्सकों, व्यापारियों, बुद्धिजीवियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि समाज के विभिन्न वर्गो की सक्रिय सहभागिता से सम्मेलन को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी। सम्मेलन में सांसद राधा मोहन सिंह के साथ बिहार सरकार की उद्योग एवं खेल मंत्री ैतमलेंप ैपदही तथा क्षेत्र के सभी विधायकगण भी उपस्थित रहेंगे।


तैयारियों को लेकर हुई महत्वपूर्ण बैठक।

बैठक में कार्यक्रम संयोजक उपमहापौर ड़ लालबाबू प्रसाद, व्यवस्था प्रमुख अखिलेश कुमार सिंह सहित भाजपा के कई पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी उपस्थित लोगों ने सम्मेलन को ऐतिहासिक, भव्य एवं सफल बनाने का संकल्प लिया।

# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत पूर्वी चंपारण के 13,167 उपभोक्ताओं को मिलेगा नि:शुल्क सोलर पैनल

**मोतिहारी(एनएसबी)।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत बिहार सरकार द्वारा संचालित यूएलए (न्स।) परियोजना का शुभारंभ माननीय मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी द्वारा वीडियो कन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया। इस महत्वाकांक्षी योजना पर लगभग 1,512 करोड़ रुपये की लागत आएगी, जिसके तहत राज्य के 25 लाख कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं को लाभान्वित किया जाएगा। इसके अंतर्गत योजना के प्रथम चरण में पूर्वी चंपारण जिले के 13,167 उपभोक्ताओं के घरों पर निःशुल्क सोलर पैनल स्थापित किए जाएंगे, जिससे उन्हें स्वच्छ एवं किफायती ऊर्जा उपलब्ध होगी तथा बिजली बिल में उल्लेखनीय कमी आएगी। यह योजना राज्य में अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा देने और ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।इस अवसर पर मोतिहारी स्थित राजेंद्र सभागार में आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी जिलाधिकारी मुकेश कुमार सिन्हा, सांसद प्रतिनिधि पंकज कुमार श्रीवास्तव, मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार, हरसिद्धि विधायक ष्णनंदन पासवान, मधुबन विधायक राणा रणधीर, पीपरा विधायक श्याम बाबू प्रसाद यादव, गोविंज विधायक राजू तिवारी, चिरैया विधायक लालबाबू प्रसाद गुप्ता, कल्याणपुर विधायक सचिन्द्र प्रसाद सिंह उपस्थित रहे।कार्यक्रम में विद्युत विभाग की ओर से अधीक्षण अभियंता (विद्युत आपूर्ति अंचल, मोतिहारी), राकेश रौशन,अधीक्षण अभियंता (ट्रांसमिशन), वरुण कुमार सहित विभाग के सभी कार्यपालक अभियंता (म्म्म), सहायक विद्युत अभियंता (।म्म), कनीय विद्युत अभियंता (श्रम्म) तथा लगभग 100 लाभुकों ने भाग लिया।वक्ताओं ने कहा कि यह योजना नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के साथ-साथ उपभोक्ताओं को बिजली व्यय में राहत प्रदान करेगी तथा पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।


बैठक में उपस्थित लोग।

## संक्षिप्त खबरें

### बनगांव में आज से शुरू होगा श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ, तैयारी अंतिम चरण में

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** सदर प्रखंड कहरा के बनगांव स्थित पुबारी टोला में 15 से 21 जून तक श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जायेगा। यज्ञ को लेकर ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है व तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गयी है।आयोजन कर्ता शंकर कात्यायन ने बताया कि यज्ञ का शुभारंभ 15 जून को भव्य कलश यात्रा के साथ होगा। कलश यात्रा बाबाजी कुटी से निकलकर विभिन्न देवी-देवता स्थलों का भ्रमण करते यज्ञ स्थल तक पहुंचेगी। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि यज्ञ के दौरान प्रतिदिन शाम चार बजे से सात बजे तक पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रसिद्ध कथावाचक मारुति किंकर जी महाराज श्रीमद्भागवत कथा का वाचन करेंगे।कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को धर्म, संस्कृति व आध्यात्मिक जीवन के विभिन्न पहलुओं की जानकारी देंगे। यज्ञ आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं।वहीं गांव के लोगों में धार्मिक आयोजन को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। ग्रामीणों ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से कथा श्रवण कर आध्यात्मिक लाभ लेने की अपील की है।

### सहारा इंडिया भुगतान पीड़ितों की सहायता हेतु 16 जून को सभा का आयोजन

सहारा भुगतान को लेकर संघर्ष तेज, 16 जून को सहरसा में बड़ी सभा।

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** सहारा इंडिया में जमा राशि के भुगतान को लेकर परेशान जमाकताओं एवं अभिकताओं की सहायता के लिए विश्व भारती जन सेवा संस्थान द्वारा 16 जून 2026 (मंगलवार) को सुबह 11 बजे सहरसा के शंकर चैक स्थित मंदिर विवाह भवन की तीसरी मंजिल पर एक सभा का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी विश्व भारती जन सेवा संस्थान के बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष कैशव कुमार चैधरी ने दी। उन्होंने बताया कि ऐसे जमाकर्ता जिन्होंने केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय के निदेर्शानुसार सीआरसीएस रिफंड पोर्टल पर आवेदन किया है, लेकिन अब तक भुगतान प्राप्त नहीं हुआ है अथवा आंशिक भुगतान ही मिला है, वे इस सभा में शामिल होकर अपनी समस्याएं रख सकते हैं। सभा में सहारा इंडिया के अभिकताओं को भी आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि सभा में भाग लेने वाले लोग अपने साथ आधार कार्ड, सहारा इंडिया द्वारा जारी बांड अथवा संबंधित दस्तावेज तथा सीआरसीएस पोर्टल पर किए गए आवेदन की छायाप्रति अवश्य लेकर आएं। इस दौरान भुगतान संबंधी समस्याओं एवं आगे की कार्रवाई पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। कैशव कुमार चैधरी ने सहारा पीड़ित जमाकताओं एवं अभिकताओं से अधिक से अधिक संख्या में सभा में शामिल होने की अपील की है। साथ ही उन्होंने लोगों से इस सूचना को सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों से व्यापक रूप से प्रसारित करने का अनुरोध किया है, ताकि कोई भी प्रभावित व्यक्ति जानकारी से वंचित न रहे।

### प्रतियोगिता के लिए लखीसराय रवाना हुए खिलाड़ी

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** सहरसा जिला थांग-ता संघ के तत्वावधान में जिले के 13 होनहार खिलाड़ी 06 वीं बिहार राज्य थांग-ता प्रतियोगिता में भाग लेने शुक्रवार को लखीसराय रवाना हुए। खेल भवन, लखीसराय में 12 से 14 जून



तक होने वाली इस प्रतियोगिता में सहरसा के खिलाड़ी दमखम दिखाएंगे। टीम मैनेजर सुमित कुमार ने बताया कि खिलाड़ियों ने कड़ी मेहनत से तैयारी की है। खिलाड़ियों के दल में रानी कुमारी, शिव प्रकाश, सरस्वती कुमारी, नमिता, साक्षी, मनीषा, निशा, बाबुल, अभिषेक, धीरज, आयुष, रोशन, सत्यम शामिल है। खिलाड़ियों को टीम मैनेजर सुमित कुमार ने रवाना किया। संघ के सचिव ए के मुन्ना एव टीम कोच मो. अनवर ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए भरोसा जताया कि सभी खिलाड़ी पदक जीतकर जिले का नाम रोशन करेंगे। खेल प्रेमियों व अभिभावकों ने भी दल के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### चैकीदार की मां का अचानक हर्ट अटेक से निधन, परिजनों में मचा कोहराम

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के खजुराहा गांव निवासी चैकीदार मुकेश कुमार शर्मा की मां 55 वर्षीय रेखा देवी का रविवार को अचानक हर्ट अटेक से निधन हो गया। उनके निधन से परिवार एवं गांव में शोक की लहर दौड़ गई। रेखा देवी धर्मपरायण एवं सामाजिक महिला थी। उनके निधन पर राजद नेता सह सोनवर्षा प्रखंड उप प्रमुख रुबी कुमारी, राजद नेता चंदन यादव, पंचायत समिति सदस्य संघ जिला अध्यक्ष आजाद कुमार, थाना परिवार के सभी पदाधिकारीगण, एवं संजीव कुमार, नितेश कुमार, राजेश सिंह, चंदकिशोर शर्मा, अशोक कुमार पासवान सहित कई लोगों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को इस दुख की घड़ी में संबल प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की।



### बांस काटने के विवाद में महिला से मारपीट, छीना-झपटी का भी आरोप थाना में दिया आवेदन

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के खजुराहा निवासी प्रमीला देवी ने सोनवर्षा राज थाना में आवेदन देकर गांव के ही आशीष कुमार सहित अन्य लोगों पर मारपीट कर छिना झपटी का आरोप लगाया है। बताया जा रहा है कि जबरन बांस काटने को लेकर हुआ विवाद। पीड़िता के अनुसार दोनों आरोपित उनके बांस के बगीचे में जबरन बांस काट रहे थे। विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की गई, जिससे सिर और बांह में चोट लगी। उन्होंने आरोप लगाया कि इस दौरान कान की सोने की एक बाली भी छीन ली गई। शोर सुनकर आसपास की महिलाएं पहुंचीं और बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। महिला ने आरोपितों पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। पीड़िता ने थाना अध्यक्ष नागमणि कुमार ने बताया आवेदन मिला है मामले की जांच कर रहे हैं।



# मनसी-सहरसा दोहरीकरण व खगड़िया-कुशेश्वरस्थान रेल परियोजना को गति देने को लेकर रेलमंत्री से मिले सांसद

**सहरसा कार्यालय (एनएसबी)।** खगड़िया लोकसभा क्षेत्र की रेल परियोजनाओं को गति देने के उद्देश्य से सांसद राजेश वर्मा ने नई दिल्ली में केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से मुलाकात कर क्षेत्र की विभिन्न लंबित रेल योजनाओं से संबंधित मांग पत्र सौंपा। इस दौरान रेल मंत्री ने जनहित से जुड़ी परियोजनाओं पर प्राथमिकता के आधार पर सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया। बैठक में मानसी-सहरसा रेलखंड के 44 किलोमीटर लंबे दोहरीकरण कार्य का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। सांसद ने बताया कि कोसी क्षेत्र की यह महत्वपूर्ण रेल लाइन यात्रियों एवं माल परिवहन के लिए अत्यंत उपयोगी है, लेकिन बढ़ते यातायात दबाव को देखते हुए इसका दोहरीकरण आवश्यक हो गया है। रेल मंत्री ने इस परियोजना पर त्वरित कार्रवाई का भरोसा दिया। सांसद ने बिहारीगंज, आलमनगर, बेलदौर, मानसी नई रेल लाइन परियोजना को आगामी रेल बजट में प्राथमिकता देने की मांग भी की। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण पूरा होने के बावजूद यह परियोजना लंबित है। इसके निर्माण से बेलदौर सहित आसपास के क्षेत्रों के लाखों लोगों को सीधा रेल संपर्क मिलेगा तथा शिक्षा, रोजगार और व्यापार के नए अवसर सृजित होंगे। मुलाकात के दौरान महेशखूंट स्टेशन, मानसी स्टेशन के पश्चिमी रेलवे फाटक तथा हसनपुर चीनी मिल के समीप स्वीकृत रेल ओवरब्रिज परियोजनाओं के लिए शीघ्र टेंडर जारी कर निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग भी रखी गई। सांसद ने कहा कि इन आरओबी के निर्माण से क्षेत्र में जाम की समस्या का समाधान होगा तथा सड़क और रेल यातायात अधिक सुरक्षित एवं सुगम बनेगा। इसके अलावा खगड़िया-कुशेश्वरस्थान रेलवे परियोजना की प्रगति पर भी चर्चा हुई। सांसद ने कार्य में तेजी लाने का अनुरोध किया, जिस पर रेल मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देने का आश्वासन दिया। वहीं सहरसा जिले के सिमरी बख्तियारपुर स्टेशन पर वैशाली एक्सप्रेस सहित अन्य प्रमुख ट्रेनों के ठहराव की मांग भी उठाई गई, जिस पर सकारात्मक विचार करने का भरोसा दिया गया। सांसद राजेश वर्मा ने कहा कि लोकसभा क्षेत्र में रेल कनेक्टिविटी को मजबूत करना तथा लंबित परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा कराना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मानसी-सहरसा दोहरीकरण, बिहारीगंज-आलमनगर, बेलदौर-मानसी नई रेल लाइन, स्वीकृत आरओबी तथा खगड़िया-कुशेश्वरस्थान रेल परियोजना क्षेत्र के विकास की आधारशिला साबित होंगी। इन योजनाओं के पूरा होने से यातायात सुविधाएं बेहतर होंगी और आम लोगों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।



रेलमंत्री से मिलते खगड़िया सांसद

## भारतीय मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष ने श्रम अधीक्षक को डायरी देकर किया सम्मानित

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष संतोष पासवान द्वारा श्रम अधीक्षक संतोष झा से औपचारिक मुलाकात कर यूनियन की डायरी सौपकर सम्मानित किया।इस अवसर पर जिलामंत्री सुभाष चंद्र झा सहित अन्य मौजूद रहें।उन्होने कहा कि भारतीय मजदूर संघ के ध्येय वाक्य व मूल मंत्र राष्ट्र हित, उद्योग हित एवं मजदूरहित की रीति नीति अपना कर समाज के अंतिम पायदान पर खड़े मानवता के लिए उषा की किरण जगाने व उनके भाग्य निर्माण के लिए प्रेरित है।ऐसे में सर्वाधिक मजदूरों के कल्याण हेतु बीएमएस द्वारा स्थापना काल से ही प्रयासरत है। श्री पासवान ने श्रम अधीक्षक से बिहार सरकार के द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजना के संबंध में जैसे बिहार शताब्दी लाभ, छात्र वृत्ति प्रोत्साहन राशि, विवाह सहायता हेतु अनुदान राशि, एवं प्रवासी मजदूर के लिए लाभ , निर्माण मजदूर के लिए निबंधन समय से सभी कागजात जमा होने के बावजूद भी समय से लाभ नहीं मिल पाने की बात कही।उन्होंने कहा कि कभी विभागीय बेवसाइट बाधित की वजह तो कभी अन्य कार्य की प्रेशर के वजह, बहुत मजदूर निर्धारित समय से विभागीय समस्या के कारण कई योजना फॉर्म फील नहीं कर पाए।4 से 5 महीना राजस्व कर्मचारी एवं सीओ साहब हड़ताल पर रहने से परिवारिक सूची नहीं बन पाए जिनके कारण सैकड़ों मजदूर फॉर्म फील करने से वंचित रह गए। उन्होंने श्रम अधीक्षक संतोष झा से कई योजना और मजदूरों के हित में सकारात्मक बाते हुई। साथ ही श्रम अधीक्षक ने आश्वासन दिया मजदूर को सभी प्रकार की लाभ समय से मिलेगा, और निर्माण श्रमिक के हित में कार्य अवश्य होगा। श्रम अधीक्षक ने कहा कि विभाग द्वारा बाल विवाह एवं बाल श्रम उन्मूलन कार्य मे सभी यूनियन से सहयोग प्रदान करने की अपील की।



श्रम अधीक्षक को सम्मानित करते जिलाध्यक्ष

## मनिया में आपसी विवाद ने लिया हिंसक रूप, मारपीट व फायरिंग के आरोप, एफएसएल टीम जांच में जुटी



घटना स्थल पर जांच में जुटी एफएसएल टीम

बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)। थाना क्षेत्र के मनिया गांव में शनिवार रात्रि दो पक्षों के बीच हुए आपसी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। घटना के दौरान गाली-गलौज, मारपीट तथा गोलीबारी किए जाने के आरोप लगाए गए हैं। हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पहले पक्ष के शशिधर यादव ने थाना में आवेदन देकर रणबीर यादव सहित चार लोगों पर जान मारने की नीयत से फायरिंग करने, गाली-गलौज और मारपीट करने का आरोप लगाया है। दिए गए आवेदन में बताया गया है कि उनका पुत्र दिलखुश यादव घर से बांसबाड़ी की ओर जा रहा था। इसी दौरान गांव के रणबीर यादव अपने साथियों के साथ एक कार से अत्यधिक तेज गति में गुजर रहे थे। आरोप है कि तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से उनका पुत्र बाल-बाल बच गया। जब इस बात की शिकायत की गई तो विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों के बीच मारपीट एवं फायरिंग की घटना हुई। वहीं दूसरे पक्ष के पुष्पराज यादव ने भी थाना में आवेदन देकर कई लोगों पर मामला दर्ज करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि शनिवार रात वह अपने परिवार और बच्चों के साथ निजी वाहन से सहरसा से अपने गांव मनिया लौट रहे थे। मनिया स्कूल के समीप पहुंचते ही उनकी गाड़ी को हथियार से लैस लोगों ने घेर लिया। आवेदन के अनुसार दिलखुश यादव, अखिलेश यादव, अजीत यादव, धीरेंद्र यादव, मृत्युंजय यादव सहित अन्य लोगों ने गाली-गलौज, मारपीट तथा गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया। घटना की सूचना पर रविवार दोपहर थानाध्यक्ष कुंदन कुमार सहनी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और स्थानीय ग्रामीणों से पूछताछ की। ग्रामीणों द्वारा घटनास्थल से बरामद खोखा पुलिस को सौंपा गया। पुलिस ने क्षेत्र की घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लैब) की टीम भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य संकलन एवं जांच में जुट गई है। थानाध्यक्ष कुंदन कुमार सहनी ने बताया कि दोनों पक्षों से आवेदन प्राप्त हुआ है। मामले की जांच की जा रही है तथा जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## अंतर्राष्ट्रीय नृत्य प्रतियोगिता मे विजेता हुए नन्हें-मुन्ने बच्चों को अतिथियों ने किया सम्मानित

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** अंतर्राष्ट्रीय नृत्य प्रतियोगिता में विजेता हुए नन्हें मुन्ने बच्चों को सराही स्थित स्ट्रीट डांस कार्यालय में समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया।इस सम्मान समरोह मे मुख्य अतिथि के रूप मे सहरसा जिला बीजेपी अध्यक्ष साज्जन शर्मा, मारवाड़ी महिला समिति, रजनी खाँ, वार्ड पार्षद ताबिश मेहर, राजद नगर अध्यक्ष कौशल यादव, समाजसेवी सोहन झा, पूर्व मुखिया अनमोल, समाज सेवी आशीष गुप्ता, समाज सेवी पिस्टल यादव, समाज सेवी शशांक कुमार विक्की नें बच्चो को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।वही सहरसा स्ट्रीट डांस अकादमी के बच्चों और उनके कोच नवीन सिंह राजपूत को इस शानदार और ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए बहुत-बहुत बधाई दी गई।ज्ञात हो कि विगत दिनो नेपाल में आयोजित इंटरनेशनल डांस चैंपियनशिप 2026 सागरमाथा कप में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश और बिहार का नाम रोशन करना बेहद गर्व की बात है। बच्चों ने अपनी प्रतिभा के दम पर कुल 2 गोल्ड, 2 सिल्वर और 3 ब्रॉन्ज मेडल जीतकर यह साबित कर दिया है कि अगर सही मार्गदर्शन और कड़ी मेहनत मिले, तो छोटे शहरों की प्रतिभाएं भी आसमान छू सकती हैं।सभी विजेता बच्चोंकृअदित्री कर्ण, स्वर्ण पदक, रियानशी स्वर्ण पदक, प्रांशी मांधना रजत पदक , मिशिता बांका रजत पदक, विशांक कास्य पदक, राजनंदनी कास्य पदक , रिद्धि शर्मा कांस्य पदक को उनकी इस बेहतरीन परफॉर्मेंस और उज्ज्वल भविष्य के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं सहित पूरे देश और बिहार को इन नन्हे कलाकारों पर गर्व है।



विजेता हुए नन्हें-मुन्ने बच्चें

## 50 लीटर देशी शराब के साथ दो युवक गिरफ्तार







**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी) ।** काशनगर थाना पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 50 लीटर देशी महुआ शराब के साथ बाइक सवार दो युवक को किया गिरफ्तार। इस दौरान काशनगर पुलिस ने शराब तस्करी में प्रयुक्त बाइक बीआर 34 एस 7041 भी जब्त कर ली है। थानाध्यक्ष बजरंगी कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर बराही नहर के पास वाहन जांच की जा रही थी। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार दो संदिग्ध युवकों को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान 50 लीटर देसी चुलाई शराब बरामद हुई, जिसके बाद दोनों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया।गिरफ्तार युवकों की पहचान खगड़िया जिले के बेलदौर थाना क्षेत्र अंतर्गत फुलवरिया गांव निवासी उमेश प्रसाद सिंह के पुत्र विक्रम कुमार सिंह (24) तथा तिलाठी गांव निवासी अशोक मंडल के पुत्र शिवम कुमार (21) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपितों के खिलाफ बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। वहीं, जब्त शराब और मोटरसाइकिल को थाना लाया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

## पिछले 12 वर्षों में देश ने विकास, सुशासन एवं जनकल्याण की नई दिशा प्राप्त की है: लालमोहन गुप्ता

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** भारतीय जनता पार्टी जिला ईकाई द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर रविवार को जिलाध्यक्ष साजन शर्मा की अध्यक्षता में परिसदन में प्रेस वार्ता आयोजित हुई। इस अवसर पर विधान पार्षद लालमोहन गुप्ता ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों को विस्तार से रखते कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश ने विकास, सुशासन एवं जनकल्याण की नई दिशा प्राप्त की है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014, 2019 एवं 2024 में जनता ने लगातार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर भरोसा जताया, जो सरकार के कार्यों पर जनविश्वास का प्रमाण है। सरकार ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास एवं सबका प्रयास के मंत्र को धरातल पर उतारते हुए गरीब, किसान, महिला एवं युवाओं को केंद्र में रखकर योजनाओं का संचालन किया है। उन्होंने कहा कि जन-धन योजना के माध्यम से करोड़ों बैंक खाते खोले गये। जबकि डीबीटी व्यवस्था से सरकारी सहायता सीधे किसानों एवं अन्य लाभार्थियों के खातों में पहुंची एवं भ्रष्टाचार पर अंकुश लगा। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना, पीएम आवास योजना, जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन जैसी योजनाओं से करोड़ों लोगों को लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए किसान क्रेडिट कार्ड, सूक्ष्म सिंचाई एवं कृषि सिंचाई योजनाओं का विस्तार किया गया. वहीं महिलाओं को लखपति दीदी एवं सुकन्या समृद्धि जैसी योजनाओं के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त बनाया गया। उन्होंने छोटे उद्यमियों के लिए मुद्रा योजना, पीएम स्वनिधि एवं पीएम विश्वकर्मा योजना को भी महत्वपूर्ण कदम बताया।उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश के राष्ट्रीय राजमार्गों, रेलवे, मेट्रो नेटवर्क एवं हवाई अड्डों का तेजी से विस्तार हुआ है।वंदे भारत ट्रेनों, अमृत भारत स्टेशन योजना, अटल टनल, चेनाब ब्रिज एवं भारतनेट जैसी परियोजनाओं ने आधारभूत संरचना को नई मजबूती दी है। साथ ही डिजिटल इंडिया अभियान के तहत गांवों तक इंटरनेट एवं बिजली पहुंचाने का कार्य किया गया। सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण का उल्लेख करते उन्होंने कहा कि कर्तव्य पथ, पंचतीर्थ, स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, नए संसद भवन, राष्ट्रीय युद्ध स्मारक, हर घर तिरंगा जैसे अभियानों ने राष्ट्रीय गौरव को नई पहचान दी है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के 12 वर्ष केवल उपलब्धियों के आंकड़े नहीं हैं बल्कि विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की मजबूत आधारशिला हैं। एमएलसी ने कहा कि सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक और मजबूत विदेश नीति के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है। कर्तव्य पथ, नया संसद भवन, पंचतीर्थ और सांस्कृतिक विरासत से जुड़े कई ऐतिहासिक निर्णयों ने देश के गौरव को नई पहचान दी है। उन्होंने जोर दिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। मौके पर मीडिया प्रभारी सुमित कुमार, सह मीडिया प्रभारी कुमार अमरज्योति, सोशल मीडिया क्षेत्रीय प्रभारी मिस्टर झा सहित अन्य मौजूद रहें।



प्रेस वार्ता में विधान पार्षद

## संक्षिप्त खबरें

### घर में आग लगा देने का लगाया आरोप

**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** पिरनगरा गांव निवासी स्व. रघुनी यादव के 29 वर्षीय पुत्र रंजीत कुमार ने बेलदौर थाना अध्यक्ष को आवेदन देकर शिकायत की है कि रविवार की सुबह रेखा देवी, सूरज कुमार और निशा कुमारी ने साजिश के तहत मेरे सूने घर में घुस कर आग लगा दी जिससे घर में रखे कपड़े समेत करीब एक लाख रुपए एवं जमीन के कागजात और अन्य सामान जलकर राख हो गए। थाना अध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि आवेदन मिला है। मामले की छानबीन की जा रही है।

### अनियंत्रित ट्रक गड्ढे में पलटा, हताहत नहीं

**पसराहा (दैनिक नवसंदेश)।** एनएच-31 पर पसराहा पेट्रोल पंप के निकट रविवार को अनियंत्रित ट्रक सड़क किनारे गहरे गड्ढे में पलट गया। गनीमत रही कि इस दुर्घटना में कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई। घटना के तुरंत बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। दुर्घटना में ट्रक चालक को मामूली चोटें आई हैं, जिसे वहां मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए प्राथमिक उपचार मुहैया कराया। सूचना मिलने के बाद मौके पर दलबल के साथ पहुंचे पसराहा थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर राजीव कुमार रंजन ने स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने यातायात को सुचारू बनाए रखा और ट्रक को सुरक्षित निकालने की प्रक्रिया शुरू की। थानाध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि घटना में कोई गंभीर हताहत नहीं हुआ है और फिलहाल पुलिस दुर्घटना के कारणों की गहन जांच कर रही है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

### दो पक्षों के बीच मारपीट में चार घायल

**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** बेलदौर नगर पंचायत क्षेत्र में दबंगों ने परिवार के चार सदस्यों को मारपीट कर घायल कर दिया। घायल परिजनों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलदौर लाया गया जहां डॉक्टरों ने उपचार कर उन्हें छुट्टी दे दी। इस मामले में बेलदौर नगर पंचायत निवासी पिंकू शर्मा की 35 वर्षीय पत्नी बबीता देवी ने बेलदौर थाना अध्यक्ष को आवेदन देकर शिकायत की है कि बीती रात्रि गांव के ही उमेश शर्मा के परिजन ने मेरे पति के साथ मारपीट की। बीच-बचाव करने गए तो हम लोगों के साथ भी मारपीट की। इस संबंध में दूसरे पक्ष के उमेश शर्मा ने बताया कि पिंकू शर्मा शराब पीकर गाली गलौज कर रहे थे। वे हर रोज शराब पीकर मोहल्ले में गाली गलौज करते रहते हैं। इसका विरोध किया तो मेरे आंगन के समीप आकर मारपीट करने पर उतारू हो गया। थाना अध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि आवेदन मिला है। छानबीन की जा रही है।

### मिठाई की दुकान से छह हजार रुपये की चोरी

**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** चन्नदह वासा निवासी संजय कुमार साह ने बेलदौर थाना अध्यक्ष को लिखित आवेदन देकर शिकायत की है कि कि बीती रात्रि तिलाठी चौक पर से मिठाई दुकान का ताला तोड़कर चोर ने करीब 6 हजार रुपए चोरी कर लिए। वह जब दुकान पर सुबह आया तो ताला टूटा हुआ देखा। उक्त बात की जानकारी चौक के दुकानदारों को दी तब उन्होंने बेलदौर थाना अध्यक्ष को आवेदन देकर शिकायत की है। थाना अध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि चोरी की सूचना दुकानदारों ने दी है। छानबीन कर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

### उसराहा पुल की सड़क जर्जर होने से आवागमन में परेशानी

**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड क्षेत्र के उसराहा में कोसी नदी पर बने बीपी मंडल पुल की मरम्मत नहीं किए जाने से आवाजाही करने में वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के मुताबिक, वर्ष 2018 के बाद से पुल की सड़क की मरम्मत नहीं किए जाने से पुल पर दर्जनों गड्ढे बन गए हैं। इन गड्ढों में वर्षा का पानी जमा हो जाने से यह और जर्जर होता जा रहा है। कोसी क्षेत्र को एनएच- 31 से जोड़ने वाले इस पुल के दयनीय हलात की ओर विभाग की नजर नहीं पड़ने से इस पुल होकर गुजरने वाले वाहनों को काफी सतर्क होकर बैलगाड़ी की रफ्तार में आवाजाही करने को मजबूर होना पड़ रहा है। इस रास्ते जिला प्रशासन के वाहनों की भी आवाजाही होती है, जो इस समस्या से रू-ब-रू होने के बावजूद चुप्पी साधे हुए है। इससे आम लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। इधर, कांग्रेस नेता मिथलेश कुमार निषाद ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में पुल टूटने का मामला हो या धंसना आम बात हो गयी है। बताते चलें कि बीपी मंडल पुल कोसी के कई जिलो को जोड़ता है। यदि पुल में किसी भी तरह की दिक्कत हो जाती है तो लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

### पूर्व मुखिया सुशीला देवी को दी श्रद्धांजलि

**चौथम (दैनिक नवसंदेश)।** मध्य बौरने पंचायत की पूर्व मुखिया सुशीला देवी के निधन पर शोक व्यक्त करने के लिए सीपीआई माले की राज्य कार्यकारिणी सदस्य एवं दीघा विधानसभा की पूर्व प्रत्याशी दिव्या गौतम रविवार को उनके पैतृक गांव कैथी पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने दिवंगत सुशीला देवी के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। दिव्या गौतम ने स्व. सुशीला देवी के पुत्र, पुत्री एवं पुत्रवधू सहित अन्य परिवारजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि सुशीला देवी कर्मठ, संघर्षशील और जनसेवा के प्रति समर्पित जनप्रतिनिधि थीं। पंचायत के विकास और आम लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। सुशीला देवी का निधन केवल उनके परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है। उनके व्यक्तित्व और सामाजिक सरोकारों से नई पीढ़ी को प्रेरणा मिलती रहेगी। दिव्या गौतम ने दुःख की इस घड़ी में परिवार के साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और परिजनों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। दिव्या गौतम ने बताया कि उनका पैतृक घर चौथम प्रखंड की पूर्वी बौरने पंचायत के बौरने स्थान में है। उनका सुशीला देवी के परिवार से लंबे समय से आत्मीय संबंध रहा है। उन्होंने कहा कि वह सुशीला देवी को अपने अभिभावक के रूप में मानती थीं और उनका निधन उनके लिए व्यक्तिगत क्षति है। उन्होंने कहा कि सुशीला देवी का स्नेह, मार्गदर्शन और सामाजिक सरोकारों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता हमेशा स्मरणीय रहेगी। ज्ञात हो कि चौथम मध्य बोरने पंचायत की पूर्व मुखिया सुशीला देवी पूर्व विधायक एवं सीपीआई के पूर्व राज्य सचिव स्व. सत्यनारायण सिंह की धर्मपत्नी थीं। उनके निधन के बाद क्षेत्र के विभिन्न राजनीतिक एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उनके आवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं।

### विष्व रक्तदाता दिवस पर डॉ. विवेकानंद ने किया रक्तदान



**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** विश्व रक्तदाता दिवस पर श्यामलाल चंद्रशेखर मेडिकल कॉलेज शहीद प्रभु नारायण मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एनएच 31 परमानंदपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. स्वामी विवेकानंद ने स्वयं रक्तदान कर किया। राजमाता माधुरी देवी टीचर ट्रेनिंग कॉलेज आवास बोर्ड खगड़िया के सहायक प्राध्यापक आलोक रंजन यादव एवं श्री कृष्णा यादव तथा छात्र अध्यापक डीएलएड अभिनव कुमार, श्यामलाल चंद्रशेखर मेडिकल संस्थान खगड़िया के छात्र करण कुमार, प्रेम कुमार ने रक्तदान में हिस्सा लिया। इस अवसर पर श्यामलाल चंद्रशेखर मेडिकल कॉलेज के ब्लड सेंटर के मेडिकल अफसर डॉ. अमर सत्यम, प्रयोगशाला सहायक विनय कुमार सिंह, स्वाति कुमारी, ममता कुमारी ने अपना योगदान दिया। इस अवसर पर डॉ. रीना कुमारी रुबी ने सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र दिया। ज्ञात हो इस रक्तदान शिविर का उद्देश्य 2026 के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन अभियान का उद्वेष्य है कि रक्तदान को बढ़ावा देना और थैलेसीमिया व सिकल सेल जैसी गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों के लिए नियमित रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। डॉ. स्वामी विवेकानंद का संकल्प है खगड़िया में कोई भी मरीज रक्त के अभाव में नहीं मरे। इस दिशा में श्यामलाल चंद्रशेखर मेडिकल कॉलेज शहीद प्रभु नारायण मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल तथा राजमाता माधुरी देवी टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं रक्तदान करने में सबसे आगे रही है।

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने हासिल कीं ऐतिहासिक उपलब्धियां

**मोदी सरकार के 12 साल पूरे होने पर आयोजित मीडिया संवाद में बोले मंत्री ई. शैलेंद्र**

दैनिक नवसंदेश



जिला अतिथिगृह में पत्रकारों को संबोधित करते पथ निर्माण मंत्री ई. शैलेन्द्र।

**यह 12 वर्ष केवल एक सरकार के कार्यकाल का नहीं, बल्कि देश के करोड़ों नागरिकों के विश्वास, आकांक्षाओं और नए भारत के निर्माण की सफल यात्रा का प्रतीक है : मंत्री**

**खगड़िया।** भाजपा की ओर से रविवार को जिला अतिथिगृह में मीडिया संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौके पर पत्रकारों को संबोधित करते हुये पथ निर्माण मंत्री ई. शैलेन्द्र ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में भारत ने विकास, सुशासन, सेवा और जनकल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। यह 12 वर्ष केवल एक सरकार के कार्यकाल का नहीं, बल्कि देश के करोड़ों नागरिकों के विश्वास, आकांक्षाओं और नए भारत के निर्माण की सफल यात्रा का प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने गरीब, किसान, युवा, महिला एवं वंचित वर्ग को विकास की मुख्यधारा में लाने के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत करोड़ों परिवारों को पक्का आवास मिला, उज्ज्वला योजना ने माताओं-बहनों को धुएं से मुक्ति दिलाई, जल जीवन मिशन के माध्यम से ग्रामीण घरों तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाया गया तथा आयुष्मान भारत योजना ने गरीब परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा का मजबूत कवच प्रदान किया। किसानों के कल्याण का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के माध्यम से किसानों को प्रतिवर्ष आर्थिक सहायता दी जा रही है। वहीं स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया, स्किल इंडिया और मेक इन इंडिया जैसी योजनाओं ने युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर सृजित किए हैं।

मंत्री ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश की आधारभूत संरचना में अभूतपूर्व परिवर्तन देखने को मिला है। राष्ट्रीय राजमार्गों, एक्सप्रेस-वे, रेलवे नेटवर्क, रेलवे स्टेशनों, हवाई अड्डों और बंदरगाहों का तेजी से विस्तार हुआ है। डिजिटल इंडिया अभियान के माध्यम से शासन व्यवस्था अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और जनकेंद्रित बनी है तथा सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों तक पहुंच रहा है।

उन्होंने बिहार में केंद्र सरकार द्वारा संचालित एवं सहयोग प्राप्त प्रमुख योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि बिहार में अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है। पटना मेट्रो परियोजना, भारतमाला परियोजना के तहत राष्ट्रीय राजमार्गों का विस्तार, गंगा नदी पर नए पुलों का निर्माण, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, स्मार्ट सिटी मिशन, नमामि गंगे कार्यक्रम, किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं से राज्य के करोड़ों लोगों को लाभ मिल रहा है। इसके अतिरिक्त बिहार में मेडिकल कलेजों, आईआईटी, एनआईटी, केंद्रीय विश्वविद्यालयों एवं अन्य शैक्षणिक संस्थानों के विस्तार से शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी नई संभावनाएं विकसित हुई हैं।

मंत्री ने कहा कि कोरोना महामारी जैसे वैश्विक संकट के दौरान भारत ने सेवा, संवेदनशीलता और आत्मनिर्भरता का उदाहरण प्रस्तुत किया। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के माध्यम से करोड़ों परिवारों को मुफ्त राशन उपलब्ध कराया गया तथा भारत ने वैक्सीन निर्माण और वितरण के क्षेत्र में विश्व स्तर पर अपनी सशक्त पहचान बनाई। उन्होंने कहा कि आज भारत विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है। जी-20 की सफल अध्यक्षता, आत्मनिर्भर भारत अभियान, रक्षा क्षेत्र में स्वदेशीकरण, बढ़ता वैश्विक निवेश और मजबूत विदेशी संबंध भारत की नई पहचान बने हैं। विकसित भारत-2047 का संकल्प देश को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का रोडमैप है और सरकार एक ऐसे भारत के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है जो आर्थिक रूप से सशक्त, सामाजिक रूप से समरस, तकनीकी रूप से आत्मनिर्भर तथा वैश्विक स्तर पर अग्रणी हो।

प्रेस वार्ता के दौरान मीडिया प्रतिनिधियों को मोदी सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं, गरीब कल्याण कार्यक्रमों, महिला सशक्तिकरण, किसान कल्याण, युवा सशक्तिकरण तथा आधारभूत संरचना विकास से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को आमजन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न भगत ने की।

इस अवसर पर राष्ट्रीय परिषद सदस्य रामानुज चौधरी, पूर्व जिला अध्यक्ष अर्जुन कुमार शर्मा, जिला महामंत्री डॉ. इंदु भूषण कुशवाहा, नंदू शाह, जिला उपाध्यक्ष प्रमोद शाह, जितेंद्र यादव, राजेश सिंह, जिला मीडिया प्रभारी सह मुख्य प्रवक्ता मनीष कुमार राय, जिला मंत्री धर्मवीर जायसवाल, जिला कोषाध्यक्ष मृत्युंजय झा, महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य वंदना सिंह पटेल, जिला प्रवक्ता मनीष चौधरी, प्रो. अरविंद सिंह, उदय भास्कर, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष गौरव चौधरी, अनुसूचित मोर्चा जिला अध्यक्ष राजू पासवान, मंडल अध्यक्ष अजय कुमार, शुभंकर शुभम, नीतीश पटेल, अवनीश कुमार, रोमित राज, राजीव धमाका, रंजीत कुमार उर्फ सोनू चौरसिया, कुंदन निषाद, युवा मोर्चा जिला महामंत्री प्रताप रवि सिंह, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष ड़ पुनिता सिंह, ओबीसी मोर्चा जिला मंत्री अभिजीत निगम, मंडल महामंत्री धीरेंद्र पासवान सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सशक्त स्थायी समिति की बैठक में हंगामा, बहिष्कार



**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** सशक्त स्थायी समिति की बैठक में एजेंडा पर हस्ताक्षर को लेकर हंगामा हो गया। नवनिर्वाचित सदस्यों शिवराज यादव, जवाहरलाल यादव, बबलू कुमार, शोभा देवी और रूबी कुमारी ने कहा कि बैठक के एजेंडे को प्रस्ताव पुस्तिका पर लिखे जाने पर ही वे इस पर हस्ताक्षर करेंगे।

सदस्यों ने कहा कि नगर सभापति द्वारा मनमाने तरीके से ऐसे प्रस्ताव को पुस्तिका में शामिल करने पर बल दिया जाने लगा जो जनहित में न होकर निजी स्वार्थ की पूर्ति के लिए लिया जा रहा था। बैठक में बहुमत से सदस्यों ने जिन प्रस्तावों की स्वीकृति दी उसे प्रस्ताव पुस्तिका में नहीं जोड़ा गया, बल्कि नगर सभापति अपने मनोनुकूल प्रस्ताव पारित कराना चाह रही थीं जिस कारण हमलोगों ने हस्ताक्षर नहीं किये और बैठक का बहिष्कार कर बैठक से निकल गये। नगर सभापति का कहना था कि पहले जैसा होता आया है हम वैसे ही करेंगे। प्रस्ताव पहले नहीं लिखायेगा आपलोग हस्ताक्षर कर दीजिए। सशक्त स्थायी समिति के पांचों सदस्यों ने कहा कि प्रस्ताव पुस्तिका में प्रस्ताव अंकित करने के बाद ही वे हस्ताक्षर करेंगे, क्योंकि सशक्त स्थायी समिति एवं बोर्ड के साधारण बैठक में वार्ड पार्षद से हस्ताक्षर करवा लिया जाता है और बैठक में जिस एजेंडे पर चर्चा होती है उसके बदले उन प्रस्तावों को लिख दिया जाता है जिसका आमलोगों सहित शहर के विकास से कोई लेना-देना नहीं है। बैठक के बाद कई महीनों तक समिति एवं बोर्ड के बैठक के प्रस्ताव की कॉपी वार्ड पार्षद को उपलब्ध नहीं करायी जाती है। सदस्यों का कहना है कि 02.02.2026 के बोर्ड की साधारण बैठक, 28.03.2026 के बजट की बैठक, 11.05.2026 के बोर्ड की साधारण बैठक और 08.01.2026, 16.02.2026 और 23.03.2026 सशसक्त स्थायी समिति की बैठक के प्रस्ताव की कॉपी वार्ड पार्षदों को अब तक नहीं मिली है। आशंका है कि इन सभी बैठकों के प्रस्ताव की कॉपी में ऐसा भी प्रस्ताव शामिल कर दिया जायेगा जिस पर बैठक में चर्चा नहीं हुई है।

## पुरुषोत्तम मास में होगा अखंड हरिनाम संकीर्तन संत प्रवचन और भजन संध्या का आयोजन



स्वामी आगमानंद महाराज

**चौथम (दैनिक नवसंदेश)।** पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर जयप्रभानगर स्थित निजी आवास परिसर में 14 और 15 जून को अखंड हरिनाम संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति द्वारा जारी सूचना के अनुसार, परमहंस स्वामी आगमानंद जी महाराज के सानिध्य में यह आयोजन संपन्न होगा। 15 जून को शाम 4 बजे से 7 बजे तक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें स्वामी जी का आशीर्वचन तथा प्रसिद्ध भजन गायक डॉ. हिमांशु मोहन मिश्रा दीपकश भजन की प्रस्तुति करेंगे। आयोजन की व्यवस्था में युवराज सिंह एवं चमन सिंह सहयोग कर रहे हैं, जबकि कार्यक्रम के निदेशक रवि कुमार सिंह एवं उनका परिवार हैं। आयोजन समिति ने क्षेत्र के श्रद्धालुओं एवं धर्मप्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर संकीर्तन, प्रवचन और भजन संध्या का लाभ उठाने की अपील की है। रणबीर सिंह ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। इस कार्यक्रम में दूर दराज से स्वामी जी के अनुयाई शिरकत करेंगे।

## खरीफ कार्यशाला में जैविक और प्राकृतिक खेती पर दिया जोर




**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** जिले के गोगरी प्रखंड ट्राईसम भवन में रविवार को शारदीय (खरीफ) अभियान 2026 के तहत गोगरी प्रमुख अशोक कुमार पंत के अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय कार्यशाला-सह-एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन गोगरी प्रमुख अशोक कुमार पंत, प्रखंड कृषि पदाधिकारी आनंद कुमार, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक पंकज कुमार सिंह, वार्ड पार्षद राकेश कुमार, बीआरसी अध्यक्ष अमर सिंह, आत्मा अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह, कृषि समन्वयक रामकृपाल सिंह और प्रगतिशील किसान नीलम देवी एवं ललिता देवी ने संयुक्त रूप से किया। कार्यशाला में उपस्थित कृषि अधिकारियों और कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने किसानों को खरीफ मौसम के दौरान कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। इसके साथ ही मिट्टी जांच, जैविक खेती और प्राकृतिक खेती के महत्व पर विशेष प्रकाश डाला गया। अधिकारियों ने कहा कि अत्यधिक रासायनिक खेती के कारण मिट्टी की उर्वरा शक्ति खराब हो चुकी है। ऐसे में मिट्टी की जांच कराकर जैविक और प्राकृतिक खेती अपनाने से भूमि का स्वास्थ्य फिर से सुधरेगा, जिससे फसलों की पैदावार बढ़ेगी और किसानों की आय में भी वृद्धि होगी। बैठक में अधिकारियों को खरीफ मौसम की सभी योजनाओं का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन जमीन पर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। वैज्ञानिकों ने खेत बचाओ अभियान के महत्व से भी किसानों को अवगत कराया। मौके पर सहायक तकनीकी प्रबंधक, किसान सलाहकार, मुखिया अरुण कुमार, सूर्यनारायण मंडल, पंचायत समिति सदस्य कन्हैया सिंह, जयचंद्र कुमार, किसान सुबोध शर्मा, नरेश सिंह, संजय सिंह, पुरुषोत्तम कुमार, मीनू कुमारी, मुकेश पंडित, रूपम देवी, शोभा देवी, संजू देवी, चांदनी देवी, उषा देवी और ब्रजेश सिंह सहित दर्जनों किसान उपस्थित थे।

## समस्याओं के समाधान के लिए सदैव तत्पर हूं : बबलू



**सैदपुर पंचायत भ्रमण के दौरान ग्रामीणों से मिले सदर विधायक**

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** सैदपुर पंचायत में रविवार को सदर विधायक बबलू कुमार मंडल ने व्यापक जनसंपर्क अभियान के तहत भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं और जनसरोकार से जुड़े विभिन्न मुद्दों को गंभीरता सुना। विधायक के पंचायत पहुंचने पर ग्रामीणों ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। ग्रामीणों ने सड़क, जल निकासी, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, कृषि तथा अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को विधायक के समक्ष रखा। विधायक बबलू मंडल ने मौके पर कहा कि जनता की समस्याओं को जानना और उनका समाधान कराना ही जनप्रतिनिधि का सबसे बड़ा दायित्व है। वे क्षेत्र के समग्र विकास और जनकल्याण के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहे हैं। जनता ने जिस विश्वास के साथ उन्हें विधानसभा भेजा है, उस विश्वास पर खरा उतरना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि विकास केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि गांवों तक विकास की रोशनी पहुंचनी चाहिए। इसी उद्देश्य से वे लगातार पंचायतों का भ्रमण कर लोगों की समस्याओं को सीधे सुन रहे हैं। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए वे प्रयासरत हैं।

## बीडीओ ने जन सहयोग शिविर का किया स्थलीय निरीक्षण

**महेशखूंट (दैनिक नवसंदेश)।** गोगरी प्रखंड के बलतारा तथा पकरैल पंचायत में 16 जून को आयोजित होने वाले जन कल्याण सहयोग शिविर का प्रखंड विकास पदाधिकारी रघुनंदन आनंद तथा सीओ दीपक कुमार ने स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने शिविर को आयोजन को लेकर जनप्रतिनिधि व कर्मी को कई दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिविर में लापरवाही वरतने बाले कर्मी पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने शिविर स्थल जांच में टेन्ट, विधि व्यवस्था तथा प्रचार प्रसार सहित अन्य बिन्दु की जानकारी ली। पकरैल पंचायत के मुखिया अरुण कुमार साह को बीडीओ ने प्रचार प्रसार करने तथा अधिक से अधिक संख्या में शिविर में भाग लेने के लिए लोगों को प्रेरित करने की बात कही। मुखिया ने कहा कि पकरैल पंचायत में जन सहयोग शिविर ऐतिहासिक होगा। शिविर में अधिक से अधिक लोगों से भाग लेने की अपील की। बीडीओ ने पकरैल पंचायत भवन में कर्मी उपस्थित पंजी की निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यपालक सहायक जितेन्द्र कुमार को अनुपस्थिति पाये जाने पर स्पष्टीकरण देने को कहा। मौके पर स्वच्छता पर्यवेक्षक रविशंकर कुमार, किसान सलाहकार मनेलाल कुमार, प्रल्हाद पटेल आदि मौजूद थे।

## खगड़िया के लाल आशुतोष कुमार सिंह ने बढ़ाया जिले का मान



**गंदे और प्रदूषित पानी को साफ करने की नई सौर ऊर्जा आधारित तकनीक विकसित करने के लिए राजस्थान के मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित**

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** परबत्ता प्रखंड के करना गांव निवासी तथा खगड़िया चंद्रनगर स्थित अपने ननिहाल में रहने वाले युवा शोधकर्ता आशुतोष कुमार सिंह ने महत्वपूर्ण शोध कार्य के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे खगड़िया जिले और बिहार का गौरव बढ़ा है। आशुतोष कुमार सिंह, पूर्व वायु सैनिक एवं सिविल कोर्ट खगड़िया के वरिष्ठ अधिवक्ता रामविलास सिंह तथा शिक्षिका ललिता देवी के पुत्र हैं। 5 जून 2026 को राजस्थान की राजधानी जयपुर में आयोजित राजस्थान ग्रीन इनोवेशन चैलेंज-2026 में आशुतोष कुमार सिंह और उनकी टीम को प्रथम पुरस्कार दिया गया। यह सम्मान राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उन्हें प्रदान किया। यह शोध गंदे और प्रदूषित पानी को साफ करने की नई सौर ऊर्जा आधारित तकनीक पर आधारित है। इस तकनीक में पानी की सतह पर तैरने वाली विशेष सामग्री का उपयोग किया जाता है, जो सूर्य के प्रकाश की मदद से पानी में मौजूद हानिकारक रसायनों, रंगों, जीवाणुओं तथा अन्य प्रदूषकों को नष्ट करने में सक्षम है। यह शोध कार्य एनआईटी राउरकेला में प्रो. शुभंकर पाल के मार्गदर्शन में किया गया। टीम में आशुतोष कुमार सिंह के अलावा पश्चिम बंगाल के अमित श्यामल तथा ओड़िशा के तरिणी आशीष साहू शामिल थे। विशेषज्ञों का मानना है कि यह तकनीक भविष्य में उद्योगों से निकलने वाले गंदे पानी को कम लागत में साफ करने में उपयोगी साबित हो सकती है। इससे नदियों, तालाबों और भूजल स्रोतों को प्रदूषण से बचाने में मदद मिलेगी। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ जल उपलब्ध कराने और जल संरक्षण को बढ़ावा देने में भी इसका महत्वपूर्ण योगदान हो सकता है। बिहार जैसे कृषि प्रधान राज्य के लिए यह शोध विशेष महत्व रखता है। गंगा, कोसी, बागमती सहित अन्य नदियों में जाने वाले प्रदूषित जल के उपचार तथा जल पुनर्चक्रण में यह तकनीक सहायक हो सकती है। आशुतोष कुमार सिंह की यह सफलता इस बात का प्रमाण है कि खगड़िया जैसे जिले के युवा भी अपनी प्रतिभा और मेहनत के बल पर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना सकते हैं। उनकी यह उपलब्धि जिले के विद्यार्थियों एवं युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। सामाजिक कार्यकर्ता अमरीश कुमार, पीएचडी छात्र सन्नी राज और अन्य लोगों ने आशुतोष तथा उनके माता-पिता को इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## संक्षिप्त खबरें

### फतुहा स्टेशन रोड से कल हटेगा अतिक्रमण, भारी पुलिस बल रहेगा तैनात

**फतुहा(दैनिक नवसंदेश)।** स्टेशन रोड क्षेत्र में बरसों से स्थानीय लोग भीषण जाम की समस्या से कराह रहे थे। काफी सालों से फतुहा चौराहा पर लगने वाले इस महाजाम के कारण आम जनता से लेकर राहगीर तक बेहद परेशान थे। पहले मुख्य सड़क और फुटपाथ संकीर्ण होने की वजह से यहाँ हर वक्त गाड़ियों के पहिए थमे रहते थे। लेकिन अब नगर परिषद पूरी तरह से एक्शन मोड में आ गया है। फतुहा चौराहा से लेकर छोटी लाइन तक अवैध कब्जे को पूरी तरह से अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा, जिससे सड़क का क्षेत्रफल बड़ा हो जाएगा और गाड़ियों के आने-जाने में कोई परेशानी नहीं होगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी जगन्नाथ प्रसाद यादव ने बताया कि कल 15 जून को इस पूरे चिन्हित क्षेत्र से हर हाल में अतिक्रमण हटाया जाना सुनिश्चित किया गया है और इसके लिए सभी प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यह पूरी कार्रवाई सहयोग शिविर तथा बिहार विधानसभा की याचिका संख्या 250॑26 के तहत की जा रही है, जिसमें फतुहा के स्टेशन रोड और छोटी लाइन इलाके में अतिक्रमण हटाने का मामला लंबित है। अभियान को पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने और क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए नगर परिषद द्वारा बेहद कड़े कदम उठाए जा रहे हैं। कार्यपालक पदाधिकारी जगन्नाथ प्रसाद यादव ने अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ), पटना सिटी को पत्र भेजकर अभियान के दौरान पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी (मैजिस्ट्रेट) और महिला-पुरुष पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति करने का अनुरोध किया है, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति या विरोध से सख्ती से निपटा जा सके। इस बड़े अभियान की सूचना और आवश्यक कार्रवाई के लिए पत्र की प्रतिलिपि फतुहा के थाना अध्यक्ष, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी और पटना के जिला पदाधिकारी को भी सौंप दी गई है। प्रशासन के इस कड़े रुख के बाद फतुहा चौराहा से लेकर छोटी लाइन तक के दुकानदारों और फुटपाथ पर अवैध कब्जा करने वालों में हड़कंप मच गया है।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**फतुहा(दैनिक नवसंदेश)।** फतुहा-बख्तियारपुर स्टेट हाईवे-106 पर कुर्था स्कूल के समीप रविवार को एक भीषण सड़क हादसा सामने आया है। यहाँ एक अज्ञात, अनियंत्रित और तेज रफ्तार हाईवा ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना के बाद चालक हाईवा समेत मौके से फरार होने में कामयाब रहा। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। आक्रोशित ग्रामीणों ने फौरन इसकी सूचना खुसरूपुर थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल पर पहुँचकर स्थिति को संभाला। पुलिस ने शव और क्षतिग्रस्त बाइक को अपने कब्जे में ले लिया। कानूनी प्रक्रिया के तहत पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए पटना भेज दिया गया है। शुरुआती मशक्कत के बाद मृतक की पहचान बैकठपुर निवासी दीना पासवान के 25 वर्षीय पुत्र शंकर पासवान के रूप में की गई है। हादसे की खबर मिलते ही मृतक के परिजन भी रोते-बिलखते घटनास्थल पर पहुँच गए। जवान बेटे का शव देख माता-पिता और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पूरे गाँव में इस घटना के बाद से मातम का माहौल है।

# ज्योति कलश रथ यात्रा के लिये कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण गोष्ठी



संबोधित करते अतिथि।



बैठक करते गायत्री परिवार।

**जमालपुर (मुंगेर) (डीएनस)।** शांतिकुंज हरिद्वार से नगर में दिव्य ज्योति रथ के आगमन और 18 जुलाई तक परिभ्रमण और नियोजन के लिए गायत्री शक्तिपीठ,जमालपुर में प्रखंड के नैष्ठिक कार्यकर्ताओं की बैठक हुई।

52 कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उपजोन प्रतिनिधि मनोज मिश्र ने कहा कि रथ के साथ चलने वाली अखंड ज्योति में गुरुदेव की तपस्या-साधना की प्राण उर्जा समाई हुई है। गुरुमाता भगवती देवी शर्माकी जनशताब्दी के उपलक्ष्य में इस रथ के द्वारा नगर- नगर, गांव-गांव में गायत्री मिशन के सभी रचनात्मक आंदोलन आस्तिकता संवर्धन, पर्यावरण, शिक्षा, नारी जागरण, युवा स्वालंबन, स्वास्थ्य,व्यसन मुक्ति,कुरीति उन्मूलन के प्रति जन जागरण का संदेश दिया जायगा।साथ ही गायत्री परिवार के अभिनव अभियान को वर्तमान परिप्रेक्ष्य में॰आओ गढें संस्कारवान पीढ़ी॰और ॰कन्या किशोर कौशल अभिवर्धन अभियान॰की महत्ता और अनिवार्यता से जनचेतना को आंदोलित किया जाएगा।अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में गायत्री शक्तिपीठ के प्रधान ट्रस्टी ष्णा चौरसिया ने कहा कि 21 जून को विश्व योग दिवस के अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ,जमालपुर में योग प्रशिक्षिका सृष्टि के द्वारा योगाभ्यास कराए जाएंगे।23 जून को गायत्री शक्तिपीठ में सामूहिक अखंड जाप और गायत्री चालीसा के पाठ और 24 जून को गायत्री जयंती, गंगादशहरा और गुरुदेव का महाप्रयाण दिवस मनाया जाएगा।इन अवसरों पर श्रद्धालुओं को ज्योति कलश रथ यात्रा की जानकारी दी जायेगी। श्री चौरसिया ने बताया कि ज्योति कलश रथ यात्रा के माध्यम से गांव-गांव में दीप यज्ञ,विभिन्न सामाजिक,शैक्षिक और धार्मिक संस्थानों के माध्यम से सामाजिक चेतना के उन्नयन के संदेश देते हुये सत् साहित्य और मिशनरी पत्रिकाओं का वृहत् वितरण व प्रचार प्रसार भी किया जाएगा। इस अवसर पर राजनाथ मंडल और हेमंत भगत द्वारा प्रेरक गायन प्रस्तुत किया गया। इस महत्वपूर्ण गोष्ठी में ट्रस्टी सुरेश चंद्र चौरसिया, ट्रस्टी जमुना सिंह, ट्रस्टी सुमित कुमार, ट्रस्टी ब्रह्मदेव मंडल ॰दीनबंधु॰, प्रखंड प्रतिनिधि विपिन कुमार चौरसिया, युवा प्रतिनिधि, प्रशांत कुमार सिंह, महिला प्रतिनिधि बबी देवी, अनिता भारती, गायत्री शक्तिपीठ भागी चक के ट्रस्टी डक्टर राजेश, अरुण कुमार शाह, जयप्रकाश मंडल, एजीएसपी की जिला समन्वयक रेणु भगत, सुशीला देवी,भोला प्रसाद,शंभू सिंह,वरुण, दिवाकर, सुषमा सिन्हा, नीलम भगत, सुषमा देवी रूबी देवी, महेश चौरसिया सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# एकदिवसीय क्षेत्रीय संतमत सत्संग को लेकर बैठक

## 27 जून को छोटी केशवपुर में आयोजित होगा मासिक सत्संग

**जमालपुर(मुंगेर)।** सत्संग आश्रम में आगामी 27 जून को एक दिवसीय बहु क्षेत्रीय मासिक शब्द में सत्संग का आयोजन किया जाएगा। जिसमें संतमत सत्संग के वरिष्ठ महात्मा स्वामी शांतानंद जी महाराज एवं स्वामी प्रभाकर बाबा के अलावा कई साधु संतों का पदार्पण एवं आध्यात्मिक प्रवचन होगा। उक्त अवसर पर जमालपुर, मुंगेर, लखीसराय, खगड़िया, भागलपुर एवं आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ो संतमत सत्संग के अनुयायी शामिल होंगे। जिनके ठहरने एवं भोजन भंडारा की निशुल्क व्यवस्था आयोजन समिति की ओर से की गई है।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद मंडल ने कहा कि इस क्षेत्र में संतमत सत्संग के प्रचार प्रसार में मासिक सत्संग एक अहम कड़ी है। इसलिए इसे सफल बनाने के लिए हम सभी सत्संगियों को एकजुट होकर सहयोग करने की आवश्यकता है। मौके पर प्रचार मंत्री राजन कुमार चौरसिया, प्रभाकर बाबा, सत्यनारायण मंडल, राजेंद्र साह, सूर्य नारायण मंडल, राजेंद्र प्रसाद मंडल, राजन कुमार चौरसिया, रामजतन पासवान, कैलाश प्रसाद, मनोज तांती, मुकेश कुमार पासवान, गोपाल चौधरी, राजेंद्र साहू, अनिल कुमार पप्पू, ओम प्रकाश साह, बंटी कुमार, सुमित कुमार, चंद्रशेखर मंडल, देवानंद साह, भीम मंडल, चंद्रदेव मंडल,



बैठक में शामिल सत्संगी।

शिव प्रजापति, रामनारायण गुप्ता, जय राम, अनीता देवी, माला देवी, शकुंतला देवी सहित दर्जनों सत्संगी कार्यकर्ता मौजूद थे।

# नवादा सांसद का फरदा गांव में हुआ स्वागत

जमालपुर (मुंगेर)। भाजपा सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम को सफल बनाने के बाद पटना लौट के क्रम में नवादा के सांसद विवेक ठाकुर का फरदा गांव सामाजिक राजनीतिक नेता कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। जनता से मिले स्वागत सम्मान पर सांसद ने सभी के प्रति आभार जताते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने जो देशवासियों से वादा किया है। उसे हर हाल में पूरा किया जाएगा मौके पर सुभाष कुमार,सुनील कुमार,जनार्दन कुंवर,बमबम कुंवर,पंकज कुंवर,शालिग्राम कुंवर, प्रोफेसर राजीव नयन सहीत कई ग्रामीण मौजूद थे।



स्वागत करते ग्रामीण।

### पुलिस वाहन की बदहाली उजागर धक्का लगाकर चलाने को मजबूर जवान

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। बाढ़ एनटीपीसी थाना की सरकारी वाहन व्यवस्था की बदहाली एक बार फिर चर्चा का विषय बन गई है। थाना परिसर में खड़ी पुलिस की एक सरकारी मोटरकार की हालत ऐसी दिखाई दी कि उसे चालू करने के लिए पुलिसकर्मियों को धक्का लगाना पड़ा। वाहन की जर्जर स्थिति को देखकर लोगों के बीच यह कहावत चरितार्थ होती नजर आई॰चल यार धक्का मार। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वाहन लंबे समय से तकनीकी खराबी से जूझ रहा है। कई बार स्टार्ट करने के प्रयास के बावजूद जब गाड़ी चालू नहीं हुई तो जवानों को उसे धक्का लगाकर चालू करने का प्रयास करना पड़ा। इस श्य को देखकर आसपास मौजूद लोगों ने पुलिस वाहनों के रखरखाव और मरम्मत व्यवस्था पर सवाल खड़े किए।

# यदुपति नाथ गणेश मंडल मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट पर शीतलपुर मुंगेर का कब्जा

## फाइनल मैच में शीतलपुर मुंगेर ने खगड़िया को 2 - 0 से हराया, शीतलपुर के राजा भाई को मिला बेस्ट 22 का पुरस्कार

**जमालपुर (मुंगेर) (डीएनएस)।** जेएसए मैदान जमालपुर में खेले जा रहे यदुपति नाथ गणेश मंडल मेमोरियल फुटबल टूर्नामेंट का फाइनल मैच रविवार को खगड़िया एवं शीतलपुर मुंगेर के बीच खेला गया। खेले गए फाइनल मैच का पहला गोल शीतलपुर टीम की ओर से नंबर 9 के राजा भाई ने मैच के 9 मिनट में कर अपनी टीम को एक शून्य से आगे कर दिया। वही दूसरा गोल भी मैच के 67 में मिनट में शीतलपुर की ओर से जर्सी नंबर 18 के सुमन कुमार ने कर अपनी टीम को फाइनल में विजेता बना दिया। इस तरफ फाइनल मैच में शीतलपुर ने खगड़िया को 2 - 0 से पराजित कर फाइनल के विजेता बने।फाइनल मैच फाइनल मैच में बेहतर प्रदर्शन करने वाले शीतलपुर के राजा भाई को बेस्ट 22 का पुरस्कार दिया गया।मैच में निर्णय की भूमिका में रेफरी मोहम्मद सलाम, सुधांशु कुमार,रामरक्षा,प्रवीण शंकर, ष्णानंद ने अहम भूमिका निभाई। वही उद्घोषक की भूमिका में अजीत कुमार ने अपने सौम्या अंदाज में खिलाड़ी खेल प्रेमी एवं अतिथियों का खूब मनोरंजन किया।इसके पहले फाइनल मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि सीडब्ल्यूएम विनय प्रसाद वर्णवाल एवं विशिष्ट अतिथि डिप्टी विद्युत बीपीके मिंस, रवि राजपूत,सनातन कुमार,लाल साह, सामाजिक नेत्री तनुजा मंडल ने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर बेहतर प्रदर्शन करने की शुभकामना दिए। वही फाइनल मैच के विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्रफी प्रदान करते दोनों टीम को बधाई दिए।इधर अतिथियों का स्वागत बुके,अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर मैकेनिकल रीक्रिएशन क्लब के अध्यक्ष उमेश सिंह,उपाध्यक्ष अशोक सिंह चौहान,कोषाध्यक्ष शिवलाल रजक,अजीत कुमार,नंदकिशोर यादव,लटोरी मंडल,प्रवीण कुमार,मनोज कुमार,ष्णानंद,जैनुल आबेदीन,अनिल कुमार पासवान सहित कई सदस्यों के संयुक्त रूप से किया। मौके पर प्राचार्य देवराज सुमन, पूर्व फुटबलर अरुण कुमार अरुण, सतीश भारती,अरुण कुमार,प्रहलाद रावत,अजय कुमार,रंजीत प्रसाद,विष्णु देव पासवान,प्रवीण कुमार,रंजीत प्रसाद,नंदकिशोर यादव, राजकुमार सहित सैकड़ो खेल प्रेमी मौजूद थे।





विजेता टीम को ट्राफी देते मुख्य अतिथि सीडब्ल्यूएम सहित अन्य।

## संक्षिप्त खबरें

### फोरलेन पर लूटपाट करने वाला गिरोह गिरफ्तार, 15 मोबाइल बरामद

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** फोरलेन सड़क पर सुबह-सुबह राहगीरों को निशाना बनाकर लूटपाट की घटनाओं को अंजाम देने वाले एक सक्रिय गिरोह का बाढ़ थाना पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूट के 15 मोबाइल फोन, एक कार तथा एक बाइक बरामद की है। एसडीपीओ रामष्ण ने शनिवार को आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि गिरफ्तार अपराधी सफेद रंग की कार का इस्तेमाल कर सुनसान स्थानों पर राहगीरों और यात्रियों को अपना शिकार बनाते थे। गिरोह के सदस्य विशेष रूप से सुबह के समय फोरलेन मार्ग पर सक्रिय रहते थे और मौका मिलते ही लूट की वारदात को अंजाम देकर फरार हो जाते थे। पुलिस को लगातार मिल रही शिकायतों और तकनीकी अनुसंधान के आधार पर विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपितों ने कई लूट की घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों के विरुद्ध भदौर, मोकामा तथा बाढ़ थाना क्षेत्रों में लूट एवं अन्य आपराधिक मामलों के कई मुकदमे दर्ज हैं। बरामद मोबाइल फोन हाल के दिनों में हुई विभिन्न लूट की घटनाओं से संबंधित बताए जा रहे हैं। पुलिस बरामद मोबाइलों के वास्तविक मालिकों की पहचान करने में जुटी है। गिरफ्तार अपराधियों से पूछताछ के आधार पर गिरोह के अन्य सदस्यों तथा उनके नेटवर्क के संबंध में भी जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में सक्रिय अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई के बाद फोरलेन मार्ग पर लगातार हो रही लूटपाट की घटनाओं पर अंकुश लगने की उम्मीद जताई जा रही है। पुलिस की इस सफलता को क्षेत्रवासियों ने सराहनीय कदम बताया है।



लुट घटना से पहले चार सड़क लुटेरे पुलिस गिरफ्त में।

### भाजपा कार्यालय में प्रधानमंत्री का 12 साल बेमिसाल कार्यक्रम बड़ी उत्साह से मनी

**सोनपुर (एनएसबी)** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर रविवार को सोनपुर विधायक कार्यालय में भाजपा द्वारा ष्12 साल बेमिसालष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह बब्लु एवं संचालन नगर उपाध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह ने किया।कार्यक्रम की शुरुवात ड श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैल चित्र पर पुष्पांजलि एवं वन्देमातरम से किया गया।इस अवसर पर सोनपुर विधायक विनय कुमार सिंह जी ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास और वैश्विक प्रतिष्ठा के नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि आज देश में सड़कों का व्यापक नेटवर्क, बिजली, पेयजल और मजबूत आधारभूत संरचनाओं का विकास हुआ है, जिससे आम लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है।विधायक ने कहा कि भारत की बढ़ती वैश्विक भूमिका के कारण आज दुनिया के बड़े देश भी भारत को ध्यान में रखकर अपने निर्णय लेते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सत्ता प्राप्ति के लिए नहीं, बल्कि ष्श्रेष्ठ भारतष के निर्माण के उद्देश्य से राजनीति करती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि भारत को विश्व की सबसे बड़ी और शक्तिशाली ताकत बनाने का संकल्प अभी अधूरा है और इस दिशा में लगातार कार्य करने की आवश्यकता है।अपने संबोधन में उन्होंने भाजपा के संगठनात्मक विस्तार का भी जिक्र करते हुए कहा कि वर्ष 1980 में स्थापित भारतीय जनता पार्टी ने 1984 के लोकसभा चुनाव में दो सीटों से शुरुआत की थी और आज वह दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप में स्थापित है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में भाजपा देश के हर संवैधानिक और लोकतांत्रिक क्षेत्र में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराएगी।कार्यक्रम के दौरान विधायक ने कार्यकर्ताओं को ष्राष्ट्र प्रथमष का मंत्र देते हुए सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता राष्ट्र निर्माण की भावना के साथ समाज के बीच कार्य कर रहे हैं और यही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश के विकास और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।कार्यक्रम के अंत मे सोनपुर पटेल नगर निवासी रंजन सिंह के पुत्री लक्ष्मी सिंह को भारतीय सेना के महिला सैन्य पुलिस चयन होने पर विधायक जी ने अंग वस्त्र से सम्मानित कर बच्ची को हौसला बढ़ाया। धन्यवाद ज्ञापन मण्डल महामंत्री ज्ञानसागर सिंह ने किया। राष्ट्रीय गीत जनगण मन से कार्यक्रम का समापन किया गया। मौके पर नरेश सिंह सुनील दुबे, शशिभूषण सिंह, महेश कुमार, संजीव कुमार सिंह, राजेश सिंह सोलंकी, सत्येन्द्र नारायण सिंह, राजीव मुनमुन, दिव्यांशु गौतम, अरुण कुमार सिंह, राजन दास, अभिमन्यु सिंह, अनीता सिंह, ष्णानंद सिंह, कांति देवी, अनवर अली, मिर्त्युजय सिंह, राहुल कुमार सिंह, दुर्गा दास, राजु सिंह, अजय तिवारी सहित कार्यकर्त्ता शामिल हुए।



कार्यक्रम में उपस्थित भाजपाई।

### मंडल रेल प्रबंधक ने हाजीपुर स्टेशन का किया गहन निरीक्षण

**सोनपुर (एनएसबी)** यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा रेलवे अवसंरचना के विकास कार्यो की प्रगति का जायजा लेने के उद्देश्य से आज दिनांक 14 जून 2026 को सोनपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री अमित सरन द्वारा हाजीपुर स्टेशन का गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने स्टेशन परिसर की स्वच्छता व्यवस्था, यात्री सुविधाओं, प्रतीक्षालय, बुकिंग कार्यालय, पार्किंग क्षेत्र, फुट ओवर ब्रिज, प्लेटफर्मो की स्थिति तथा स्टेशन के विभिन्न परिचालन एवं वाणिज्यिक क्षेत्रों का अवलोकन किया। उन्होंने यात्रियों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं सुगम यात्रा अनुभव उपलब्ध कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत हाजीपुर स्टेशन पर चल रहे पुनर्विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्यो की भी विस्तृत समीक्षा की। निर्माण कार्यो की प्रगति का निरीक्षण करते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी एजेंसियों को सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने यह सुनिश्चित करने पर बल दिया कि निर्माण कार्यो के दौरान यात्रियों की सुविधाओं एवं सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए। मंडल रेल प्रबंधक ने स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं के रखरखाव, साफ-सफाई की व्यवस्था तथा विभिन्न विभागों के बीच समन्वय को और अधिक सुढ़ बनाने पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को नियमित निगरानी एवं प्रभावी कार्यान्वयन के माध्यम से स्टेशन के समग्र विकास को गति देने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत हाजीपुर स्टेशन को आधुनिक सुविधाओं, बेहतर यात्री सेवाओं तथा आकर्षक स्टेशन अवसंरचना से सुसज्जित किया जा रहा है, जिससे यात्रियों को भविष्य में और अधिक सुविधाजनक एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्राप्त होंगी।निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री धीरज कुमार सहित मंडल के विभिन्न शाखा अधिकारी एवं संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।



निरीक्षण करते अधिकारी।

## संक्षिप्त खबरें

### रक्तदाता सम्मान समारोह और स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन



**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** विश्व रक्तदाता दिवस पर भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी भोजपुर जिला इकाई द्वारा संचालित रेड क्रॉस ब्लड सेंटर आरा में रक्तदाता सम्मान समारोह एवं स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। इस वर्ष विश्व रक्तदाता दिवस का स्लोगन 'मानवता के लिए एक बूंद आप रक्तदान दें और दूसरे के जीवन को सुरक्षित करे' था। वित्तीय वर्ष 1 अप्रैल 2025 से 14 जून 2026 तक के बीच स्वैच्छिक रक्तदान करने वाले ऐसे रक्तदाता जिन्होंने पूरे वर्ष में चार बार, तीन बार, दो बार, लगातार रक्तदान किया, उनको सम्मानित किया गया। कुल 15 संस्थाओं को भी सम्मानित किया गया। आज रक्तदान करने वाले 25 रक्तदाताओं को सम्मानित किया गया। अध्यक्षता डॉ. वीरेंद्र प्रताप सिंह ने की। मुख्य अतिथि सहायक निबंधन पदाधिकारी सुश्री रुचि शर्मा ने बताया कि निबंधन कार्यालय ने भी कल रक्तदान शिविर का आयोजन किया था, जिसमें कुल 16 रक्तदाताओं ने रक्तदान दिया और इस महादान के लिए हम लोग आने वाले समय में भी एक मेगा कैंप लगाने का प्रयास कर रहे हैं। डॉ. दिनेश प्रसाद सिन्हा ने रक्तदान की प्रक्रिया और उससे होने वाले लाभ के बारे में बृहद रूप से जानकारी दी। भुवन पांडेय, सुनील पांडेय, संरक्षक मजहर हसनैन, वरिष्ठ सदस्य राम कुमार सिंह, अवधेश पांडेय, डॉ. विजय गुप्ता ने भी समारोह को संबोधित किया। कार्यक्रम में उप संरक्षक कृष्ण माधव अग्रवाल, संजीव गुप्ता, मनोज कुमार गुप्ता, गुप्तेश्वर सिंह आदि थे। संचालन सचिव डॉ. विभा कुमारी एवं धन्यवाद ज्ञापन अशोक शर्मा ने किया। आज के रक्तदाताओं में रुपाली कुमारी, राकेश कुमार तिवारी, बिट्टू कुमार, प्रिंस पासवान, अभिनव कुमार, रुपेश कुमार श्रीवास्तव, अमन कुमार, धनोज कुमार केवट, विशाल कुमार सिंह, अमरजीत कुमार, रवि सिंह, सोनू कुमार सिंह, विकास कुमार, नरेंद्र कुमार सिंह, रवि नंदन सिंह, सुनील कुमार, अंकित कुमार सिंह आदि शामिल थे।

### चोरी की बाइक के साथ युवक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** सहजौली-लिलारी मोड़ के समीप से चोरी की बाइक के साथ युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवक थाना क्षेत्र के होरिल छपरा गांव निवासी अमरजीत चौधरी है। थानाध्यक्ष राजेश मालाकार ने बताया कि पुलिस को चोरी की बाइक के संबंध में सूचना मिली थी, जिसके आधार पर छापेमारी की गई। बाइक बरामद की गई।

### आर्ट फिस्टा समर कैंप में घरानेदार बंदिशों की तालीम



**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** शिवादी द्वारा आयोजित 12 दिवसीय कार्यशाला में अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार पंडित रामप्रकाश मिश्र ने घरानेदार बंदिशों की शिक्षा दी। अवसर था आर्ट फिस्टा समर कैंप का। इस समर कैंप में बनारस घराने के विद्वान गायक पंडित मिश्र ने कहा कि शास्त्रीय संगीत में साधना एवं गुरु के द्वारा दी हुई शिक्षा के संयोग से ही एक कलाकार का सृजन होता है। गुरु विदुषी बिमला देवी ने कहा कि समय समय पर सांगीतिक कार्यशाला होने से कला में प्रवाह की स्थिति बनी रहती है। कार्यशाला के माध्यम से नई रचनाओं का सृजन होता है। प्रशिक्षुओं की रचनात्मक अभिव्यक्ति के लिए कार्यशाला एवं महत्वपूर्ण प्लेटफॉर्म है। इस सत्र में गुरु मिश्र ने राग दरबारी में छोटा ख्याल की बंदिश किन बैरन कान भरे की तालीम देते हुए राग की बढ़त, तान के प्रकार एवं स्वरों के विस्तार का अभ्यास करवाया। प्रशिक्षुओं ने गुरु मिश्र द्वारा एकताल में तराना भी सीखा। कैंप में अजीत पांडेय, नीतीश पांडेय, रोहित कुमार, रौशन कुमार, अमित कुमार, पिंटू कुमार, सोनी जैन, श्रेया पांडेय, आकांक्षा, आरोही, चांदनी, सागर ने शास्त्रीय गायन का प्रशिक्षण लिया। इस अवसर पर संयोजक गुरु बक्शी विकास ने कहा कि समापन सत्र में पंडित मिश्र के निर्देशन में सभी प्रशिक्षुओ की प्रस्तुति होगी। इस सत्र में शास्त्रीय संगीत का विशेष कार्यक्रम होगा, जिसमें राष्ट्रीय स्तर के कलाकार शिरकत करेंगे। इस अवसर पर प्रशिक्षुओं ने गुरु मिश्र का गुरु पूजन कर अभिनंदन किया। संचालन आदित्या श्रीवास्तव व धन्यवाद ज्ञापन गुरु बक्शी विकास ने किया।

# दानिश के अंतिम संस्कार में शामिल हुए जनप्रतिनिधि, प्रशासन ने दी श्रद्धांजलि

दैनिक नवसंदेश





**आरा/कोईलवर।** असम में हुए वायुसेना के जहाज क्रैश मे भोजपुर जिले के कायमनगर के जवान के शहीद होने की खबर से जिलाभर में मातम छा गया। रविवार को शहीद का पार्थिव शरीर कायमनगर पहुंचते ही क्षेत्र के जनता, नेता आदि सभी पहुंचने लगे। बड़हरा विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष दुर्गा राज, जिला उपाध्यक्ष ई. धीरेन्द्र सिंह, सूर्यकांत पांडेय, मीडिया प्रभारी संजय कुमार सिंह आदि नेता शहीद के सुपुर्द ए खाक के समय अंतिम दर्शन करने पहुंचे।

बड़हरा विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने क्षेत्र के जवान दानिश आलम के शहीद होने पर दुख प्रकट करते हुए कहा कि दानिश वीर जवान था। आज उसने देश के लिए सर्वश्रेष्ठ बलिदान दिया है। क्षेत्र सहित भोजपुर जिला के सभी लोगों को अपने वीर शहीद पर फख्र है। उन्होने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया एवं दुख की घड़ी मे साथ देने की बात कही।

इधर, भोजपुर जिले के कोईलवर प्रखंड निवासी वायु अग्निवीर शहीद दानिश आलम के पार्थिव शरीर के आगमन पर जिला पदाधिकारी तनय सुलतानिया ने पुष्प माला अर्पित कर उन्हें

**कोईलवर प्रखंड के कायमनगर में किया गया सुपुर्द ए खाक**

भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। ज्ञातव्य है कि असम में हुए विमान हादसे में वायु अग्निवीर दानिश आलम का दुःखद निधन हो गया था। उनके पार्थिव शरीर के गृह जनपद पहुंचने पर जिला प्रशासन एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने नम आँखों से उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित की। जिला पदाधिकारी ने कहा कि शहीद दानिश आलम का सर्वोच्च बलिदान राष्ट्र के प्रति उनकी निष्ठा, समर्पण एवं कर्तव्यपरायणता का प्रतीक है। उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा तथा युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बना रहेगा। जिला प्रशासन की ओर से परिजनों को हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया गया।

# ट्रक और स्कॉर्पियो की भिड़ंत में पूर्व मुखिया समेत तीन जख्मी

दैनिक नवसंदेश



**आरा।** सारण (छपरा) जिले के डोरीगंज थाना क्षेत्र के छपरा पुल पर रविवार की दोपहर ट्रक एवं स्कॉर्पियो की सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतना जबरदस्त था कि स्कॉर्पियो का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में स्कॉर्पियो सवार पूर्व मुखिया उपेन्द्र सिंह समेत तीन लोग जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों के सहयोग से जख्मी पूर्व मुखिया, उनके पुत्र एवं साढ़ू को सदर अस्पताल लाया गया।

जख्मियों में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के अलीपुर गांव निवासी स्व. हरिशंकर सिंह के 55 वर्षीय पुत्र सह हसनपुरा पंचायत के पूर्व मुखिया उपेंद्र सिंह, उनका 28 वर्षीय पुत्र करण कुमार एवं बिहिया थाना क्षेत्र के मखदुमपुर गांव निवासी शंकर सिंह के 42 वर्षीय पुत्र व उनके साढ़ू शंभू सिंह शामिल हैं। पूर्व मुखिया उपेंद्र

**डोरीगंज पुल पर रविवार की दोपहर में घटी घटना**

सिंह ने बताया कि परिवार के साथ स्कॉर्पियो द्वारा नेपाल के पशुपति नाथ मंदिर में दर्शन करने के लिए जा रहे थे। जैसे ही वे डोरीगंज थाना क्षेत्र के छपरा पुल पर पहुंचे, तो विपरीत दिशा से ट्रक आ रहा था। तभी उनके द्वारा हॉर्न बजाकर उसे रोकने के लिए इशारा भी किया गया। लेकिन ट्रक आकर ने उनके स्कॉर्पियो में सीधा टक्कर मार दी जिससे स्कर्पियो का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में वह, उनका पुत्र करण कुमार एवं साढु शंभू सिंह जख्मी हो गए जबकि अन्य लोग बाल-बाल बच गए। जख्मी पूर्व मुखिया उपेंद्र सिंह ने कहा किआरा-छपरा फोरलेन पर महाजाम होने के कारण जिला एवं पुलिस प्रशासन के लापरवाही है।

### वाहन ने पूर्व मुखिया पुत्र को रौंदा, मौत

**आरा/बड़हरा (दैनिक नवसंदेश)।** बड़हरा थाने के हाजीपुर गांव स्थित छोटकी पुल के समीप शनिवार की देर शाम अज्ञात वाहन ने बाइक सवार पूर्व मुखिया पुत्र को रौंद दिया। सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मृतक बड़हरा थाना के हाजीपुर गांव निवासी बखोरापुर पंचायत के पूर्व मुखिया योगेंद्र सिंह का 32 वर्षीय पुत्र राज सिंह उर्फ टिंकू सिंह है। रेलवे के आईआरसीटीसी के जोमैटो में वह डिलीवरी ब्वाय का काम करता था। मृतक के परिजन ने बताया कि वह बाइक से गांव से आरा स्टेशन जा रहा था। उसी दौरान हादसा हो गया। मृतक दो भाई व दो बहन में तीसरे स्थान पर था। परिवार में पत्नी रुचि देवी व दो पुत्र ऋषभ एवं रिदम हैं।

### सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद छापा लाइसेंसी राइफल और 25 जिंदा कारतूस बरामद

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** आयर थाने की पुलिस ने सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद छापेमारी कर देशी राइफल एवं 25 जिंदा कारतूस बरामद किया। हालांकि आरोपी मौके से फरार हो गया। फरार आरोपी आयर थाना क्षेत्र का कुसुम्हा गांव निवासी कृष्णकांत सिंह है। पुलिस अधीक्षक राज के अनुसार कुछ दिन पूर्व कृष्णकांत सिंह एवं उनके पट्टीदार में झगड़ा हुआ था। इस दौरान कृष्णकांत सिंह ने अपने पिता का लाइसेंसी हथियार लहराकर पट्टीदार को धमकाया था। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसके बाद पुलिस ने कृष्णकांत सिंह के घर पर छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने उसके घर से लाइसेंसी राइफल एवं 25 जिंदा कारतूस बरामद किया। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। थानाध्यक्ष वंदना कुमारी ने बताया कि शनिवार को पुलिस को वायरल वीडियो प्राप्त हुई थी। सत्यापन के उपरांत छापेमारी की गयी। पुलिस हथियार का लाइसेंस रद्द करने का प्रस्ताव भेज रही है।

### अंग्रेजी शराब के साथ यूपी का तस्कर गिरफ्तार, बाइक जब्त

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** पुलिस ने भीमपट्टी काली मंदिर के समीप से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब के साथ उत्तर प्रदेश के एक धंधेबाज को गिरतार किया है। उसके पास से एक मोटरसाइकिल भी जब्त की है। थाना प्रभारी कन्हैया कुमार ने बताया कि गिरतार की पहचान उत्तर प्रदेश निवासी 48 वर्षीय अजय गुप्ता के रूप में हुई है। पुलिस ने छापेमारी कर उसे दबोच लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से विभिन्न ब्रांडों की कुल 165 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई। साथ ही शराब ढोने में प्रयुक्त एक ग्लैमर मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है।

# भोजपुर के 9,645 कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं के घर होंगे सौर ऊर्जा से रोशन



**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुत बिजली योजना के अंतर्गत भोजपुर के 9,645 कुटीर ज्योति परिवारों के घरों पर रूफटप सौर उर्जा संयंत्र स्थापना कार्य का शुभारंभ राज्य में रुपये 1,27803 करोड़ की 140 उर्जा परियोजनाओं का शिलान्यास, कार्यारंभ एवं लोकार्पण स्वच्छ उर्जा, सुढ़ विद्युत अवसंरचना एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि भोजपुर जिला सहित पूरे बिहार के उर्जा क्षेत्र के लिए आज का दिन अत्यंत महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक रहा। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा वीडियो कन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के विभिन्न जिलों में उर्जा क्षेत्र की महत्वपूर्ण योजनाओं का शिलान्यास, कार्यारंभ एवं लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री सूर्य घर मुत बिजली योजना के अंतर्गत बिहार के 250 लाख कुटीर ज्योति परिवारों के घरों पर रूफटप सौर उर्जा संयंत्र स्थापित करने की महत्वाकांक्षी योजना का शुभारंभ किया गया, जिसकी कुल लागत 1,512 करोड़ है। इसी क्रम में भोजपुर जिले के 9,645 पात्र कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं के घरों पर सौर उर्जा संयंत्रों के अधिष्ठापन कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया। यह योजना राज्य सरकार एवं भारत सरकार की उस दूरदर्शी सोच का हिस्सा है, जिसके माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को स्वच्छ, सस्ती एवं सतत उर्जा उपलब्ध कराते हुए उन्हें उर्जा आत्मनिर्भर बनाया जा सके। योजना के शुभारंभ के अवसर पर उदवंतनगर प्रखंड की बामपाली पंचायत अंतर्गत ग्राम अख्तियारपुर (बड़कागांव) में मोतिझारो कुंवर, अमीरचंद राम, मिंता देवी, शकुंतला देवी एवं देवमुनि देवी के आवासों पर निःशुल्क रूफटप सौर

**ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में भोजपुर का ऐतिहासिक कदम**

उर्जा संयंत्र स्थापित कर योजना का प्रथम चरण प्रारंभ किया गया। अवधेश नारायण सिंह, सभापति, बिहार विधान परिषद सुदामा प्रसाद, सांसद भगवान सिंह कुशवाहा मंत्री, विधायक, संजय सिंह टाइगर, मंत्री, जीवन कुमार, विधान पार्षद, सोनू कुमार, राघवेंद्र प्रताप सिंह, विधायक, राधाचरण साह, महेश पासवान, जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया, उप विकास आयुक्त विद्युत अधीक्षण अभियंता, वरीय प्रबंधक विद्युत कार्यपालक अभियंता, आरा एवं जगदीशपुर, सभी सहायक विद्युत अभियंता, कनीय विद्युत अभियंता, आईटी प्रबंधक तथा विभाग के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मोदी सरकार के 12 वर्ष बेमिसाल प्रदर्शनी का शुभारंभ



**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा केन्द्र में मोदी सरकार के 12 साल सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर जिले भर मे विभिन्न कार्यक्रम हो रहा है। उसी कार्यक्रम के अंतर्गत मोदी सरकार के 12 साल बेमिसाल प्रदर्शनी का उदघाटन रविवार को बड़हरा विधायक सह पूर्व मंत्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने फीता काटकर किया। जिलाध्यक्ष दुर्गा राज के नेतृत्व में प्रदर्शनी का अवलोकन बड़हरा विधायक सहित जिला पदाधिकारियों ने किया। उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि बड़हरा विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत की ओर अग्रसरित है। इन 12 वर्षो में देश हर विभाग मे विकास किया है।समाज के सभी वर्गो का विकास हुआ है। आज नरेन्द्र मोदी विश्वस्तरीय नेता में स्थापित हो चुके है।भारतीय सभ्यता, संस्ंति एवं विरासत को आगे बढाने का काम हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी कर रहे है। जिलाध्यक्ष दुर्गा राज ने कहा कि मोदी जी का 12 सालो का काल सुशासन, आत्मनिर्भर, गरीब कल्याण एवं विकसित भारत को बनाने वाला है। उन्होने कहा कि प्रदर्शनी 14 से 16 जून तक प्रदर्शित होगा। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष ईंधीरेन्द्र सिंह, सूर्यकांत पांडेय, ज्योति प्रकाश कुशवाहा, संतोष चंद्रवंशी, संजय कुमार सिंह,सुनील श्रीवास्तव आदि शामिल थे।

### प्रो. संजय बने वीर कुंवर सिंह विवि स्नातकोत्तर भूगोल विभाग के अध्यक्ष



**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** वीर कुंवर सिंह विवि ने स्नातकोत्तर भूगोल विभाग के अध्यक्ष पद पर प्रो. संजय कुमार की नियुक्ति की है। इसके पूर्व प्रो. कुमार महाराजा कॉलेज स्नातकोत्तर भूगोल विभाग के अध्यक्ष थे। इस पद का दायित्व मिलन पर उन्हें पूर्व सिनेटर मुनमुन तिवारी, महाराजा कॉलेज की प्रधानाचार्या प्रो. कनक लता कुमारी, पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. आलोक कुमार, डॉ. भीम सिंह भवेश, पटना विवि के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. विश्वनाथ प्रसाद सिंह, मगध विवि के पूर्व प्रति कुलपति प्रो. कार्यानंद पासवान, विनोवा भावे विवि हजारीबाग के प्रो. कमला प्रसाद, डॉ. सरोज कुमार, रांची विवि की डॉ. सुप्रिया, दिल्ली विवि के डॉ. दिलीप कुमार, प्रो. श्याम जी किंची, उत्तराखंड विवि के प्रो. आशुतोष सिंह, महिला कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो. नरेंद्र कुमार पालित, ब्रजेश वर्मा, आलोक रंजन, प्रो. अनूप कुमार सिंह सहित कई शिक्षक और विद्यार्थियों ने बधाई दी है।

# धर्मावती पर पुल बना विकास की नई कड़ी, आवागमन होगा सुगम

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** शाहपुर प्रखंड के सहजौली एवं हिरखी पिपरा गांव के बीच धर्मावती नदी पर नवनिर्मित पुल का उद्घाटन सोमवार को पूर्व विधायक राहुल तिवारी उर्फ मंटू तिवारी करेंगे। लगभग 15 लाख रुपये की लागत से निर्मित यह पुल क्षेत्र के लोगों के लिए आवागमन की बड़ी सुविधा लेकर आया है। स्थानीय लोगों के अनुसार पुल के निर्माण से आसपास के दर्जनों गांवों की करीब डेढ़ लाख से अधिक आबादी को सीधा लाभ मिलेगा। बरसात के दिनों में धर्मावती नदी पार करने में लोगों को काफी परेशानी होती थी। जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापारिक गतिविधियां प्रभावित होती थीं। पुल बनने से इन समस्याओं का काफी हद तक समाधान हो जाएगा।इस पुल के शुरू होने के बाद क्षेत्र के प्रमुख मत्स्य उत्पादन केंद्र सुहियां भागड़ तक पहुंचने की दूरी लगभग 15 किलोमीटर से घटकर मात्र छह किलोमीटर रह जाएगी। इससे मछली व्यवसाय से जुड़े लोगों को समय और परिवहन लागत दोनों में राहत मिलेगी।वहीं धर्मावती नदी के किनारे बड़े पैमाने पर सब्जियों व मटर छेमी की खेती की जाती है। अब तक किसानों को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने में अधिक खर्च वहन करना पड़ता था। पुल के चालू होने से परिवहन लागत में उल्लेखनीय कमी आएगी और किसानों को बेहतर आर्थिक लाभ मिलने की उम्मीद है। बताया जाता है कि यह पुल पूर्व विधायक राहुल तिवारी के विधायक निधि से निर्मित कराया गया है। क्षेत्र के लोगों ने पुल निर्माण को विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए खुशी जाहिर की है। उद्घाटन समारोह को लेकर ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है।

# सेविकाएं छह माह से बिना मानदेय दे रहीं अपनी सेवाएं

**शाहपुर (दिलीप कुमार ओझा/दैनिक नवसंदेश)।** जिले की आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं को पिछले छह माह से मानदेय का भुगतान नहीं होने से आर्थिक संकट गहराता जा रहा है। नाराज सेविका-सहायिकाओं ने जल्द भुगतान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। जिले के 14 प्रखंडों तथा आरा शहरी क्षेत्र को मिलाकर बाल विकास की कुल 15 परियोजनाएं संचालित हैं। इन परियोजनाओं के अंतर्गत 226 ग्राम पंचायतों में 2991 आंगनबाड़ी केंद्र कार्यरत हैं। कुल 5982 सेविका-सहायिकाएं मानदेय भुगतान में देरी से प्रभावित हैं। शाहपुर

**शत प्रतिशत खातों से आधार लिंक होने के बाद ही मिलेगा मानदेय : डीपीओ**

आंगनबाड़ी सेविका संघ की प्रखंड अध्यक्ष गीता पांडे ने कहा कि छह माह से भुगतान नहीं होने के कारण कई सेविकाओं को कर्ज लेकर घर का खर्च चलाना पड़ रहा है। आइसीडीएस की जिला प्रोग्राम पदाधिकारी रीना श्रीवास्तव ने बताया कि अभी तक बहुत सारी सेविकाओं व सहायिकाओं का आधार कार्ड खाते से लिंक नही हो पाया है। शत प्रतिशत आधार से लिंक होने के बाद ही मानदेय मिल पायेगा।

# भोजपुरी लोक कला पिड़िया पेंटिंग को मिला जीआई टैग



**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** भोजपुरी भाषा भाषी क्षेत्र की लोक कला पिड़िया पेंटिंग बिहार की लोक चित्रकला की एक विशिष्ट शैली है, जिसे मुख्यतः महिलाएँ पारंपरिक पर्व-त्योहारों और सामाजिक अवसरों पर बनाती रही हैं। इस कला में प्रा़तिक रंगों एवं पारंपरिक प्रतीकों के माध्यम से लोक जीवन, पारिवारिक संबंधों, धार्मिक आस्थाओं तथा ग्रामीण संस़्ति का सजीव चित्रण किया जाता है। इन उत्पादों को "जीआई" टैग प्राप्त होने से भोजपुरी कला पिड़िया को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलेगी। इससे स्थानीय कलाकारों को रोजगार एवं आय के नए अवसर सृजित होंगे। साथ ही, यह उपलब्धि 'वोकल फर लोकल' और 'आत्मनिर्भर भारत' जैसे अभियानों को भी सशक्त बनाएगी। "जीआई" टैग किसी उत्पाद की विशिष्टता, गुणवत्ता और भौगोलिक पहचान को कानूनी संरक्षण प्रदान करता है। जीआई टैग प्रदान करने का कार्य भौगोलिक संकेतक रजिस्ट्री, चेन्नई द्वारा किया जाता है। यह उपलब्धि बिहार की सांस़्तिक धरोहर के संरक्षण तथा राज्य के पारंपरिक उद्योगों को प्रोत्साहन देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर सिद्ध होगी। सर्जना न्यास के अध्यक्ष वरिष्ठ चित्रकार संजीव सिन्हा ने बताया कि जीआई टैग मिलना एक लंबी प्रक्रिया है। सर्जना न्यास ने इसके लिए पिछले वर्ष ही अप्लाई किया था। विभिन्न स्तर पर जांच और हियरिंग होने के बाद जीआई टैग प्राप्त हुआ है। इस प्रक्रिया में नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक गौतम कुमार सिंह, भोजपुर के पूर्व प्रबंधक रंजीत सिन्हा और वाराणसी के पद्मश्री ड़ रजनीकांत की भूमिका रही। सर्जना न्यास से जुड़े कलाकारों, सहयोगियों, शुभचिंतकों की भूमिका अहम रही। जीआई टैग मिलने से बिहार की सांस़्तिक पहचान तो बनेंगी, साथ हजारों कलाकारों की आजीविका भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि इन उत्पादों को जीआई टैग प्राप्त होना, केवल एक उपलब्धि नहीं, बल्कि एक नई संस़्ति यात्रा की शुरुआत होगी।

**जीआई टैग प्राप्त होने से भोजपुरी कला को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिलेगी नई पहचान**

**संजीव सिन्हा बोले : जीआई टैग प्राप्त होने से एक नई संस्कृति यात्रा की होगी शुरुआत**

## संक्षिप्त खबरें

### मध्य निषेध सिपाही भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण निष्पक्ष एवं कला कर मुक्त संपन्न



**अरवल (एनएसबी)।** बिहार पुलिस मद्यनिषेध सिपाही भर्ती परीक्षा के शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्रों पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं सुरक्षा बलों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया परीक्षा के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने, अभ्यर्थियों को सुगम एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता एवं कदाचार पर प्रभावी नियंत्रण रखने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को सतर्क एवं सक्रिय रहने का निर्देश दिया गया। परीक्षा केंद्रों एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखी जा रही है। साथ ही, संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों पर विशेष नजर रखते हुए सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। परीक्षा को पूर्णतः पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए अरवल पुलिस द्वारा सभी आवश्यक सुरक्षा एवं प्रशासनिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

### मानिकपुर थाना की पहली महिला थानाध्यक्ष को भाजपा नेताओं ने किया स्वागत

**कुर्था (एनएसबी)** मानिकपुर थाना में नवपदस्थापित थानाध्यक्ष स्मिता उपाध्याय का भाजपा नेताओं द्वारा स्वागत किया गया। इस मौके पर भाजपा जिला मंत्री



संगीता कुशवाहा ने उन्हें अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर संगीता कुशवाहा ने कहा कि मानिकपुर थाना के इतिहास में पहली बार किसी महिला अधिकारी को थानाध्यक्ष बनने का अवसर मिला है, जो पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। उन्होंने विश्वास जताया कि स्मिता उपाध्याय के नेतृत्व में महिलाओं को न्याय और सम्मान मिलेगा तथा क्षेत्र में कानून-व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि महिला नेतृत्व से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है और लोगों का विश्वास भी बढ़ता है। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरेंद्र सिंह ने कहा कि महिलाओं का सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने उम्मीद जताई कि नई थानाध्यक्ष निष्पक्ष एवं संवेदनशील कार्यशैली के माध्यम से क्षेत्र में शांति, सौहार्द और कानून का राज स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। वही इस मौके भाजपा नेता आशुतोष कुमार नवपदस्थापित थानाध्यक्ष को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की। भाजपा नेताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में मानिकपुर थाना क्षेत्र में अपराध नियंत्रण, महिला सुरक्षा और जनसुनवाई की व्यवस्था और अधिक प्रभावी होगी।

### निसरपुरा घटना स्थल पहुंचे मगध क्षेत्र के आईजी विकास वैभव दोषियों पर त्वरित कार्रवाई के दिए निर्देश

**जहानाबाद (एनएसबी)।** भेलावर थाना कांड संख्या-194/26 के अंतर्गत ग्राम निसरपुरा में हुई घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस महानिरीक्षक



(आईजी), मगध क्षेत्र, गया श्री विकास वैभव ने रविवार को घटनास्थल का दौरा किया। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा स्थानीय ग्रामीणों से सीधे संवाद स्थापित कर घटना के संबंध में फीडबैक लिया। ग्रामीणों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए आईजी ने आश्वस्त किया कि मामले की निष्पक्ष एवं गहन जांच सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने उपस्थित पुलिस अधिकारियों को कानून-व्यवस्था हर हाल में बनाए रखने, पीड़ित पक्ष को आवश्यक सुरक्षा उपलब्ध कराने तथा दोषियों के विरुद्ध त्वरित एवं विधिसम्मत कार्रवाई करने के स्पष्ट निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक, जहानाबाद, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सदर) एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (घोषी) भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने क्षेत्र की स्थिति का जायजा लेते हुए शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की।

### गरीबी और दुर्घटना से संघर्ष कर बने सफल उद्यमी, PMEGP योजना ने बदली जिंदगी देवकांत पाण्डेय की


**जहानाबाद (एनएसबी)।** सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से जहानाबाद जिले के लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आ रहा है। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (PMEGP) के माध्यम से जिले के बभना गांव निवासी श्री देवकांत पाण्डेय ने कठिन परिस्थितियों को मात देकर आत्मनिर्भरता की नई मिसाल कायम की है। एक समय ऐसा था जब श्री पाण्डेय के परिवार के पास आय का कोई स्थायी स्रोत नहीं था। बेहतर आजीविका की




तलाश में वे बिहार से बाहर एक निजी कंपनी में कार्य करते थे और उसी आय से अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। लेकिन एक सड़क दुर्घटना में उनका पैर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसके बाद बाहर जाकर नौकरी करना उनके लिए लगभग असंभव हो गया। इससे परिवार के समक्ष आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया। विपरीत परिस्थितियों में भी उन्होंने हार नहीं मानी और स्वरोजगार का मार्ग चुना। इसी दौरान उन्हें जिला उद्योग केंद्र, जहानाबाद के माध्यम से प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (PMEGP) की जानकारी मिली। अधिकारियों के मार्गदर्शन एवं सहयोग से उन्होंने योजना के तहत आवेदन किया और ₹10 लाख की वित्तीय सहायता प्राप्त कर से स्लीपर एवं सैंडल निर्माण इकाई की स्थापना की। आज उनका यह उद्यम सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है। आधुनिक डिजाइन के सैंडल एवं चप्पलों का निर्माण कर वे स्थानीय बाजार के साथ-साथ विभिन्न जिलों में आयोजित मेलों और प्रदर्शनियों में भी अपने उत्पादों का प्रदर्शन एवं विपणन कर रहे हैं। गुणवत्ता और मेहनत के बल पर उनके उत्पादों की मांग लगातार बढ़ रही है।

### मोदी सरकार के 12 वर्ष विकास, विश्वास और जनकल्याण की ऐतिहासिक यात्रा : शिवेश राम

**जहानाबाद (एनएसबी)।** जिला अतिथि गृह, जहानाबाद में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद शिवेश राम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्षों की विकास, सुशासन, सेवा और जनकल्याण की उपलब्धियों





पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष धीरज कुमार ने की। प्रेस वार्ता में प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं डिजिटल मीडिया के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। राज्यसभा सांसद शिवेश राम ने कहा कि वर्ष 2014 में देश की जनता ने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर विश्वास जताया था। वर्ष 2019 में पहले से अधिक जनादेश देकर उस विश्वास को मजबूत किया गया और वर्ष 2024 में लगातार तीसरी बार सरकार बनाकर जनता ने यह स्पष्ट कर दिया कि वह केवल वादों पर नहीं, बल्कि परिणामों पर विश्वास करती है। उन्होंने कहा कि यही जनविश्वास भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार शपथ ग्रहण करने के बाद सबसे पहले प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की फाइल पर हस्ताक्षर कर किसानों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का परिचय दिया।

# मुख्यमंत्री ने किया रूफटॉप सोलर योजना का शुभारंभ

## कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं के घरों पर लगेंगे रूफटॉप सोलर संयंत्र

**अरवल (एनएसबी)।** बिहार सरकार द्वारा गरीब एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को स्वच्छ, सस्ती एवं निर्बाध ऊर्जा उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत राज्य के 2.5 लाख कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं के घरों की छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने की योजना का शुभारंभ किया गया।

रविवार को अपराह्न 4:00 बजे विद्युत भवन, पटना से मुख्यमंत्री, बिहार द्वारा ऑनलाइन माध्यम से 1512 करोड़ रुपये की लागत से 2.5 लाख कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं के घरों पर रूफटॉप सोलर संयंत्र अधिष्ठापन कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर ऊर्जा क्षेत्र से संबंधित




कार्यक्रम में भाग लेते जिला पदाधिकारी व अन्य।

1278.03 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास, कार्यारंभ, उद्घाटन एवं लोकार्पण भी किया गया। अरवल जिले में आयोजित कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस, अपर समाहर्ता रवि प्रसाद चौहान ,जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों तथा विद्युत विभाग के पदाधिकारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम में सहभागिता की। योजना के अंतर्गत चयनित बीपीएल एवं कुटीर ज्योति श्रेणी के उपभोक्ताओं के घरों की छत पर 1.1 किलोवाट क्षमता का ग्रिड कनेक्टेड रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित किया जाएगा। लाभुकों को इसके लिए किसी प्रकार का शुल्क नहीं देना होगा। सोलर संयंत्र की स्थापना, संचालन एवं रखरखाव का कार्य चयनित एजेंसियों द्वारा किया जाएगा।इस सोलर संयंत्र से प्रत्येक लाभार्थी परिवार को प्रतिमाह औसतन 125 यूनिट बिजली उत्पादन का लाभ प्राप्त होगा। इससे घरेलू बिजली की आवश्यकता की पूर्ति आसान होगी तथा गरीब परिवारों के बिजली व्यय में कमी आएगी। साथ ही उन्हें स्वच्छ एवं पर्यावरण अनुकूल ऊर्जा का लाभ भी मिलेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि यह योजना न केवल गरीब परिवारों को ऊर्जा सुरक्षा प्रदान करेगी, बल्कि राज्य में अक्षय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने और पर्यावरण संरक्षण के लक्ष्य को भी मजबूती देगी। बिहार सरकार का उद्देश्य है कि अधिक से अधिक पात्र परिवारों तक इस योजना का लाभ पहुंचाकर उन्हें ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाया जाए तथा स्वच्छ ऊर्जा आधारित विकास को गति प्रदान की जाए।

## मोदी सरकार के 12 वर्षों में देश की तस्वीर और तकदीर बदली-जनक राम




पीसी करते भाजपा नेता।

**अरवल (एनएसबी)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा ह्ल12 साल बेमिसालह्व कार्यक्रम के तहत जिला अतिथि गृह, अरवल में मीडिया संवाद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में बिहार विधान परिषद सदस्य एवं पूर्व मंत्री जनक राम उपस्थित रहे। वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत जिला मंत्री सह मीडिया प्रभारी अमृत राज उपाध्याय ने प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारों का स्वागत कर की। इसके बाद उन्होंने मुख्य वक्ता जनक राम से कार्यक्रम को संबोधित करने का आग्रह किया। मीडिया संवाद को संबोधित करते हुए जनक राम ने केंद्र सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास और परिवर्तन की नई ऊंचाइयों को छुआ है। यह केवल एक सरकार का कार्यकाल नहीं, बल्कि देश की तस्वीर और तकदीर बदलने वाली ऐतिहासिक यात्रा रही है। उन्होंने जनधन योजना, आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत मिशन, मेक इन इंडिया और स्टार्टअप इंडिया जैसी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इनसे समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 में लगातार तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री चुनकर जनता ने विकास और सुशासन पर अपनी मुहर लगाई है। जनक राम ने कहा कि सरकार का मूल मंत्र ह्लसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयासह्व रहा है। केंद्र सरकार ने गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं के उत्थान के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं। उन्होंने दावा किया कि भारत आज विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है तथा रक्षा, डिजिटल तकनीक और अंतरिक्ष क्षेत्र में देश आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता किसान और ग्रामीण भारत हैं। कृषि एवं ग्रामीण विकास के क्षेत्र में पिछले 12 वर्षों में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं, जिससे किसानों की आय बढ़ाने और उनके जीवन स्तर में सुधार लाने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का लक्ष्य विकसित भारत का निर्माण करना है और इसी दिशा में लगातार नीतिगत निर्णय लिए जा रहे हैं।

मीडिया संवाद कार्यक्रम में भाजपा प्रवक्ता शंकर सहनी, जिला मंत्री अमृत राज उपाध्याय, राहुल वत्स, धनंजय रविदास, संजय गुप्ता, रविरंजन कुमार सहित कई पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से पार्टी ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया।

## स्पीडी ट्रायल चलाकर दोषियों को मिले कड़ी सजा : जदयू जांच टीम




**जहानाबाद (एनएसबी)।** भेलावर थाना क्षेत्र के निसरपुरा गांव में हुए चर्चित दोहरे हत्याकांड की जांच के लिए गठित जनता दल (यू) की जांच टीम ने रविवार को घटनास्थल का दौरा कर पीड़ित परिवार से मुलाकात की तथा उन्हें न्याय दिलाने का भरोसा दिया। टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के साथ ग्रामीणों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं मृतकों के परिजनों से विस्तृत बातचीत कर मामले की जानकारी प्राप्त की। जांच टीम के सदस्यों ने कहा कि यह घटना अत्यंत दुखद और गंभीर है। उन्होंने मांग की कि मामले में शामिल सभी आरोपितों के विरुद्ध स्पीडी ट्रायल चलाकर शीघ्र एवं कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि पीड़ित परिवार को समयबद्ध न्याय मिल सके। गांव से लौटने के बाद स्थानीय सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता में टीम के सदस्यों ने कहा कि कानून के शासन में अपराधियों के लिए कोई स्थान नहीं है। उन्होंने कहा कि दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी के साथ-साथ त्वरित न्यायिक प्रक्रिया अपनाकर उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जानी चाहिए। जांच दल ने यह भी कहा कि शिवम हत्याकांड के बाद यदि प्रशासनिक स्तर पर और अधिक त्वरित एवं प्रभावी कदम उठाए गए होते, तो संभवतः मुन्ना कुमार सिंह की हत्या जैसी दूसरी घटना को रोका जा सकता था। टीम ने कहा कि इस मामले से जुड़े सभी तथ्यों एवं परिस्थितियों का संकलन कर विस्तृत प्रतिवेदन पार्टी नेतृत्व को सौंपा जाएगा। पार्टी नेतृत्व के निर्देश पर गठित जांच दल में विधायक रामसेवक सिंह, पप्पू कुमार वर्मा, नागरिक परिषद के महासचिव वीरेंद्र सिंह दांगी, मुख्यालय प्रभारी वासुदेव कुशवाहा, गया के पूर्व जिलाध्यक्ष द्वारिका प्रसाद दांगी तथा जहानाबाद के पूर्व जिलाध्यक्ष दिलीप कुशवाहा शामिल थे। पूर्व जिलाध्यक्ष दिलीप कुशवाहा ने कहा कि राज्य सरकार अपराध नियंत्रण को लेकर गंभीर है और अपराधियों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि निसरपुरा दोहरे हत्याकांड में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को किसी भी परिस्थिति में बख्शा नहीं जाएगा।

जांच टीम के साथ गांव पहुंचने वालों में जदयू जिलाध्यक्ष सुशील कुमार सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष जयप्रकाश नारायण चंद्रवंशी, राजू पटेल, प्रखंड अध्यक्ष पप्पू दांगी, मधेश्वर यादव, मुरारी यादव, अरविंद कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि हत्याकांड में जान गंवाने वाले मुन्ना कुमार सिंह लंबे समय तक जनता दल (यू) से जुड़े रहे थे तथा उन्होंने पार्टी के पंचायत अध्यक्ष के रूप में भी सक्रिय भूमिका निभाई थी। उनके निधन से क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है।

## मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा में आर्यभट्ट शैक्षणिक संस्थान का शानदार प्रदर्शन, 13 छात्रों का हुआ चयन

**कुर्था (एनएसबी)।** राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा आयोजित मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा (कक्षा 8) में आर्यभट्ट शैक्षणिक संस्थान के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्थान एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। संस्थान की ओर से जारी जानकारी के अनुसार जिले के कुल 44 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ है, जिनमें आर्यभट्ट शैक्षणिक संस्थान के 13 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त कर अपना परचम लहराया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चयनित विद्यार्थियों में अरवल प्रखंड से 4, करपी से 5, कलेर से 8, कुर्था से 23 तथा वंशी प्रखंड से 8 छात्र-छात्राएं शामिल हैं। इनमें आर्यभट्ट शैक्षणिक संस्थान के 13 विद्यार्थियों ने सफलता हासिल कर संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता को एक बार फिर साबित किया है। संस्थान प्रबंधन ने सभी सफल विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि छात्रों की मेहनत, अभिभावकों के



परीक्षा देते छात्र।

विश्वास तथा शिक्षकों के सतत मार्गदर्शन का परिणाम है। संस्थान के संचालक अमरजीत कुमार ने बताया कि आर्यभट्ट शैक्षणिक संस्थान पिछले पांच वर्षों से कुर्था क्षेत्र में लगातार बेहतर शैक्षणिक परिणाम देने के लिए जाना जाता है। संस्थान का मुख्य उद्देश्य गरीब एवं दिव्यांग बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है। इसी उद्देश्य के तहत अनुभवी शिक्षकों द्वारा नियमित अध्ययन, टेस्ट, व्यक्तिगत मार्गदर्शन तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की विशेष तैयारी कराई जाती है। उन्होंने बताया कि मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा के लिए भी विद्यार्थियों को विशेष कक्षाओं के माध्यम से तैयार किया गया था, जिसका सकारात्मक परिणाम सामने आया है। संस्थान के निदेशक ने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता ही संस्थान की पहचान है और भविष्य में भी बच्चों को बेहतर शिक्षा एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाता रहेगा, ताकि वे अपने सपनों को साकार कर सकें।

## "जब तक सूरज-चांद रहेगा, शुभम तेरा नाम रहेगा"

**जहानाबाद (एनएसबी)।** आज जहानाबाद की धरती गर्व और गम के अनूठे संगम की साक्षी बनी। एक ओर अपने वीर पुत्र के शौर्य पर सीना गर्व से चौड़ा था, तो दूसरी ओर उसकी अंतिम विदाई में हजारों आंखें नम थीं। भारतीय वायु सेना के जांबाज अधिकारी फ्लाइट लेफ्टिनेंट शुभम कुमार ने मातृभूमि की रक्षा करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान देकर स्वयं को अमर कर लिया।





**जहानाबाद का वीर सपूत फ्लाइट लेफ्टिनेंट शुभम कुमार को अश्रुपूरित विदाई, राष्ट्र ने नमन किया अपने अमर वीर को**

वीर शहीद के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर पुलिस महानिरीक्षक, गया प्रक्षेत्र श्री विकास वैभव, जिला पदाधिकारी श्रीमती अलंकृता पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक श्री अपराजित लोहान, भारतीय वायु सेना के वरिष्ठ अधिकारियों तथा जिला प्रशासन के अधिकारियों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। पूरे वातावरण में भारत माता की जय और अमर शहीद शुभम कुमार अमर रहें के उद्घोष गूंजते रहे। सैनिक स्कूल कोरूकोंडा और राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खड़कवासला के मेधावी छात्र रहे शुभम कुमार ने 18 दिसंबर 2021 को भारतीय वायु सेना की नेविगेशन शाखा में फ्लाइंग नेविगेटर के रूप में अपनी सेवाएं प्रारंभ की थीं। अपने संक्षिप्त किंतु गौरवशाली सैन्य जीवन में उन्होंने साहस, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा का अद्वितीय परिचय दिया। उनकी अंतिम तैनाती असम के जोरहाट वायु सेना स्टेशन में थी, जहां वे महत्वपूर्ण एयर मेंटेनेंस अभियानों का हिस्सा थे। इस अवसर पर भारत सरकार के मंत्री जीतन राम मांझी, बिहार सरकार के मंत्री प्रमोद कुमार चंद्रवंशी, जहानाबाद के सांसद डॉ. सुरेंद्र प्रसाद यादव, पूर्व सांसद डॉ. अरुण कुमार, पूर्व सांसद डॉ. जगदीश शर्मा, जहानाबाद विधायक राहुल कुमार तथा घोषी विधायक श्रृतुराज कुमार सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। हजारों की संख्या में उपस्थित नागरिकों की आंखें नम थीं और पूरा जनसमूह एक स्वर में उदघोष कर रहा था— "जब तक सूरज-चाँद रहेगा, शुभम तेरा नाम रहेगा।"शहीद शुभम कुमार अपने पीछे पिता अमरेंद्र शर्मा, माता ओणम शर्मा और छोटे भाई अभिषेक कुमार को छोड़ गए हैं। किंतु आज पूरा जहानाबाद स्वयं को उनका परिवार मान रहा था।

जिला पदाधिकारी श्रीमती अलंकृता पाण्डेय ने कहा कि फ्लाइट लेफ्टिनेंट शुभम कुमार का बलिदान सदैव स्मरणीय रहेगा। उनका जीवन राष्ट्रभक्ति, साहस और कर्तव्यपरायणता का अनुपम उदाहरण है। आने वाली पीढ़ियाँ उनके जीवन से प्रेरणा प्राप्त करती रहेंगी। आज जहानाबाद ने केवल एक पुत्र को विदाई नहीं दी, बल्कि राष्ट्र रक्षा के लिए सर्वस्व न्योछावर करने वाले एक अमर नायक को अपनी अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित की। फ्लाइट लेफ्टिनेंट शुभम कुमार अब केवल एक नाम नहीं, बल्कि साहस, समर्पण और राष्ट्रप्रेम की वह अमर गाथा हैं, जिसे जहानाबाद की पीढ़ियाँ गर्व से सुनाती रहेंगी

## पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ता बिहार

**जहानाबाद (एनएसबी)।** स्वच्छ एवं नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में बिहार सरकार ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत राज्य के 2.5 लाख कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं के घरों की छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने की महत्वाकांक्षी योजना का शुभारंभ किया है। इस अवसर पर समाहरणालय, जहानाबाद स्थित सभा कक्ष में जिला पदाधिकारी श्रीमती अलंकृता पाण्डेय के निदेशानुसार आयोजित कार्यक्रम में संयुक्त सचिव सह अपर समाहर्ता, जिला लोक शिकायत निवारण कार्यालय, जहानाबाद श्री राजीव कुमार की उपस्थिति में माननीय मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा गया। राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री द्वारा 1,512 करोड़ रुपये की लागत से 2.5 लाख कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं के घरों की छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापना कार्य का शुभारंभ किया गया। साथ ही ऊर्जा क्षेत्र से संबंधित 1,278 करोड़ रुपये की विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन, लोकार्पण एवं कार्यारंभ भी किया गया। नई सरकार के गठन के 60 दिन पूर्ण



होने के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में बताया गया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को स्वच्छ, सस्ती और सतत ऊर्जा उपलब्ध कराना है। योजना के तहत लाभार्थियों के घरों पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए जाएंगे, जिससे बिजली खर्च में कमी आएगी तथा हरित ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा मिलेगा। जहानाबाद जिले में इस योजना के प्रथम चरण के अंतर्गत 3,163 कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं के परिसरों में सौर ऊर्जा संयंत्र लगाए जाने हैं। इसकी शुरूआत काको प्रखंड के कल्पा पंचायत अंतर्गत टाली गांव से हो चुकी है, जहां चार लाभार्थियों—श्री राजेश कुमार, श्रीमती संगीता देवी, श्री वारिस मियां एवं श्री राम पुकार—के घरों में सोलर संयंत्र स्थापित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त सोलर फीडर सोलराइजेशन स्कीम (कुसुम योजना) के अंतर्गत जिले के चरुई क्षेत्र में 7.7 मेगावाट तथा ओकरी में 2 मेगावाट क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजनाओं पर कार्य प्रगति पर है। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से कृषि एवं ग्रामीण क्षेत्रों में ऊर्जा आपूर्ति को नई मजबूती मिलेगी।